खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 02 मई 2025 । वर्ष –69 । अंक –166 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ इस बार कमंडल को चाहिए... ■ केरल में भाजपा की ईसाई... 04
■ इजरायल में जंगल में लगी आग ... ■ धमकी पर उतर आईं नवाज शरीफ की... 09
■ फ्री एटीएम ट्रांजेक्शन की लिमिट घटी ■ 'एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक' योजना लागू 11
■ गुजरात टाइटन्स... ■ हमें बल्लेबाजों से... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

गुजरात विरूद्ध हैदराबाद (अहमदाबाद) 7.30 शाम से

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह

## गृहमंत्री ने दी चेतावनी, किसी को नहीं छोड़ेंगे, चुन-चुन कर मारेंगे



- आतंकवाद के खात्मे तक लड़ाई जारी रहेगी
- हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की संभावित कार्रवाई से पाकिस्तान डरा हुआ है। इस बीच दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद और आतंकियों के आका को चेतावनी दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई कायराना हमला करके सोचता है कि ये उनकी जीत है तो वो समझ लें कि चुन-चुन कर बदला लेंगे। किसी को बखशा नहीं जाएगा।

कार्यक्रम के शुरुआत में गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा। केंदीय गृहमंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उनको सजा दी जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे उत्तर पूर्व हो, चाहे वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या चाहे कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया हो हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया है। इस देश की इंच-इंच जमीन से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा।

**आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति** –केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, मैं आज जनता को बताना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं उनके खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## पहलगाम हमले के दोषियों न्याय के कठघरे में लाएंगे : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों, षड्यंत्रकारियों और उन्हें सहयोग देने वालों को न्याय के कठघरे में हर हाल में लाया जाएगा। इस पर श्री रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डॉ. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात करने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उधर वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### गढ़ाकोटा में 3,219 नव दंपत्ति बंधे परिणय सूत्र में

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री

## कल्याणियों का पुनर्विवाह एक पवित्र कार्य



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म में सभी की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है।

विवाह में सिर्फ वर-वधु का विवाह नहीं बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामुहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटैल, सांसद सागर संसदीय क्षेत्र श्रीमती लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया ने भी नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र



### सामाजिक समरसता का महाकुंभ मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह : गोपाल भार्गव

कार्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुन्देलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्यादान महादान है, कन्यादान करने से मोक्ष प्राप्त होता है।

# भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को राहत, देश छोड़ने की समय सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने ऐसे लोगों को अगले आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय के इस आदेश में पिछले निर्देश को संशोधित किया गया है।

उसमें 30 अप्रैल तक की समयसीमा तय की गई थी। नवीनतम आदेश में कहा गया, आदेश की समीक्षा की गई और आंशिक संशोधन के साथ अब यह आदेश दिया जाता है कि पाकिस्तानी नागरिकों को उचित मंजूरी के साथ अगले आदेश तक अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी से भारत से पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जा सकती है।

केंद्र के निर्देश के बाद से छह दिनों में 55 राजनयिकों और उनके सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा पार करके भारत छोड़ चुके हैं। पाकिस्तान से 1,465 भारतीय भारत आए हैं।

**सार संक्षेप**

## सात्विक-चिराग को खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्टार भारतीय बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया। इस जोड़ी को पिछले साल प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की गयी थी, लेकिन मलेशिया ओपन सुपर 1000 के कारण वे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके।

## सर्वोदय परिवार की सदस्य डॉ. संघमित्रा देसाई का निधन

**सूरत, देशबन्धु।** सर्वोदय परिवार की वरिष्ठ सदस्य डॉ. संघमित्रा देसाई का 78 वर्ष की आयु में कल रात वेड़छी (सूरत) में हृदयाघात से निधन हो गया। वे महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे महादेव देसाई की पौत्री, प्रसिद्ध शांतिवादी चिंतक व गांधी कथा के प्रणेता नारायण भाई देसाई की पुत्री और दिवंगत पत्रकार नचिकेता देसाई व वरिष्ठ समाजवादी कार्यकर्ता अफलातून की बहन थीं। उनके परिवार में पति डॉक्टर सुरेंद्र गाडेकर और बेटी चारुस्मिता हैं। डॉ. संघमित्रा ने गुजरात की साम्प्रदायिक हिंसा में हुईं विधवाओं और प्राकृतिक रंगों से कपड़े रंगने वाले मुस्लिम रंगरेजों को रोजगार मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा परमाणु बिजली घरों के आसपास विकिरण से लोगों के स्वास्थ्य पर हुए दुष्प्रभाव का वैज्ञानिक सर्वे अपने जीवनसाथी भौतिकविद डॉ. सुरेंद्र गाडेकर के साथ किया था। इससे पहले 1971 के युद्ध के दौरान मेडिकल कॉलेज के अपने साथियों के साथ पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के शरणार्थियों के बीच भी सेवा कार्य किया था।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- अब कांग्रेस कह रही है कि सरकार जाति जनगणना की डेड लाइन बताए।

**चुहिया- हां प्रिये**- भारतीय राजनीति में इन दिनों कुछ ऐसा ही चल रहा है, एक झुनझुना पकड़ाता है, दूसरा बजाता रहता है।

# मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया



## मीडिया और मनोरंजन उद्योग के सभी लोग एक साथ आएंगे

**मुंबई, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में पहली बार वेव्स शिखर सम्मेलन (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का उद्घाटन किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के सभी लोग एक साथ आएंगे। इसका आयोजन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में किया जा रहा है। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के लोगों को मराठी में राज्य दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुजरातियों को भी राज्य की भाषा में शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, करीब 100 से अधिक देशों के निवेशक और नीति निर्माता एक छत के नीचे एकत्र हुए हैं। आज वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र के बीज यहां रोपे जा रहे हैं। डब्ल्यूएवीइएस (वेव्स) एक ऐसी लहर है जो सांस्कृतिकता और वैश्विक संपर्क का पुल है।

# जाति जनगणना की डेडलाइन बतानी होगी : कांग्रेस

## सरकार सिर्फ 575 करोड़ रुपए में कौन सी जनगणना कराएगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाति जनगणना कराने के ऐलान पर कांग्रेस ने कहा है कि अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे प्रधानमंत्री ने अचानक यह घोषणा कर सबको चौंका दिया है, लेकिन हेडलाइन में माहिर श्री मोदी को इसकी डेडलाइन भी बतानी होगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने कल सभी को कांग्रेस के सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तीकरण के एजेंडा से अवगत कराया है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का समर्थन किया, लेकिन यह भी कहा कि जाति जनगणना से श्री मोदी ने हेडलाइन तो दी है लेकिन इसमें डेडलाइन नहीं दी है। श्री मोदी की हेडलाइन पाने की इसी महारत को देखते हुए श्री गांधी ने मांग की है कि सरकार जातिगत जनगणना को लेकर पूरा रोडमैप सामने रखे।

- आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो : मांग

उन्होंने कहा, हमारी सरकार से तीन मांगे रही हैं। जातिगत जनगणना कराना, आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा ख़त्म करना और अनुच्छेद 15(5) को लागू करना शामिल है। हम छह साल से जनगणना का इंतज़ार कर रहे हैं और इससे पहले तो जाति शब्द का कोई जिक्र नहीं था, लेकिन कल अचानक जातिगत जनगणना की बात कह दी गई। जबकि 2025-26 के बजट में सेन्सस कमिश्नर के ऑफिस-जिसपर जनगणना करने की जिम्मेदारी होती है-उसे सिर्फ 575 करोड़ का बजट दिया गया है। इससे पहले ख़ुद दिसंबर 2019 में श्री मोदी देश को बता चुके हैं कि जनगणना कराने में 8,254 करोड़ का खर्च आएगा। ऐसे में सवाल है कि सरकार सिर्फ 575 करोड़ रुपए में कौन सी जनगणना कराएगी।

### पहले मांग करने वालों को कहते थे 'अर्बन नक्सल'

उन्होंने कहा, साल 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना का बहाना बनाकर यह काम नहीं किया गया। जबकि उस समय भी दुनिया के 50 से अधिक देशों ने जनगणना कराई थी। आज से एक साल पहले श्री मोदी टीवी इंटरव्यू पर कहा करते थे कि जो भी जातिगत जनगणना की बात करता है, वो 'अर्बन नक्सल' है। अगर ऐसे देखा जाए तो नरेंद्र मोदी और अमित शाह अचानक से 'अर्बन नक्सल' बन गए लेकिन कल अचानक जातिगत जनगणना का धूमधाम से जश्न मनाने लग गए।

# गुना में भयावह कार हादसा, 4 की मौत, 3 घायल



**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में गुरुवार तड़के एक कार के डिवाइडर से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदौरा गांव के पास एबी रोड पर लगभग 2.30 बजे हुआ।

सभी यात्री शिवपुरी जिले के राजोरा गांव के निवासी थे और वे एक बारात के साथ गुना जिले के मावन गांव आए थे। पुलिस ने बताया कि समारोह में शामिल होने के बाद, वे अपने गांव लौट रहे थे और रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया।

म्याना थाना प्रभारी गोपाल चौबे ने एएनआई को बताया, कुछ लोग जिले के मावन गांव में एक बारात के साथ आए थे और वापस जाते समय उनकी कार लगभग 2.30 बजे डिवाइडर से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे जिनमें से चार की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। ये सभी शिवपुरी जिले के राजोरा गांव के निवासी थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान गोविंद रघुवंशी (28), सोनू रघुवंशी (35), वीरू (24) और हितेश (24) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान संदीप (27), सुमित (24) और रवि (22) के रूप में हुई है।






**अदालत** पहलगाम की जांच वाली याचिका पर सुको ने फटकारा

# सेना का मनोबल मत तोड़ो, जिम्मेदार वकील बनो

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज से जांच कराए जाने की मांग की गई थी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता फतेश साहू को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाएं सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा सकती हैं। पीठ ने कहा, यह बेहद नाजुक घड़ी है जब देश का हर नागरिक आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट हुआ है।

कृपया ऐसा कुछ न कहें जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल टूटे। विषय की संवेदनशीलता को समझिए। पेशे से वकील याचिकाकर्ता साहू ने स्वयं अदालत में उपस्थित होकर कहा कि उनका उद्देश्य सुरक्षाबलों को हतोत्साहित करना नहीं था और वे अपनी याचिका



वापस लेने को तैयार हैं। पीठ ने उन्हें फटकारते हुए कहा, इस तरह की याचिका दायर करने से पहले जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। आपको देश के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए। इस तरह से आप हमारे बलों को कैसे हतोत्साहित कर सकते हैं अदालत ने यह भी बताया कि फतेश साहू के अलावा एक और याचिका अहमद तारिक बट द्वारा दायर की गई थी, लेकिन उस पर कोई पक्ष उपस्थित नहीं हुआ, इसलिए वह याचिका नहीं सुनी गई। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि जजों का काम विवादों ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## यह अमानवीय और राक्षसी कृत्य- सुको

फुल कोर्ट के प्रस्ताव में कहा गया, यह अमानवीय और राक्षसी कृत्य पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है और यह आतंकवाद द्वारा फैलाई गई क्रूरता और बर्बरता का स्पष्ट उदाहरण है। पर्यटकों पर हुए इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए फुल कोर्ट ने कहा, के मुकुट में जड़े नगीने – कश्मीर – की खूबसूरती का आनंद ले रहे निर्दोष पर्यटकों पर हमला, मानवता और जीवन की पवित्रता पर सीधा प्रहार है। कोर्ट ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा, देश इस कठिन समय में पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

# देश-विदेश

## गुलाम नबी फई यूएपीए मामले में अपराधी घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बडगाम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत के विशेष न्यायाधीश ने कश्मीर में जन्मे और अमेरिका में रहने वाले गुलाम नबी फई को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराधी घोषित किया है। पुलिस ने कहा कि बडगाम के वडवान निवासी फई वर्तमान में अमेरिका में छिपा हुआ है और उसके खिलाफ यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत बडगाम पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने कहा कि वारंट जारी होने के बावजूद डॉ. फई लगातार गिरफ्तारी से बचते रहे, कानूनी प्रक्रिया में बाधा डालते रहे और कानून के तहत जवाबदेही से बचते रहे।

# उप्र में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं की पहली पसंद



### 30 दिनों में 48 हजार से अधिक आवेदन

**लखनऊ, (आईएएनएस)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गई है।

इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के अभी एक माह यानी 30 दिन बीते हैं और अब तक प्रदेश भर में 48 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य 1 लाख 50 हजार रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं, योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है। जबकि, दूसरे स्थान पर आगरा और तीसरे स्थान पर हापुड़ है।

इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष पहले 30 दिनों में पूरे प्रदेश से 48,086 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं। जबकि, 40,635 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 9,867 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, वहीं 5,838 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। अगर पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की बात करें तो एक लाख लक्ष्य के सापेक्ष 1,78,662 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 1,44,273 आवेदन बैंकों को फॉरवर्ड किए गए। इनमें से 40 हजार से अधिक आवेदन बैंक ने स्वीकृत किए और 28 हजार से अधिक युवाओं को लोन वितरित किया। इसके लिए एमएसएमई विभाग की ओर से 113 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी स्वीकृत की गई। योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,200 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष पिछले एक माह में 1,397 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 1,176 आवेदनों को बैंक को भेजा दिया गया है। इनमें से 447 आवेदनों को बैंक ने अपनी स्वीकृति दे दी है, जबकि 257 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। पूरे प्रदेश में पिछले एक माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह आगरा ने पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

आगरा को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,700 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष एक माह में 986 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 921 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 338 आवेदकों को लोन देने के लिए बैंक ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। जबकि, 197 को लोन वितरित किया जा चुका है। पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में हापुड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## पटियाला हाउस कोर्ट ने दी मंजूरी

# तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल व लिखावट के नमूने लेगी एनआईए

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की मंजूरी दे दी है। एनआईए ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत मांगी थी, जिसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें मंजूरी दी। तहव्वुर राणा एनआईए की हिरासत में हैं। बीते महीने पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत को 12 दिन के लिए और बढ़ाया था। एनआईए ने अदालत से राणा की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए यह आदेश सुनाया। इससे पहले राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा गया था, जिसके खत्म होने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान एजेंसी ने दलील दी कि 17 साल पुराने आतंकी हमलों की साजिश के जाल को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए राणा की हिरासत आवश्यक है। उसने यह भी कहा कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है।

### -एनआईए की हिरासत में है तहव्वुर राणा

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तहव्वुर राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने खुद को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपील की थी। 4 अप्रैल 2025 को पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद राणा को भारत लाया गया था।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास का निधन

## आग लगने से बुरी तरह झुलस गई थीं

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं डॉ गिरिजा व्यास का गुरुवार (1 मई) को निधन हो गया. आग लगने की घटना में बुरी तरह झुलस गई थीं और उनका इलाज चल रहा था. उनके निधन से राजस्थान में शोक की लहर है। उनके निधन पर सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अनेक नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति और शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें. अशोक गहलोत ने उनके निधन पर कहा कि उनका असमय जाना हम सभी के लिए एक बड़ा आघात है.



### श्रृद्धांजलियों का तांता

**हम सभी के लिए बड़ा आघात- अशोक गहलोत**-अशोक गहलोत ने कहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ गिरिजा व्यास का निधन हम सबके लिए एक अपूरणीय क्षति है. डॉ गिरिजा व्यास ने शिक्षा, राजनीति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ा योगदान था. उनका इस तरह एक हादसे का शिकार होकर असमय जाना हम सभी के लिए एक बड़ा आघात है. मैं ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करता हूं. राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक्स पर लिखा, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास जी के निधन का समाचार अत्यंत शोकजनक है. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## श्रमिक दिवस पर लखनऊ में विशेष कार्यक्रम

# श्रमिक कल्याण के लिए ठोस प्रयास हो रहे : डॉ. सुन्दरम्

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर यूपीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड, किसान मण्डी भवन, विभूतिखण्ड गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर एवं भविष्य निधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, यूनीसेफ, गैर सरकारी संगठन एनजीओ एवं क्षेत्रीय श्रमिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

प्रमुख प्रतिभागियों में रमेश सिंह, चंद्रशेखर दिनकर कपूर, जयप्रकाश तिवारी, योगेश उपाध्याय बीएमएस, अविनाश पांडे एवं प्रमोद पटेल टीयूसीसी शामिल रहे सिविल सोसाइटी और संस्थाओं की ओर से सुश्री अनुकृति (जन साहस) खालिद चौधरी (एक्शन एड), बलबीर सिंह मान (उम्मीद फाउंडेशन) सुश्री शलाख, अमर सिंह (विज्ञान फाउंडेशन) श्रीमति गायत्री , एवं दिनेश कुमार की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त, कई क्षेत्रीय



श्रमिकों ने भी चर्चा और आयोजन में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन शमीम अख्तर, उपश्रमायुक्त/अपर सचिव, बोर्ड द्वारा किया गया। सभा के संबोधित करते हुए डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम, प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ने श्रमिक कल्याण की दिशा में सभी प्रतिभागियों के बहुमूल्य सुझावों एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने श्रमिकों के लिए बोर्ड की समावेशी कल्याण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्रमिक अड्डों पर एकीकृत सहायता प्रदान करने हेतु स्थापित किए जा रहे, श्रमिक सुविधा केन्द्रों का उल्लेख किया, जो कि श्रमिकों हेतु एक वन-स्टॉप सहायता केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे, जहां योजनाओं की जानकारी, पात्रता हितलाभ आदि तथा शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान इन केन्द्रों के वीडियो एंव मॉडल डिजाइनों का प्रदर्शन भी किया गया इस अवसर पर प्रमुख सचिव, श्रम द्वारा 02 श्रमिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने कल्याण योजनाओं के डिजिटलीकरण की सराहना की और श्रमिकों के लिए डिजिटल पहुंच की खाई को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त कार्यक्रम में नीलेश कुमार सिंह, विशेष सचिव, श्रम, गिरिजापति द्विवेदी, संयुक्त सचिव, श्रम, उ.प्र. शासन, राकेश द्विवेदी, उपश्रमायुक्त, लखनऊ सुमित सिंह, सहायक श्रमायुक्त, लखनऊ श्रीमति अनुपमा गौतम, अपर सचिव, बोर्ड, अमित मिश्रा, उपश्रमायुक्त, बोर्ड एवं सुश्री नीकी नैनसी, उप सचिव, बोर्ड उपस्थित रहे।

## अमृतसर सीमा पर हथियारों की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सीमा पार के आतंकवादी गिरोह के खिलाफ एक बड़ी सफलता में अमृतसर जिले के भरोपाल गांव के पास हथियारों, गोला-बारूद और ग्रेनेड का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है।


## CHANGE OF NAME

I, Harish Shriwatri S/o Bhuleshwar R/o Purani Basti, Ward No-11, Nainpur, Mandla, Madhya Pradesh - 481776, have changed my minor daughter's name from Ashu Rajak aged 17 years to Tanishka Shriwatri forever

कृति



## मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्र. 2, भोपाल
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673195, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग-क्र. 2, भोपाल/2025-26/28
भोपाल, दिनांक 29.04.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्य का नाम-** 1. औद्योगिक क्षेत्र खुर्सीपार तहसील छपारा जिला सिवनी में सीमेंट कांक्रीट रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 721.29 लाख। 2. औद्योगिक क्षेत्र बगासपुर तहसील श्रीधाम जिला नरसिंहपुर में सीमेंट कांक्रीट रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 595.20 लाख। 3. औद्योगिक क्षेत्र खुर्सीपार, तहसील छपारा जिला सिवनी में ओवरहेड टैंक, अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक (सम्पवेल), वाटर हार्वेस्टिंग एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 87.47 लाख। 4. औद्योगिक क्षेत्र बगासपुर तहसील श्रीधाम जिला नरसिंहपुर में ओवरहेड टैंक, अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक (सम्पवेल), वाटर हार्वेस्टिंग एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 71.39 लाख। निविदाओं की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 13.05.2025 सायं 05.30 बजे।** निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/119862/2025 महाप्रबंधक (सं./नि.)



प्रारूप छ:-8

### (मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ड(3) के अंतर्गत) कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह जिला दमोह

पंजी. क्र. 04 दिनांक 16.03.1978

क्रमांक / दिनांक-01.05.2025

निर्वाचन कार्यक्रम (संशोधित)

(पूर्व में प्रकाशित कार्यक्रम दिनांक 28.04.25 क 1 में (अ) सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से 10 को 11 पढ़ा जावे)

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक / सह.नि.प्रा./निर्वाचन-1/2025/2115 दिनांक 24.04.2025 के द्वारा मुझे सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करती हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक......के.........अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या-10 | विवरण निम्नांकित है- |
| (अ) समान्य वर्ग (अनारक्षित) से : 11 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 02) |
| (ब) अनुसूचित जाति वर्ग से : 00 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| (स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से : 00 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| योग- 11 | योग:- 02 |
| टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावें) | |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान समय | दिनांक 05.05.2025 समय 11.00 एएम से 03.00 पीएम तक सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 3. नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 07.05.2025 को समय 1.00 एएम से जांच पूर्ण होने तक। स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 4 नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08.05.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 5. विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 13.05.2025 समय 10.00 एएम से 03.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह (चुनाव समाप्त होने के पश्चात् एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी।) |
| 6. रिक्त स्थानों एवं वृत्तिक संचालकों के सहयोजन की तिथि | दिनांक 14.05.2025 समय 12.00 पी.एम.से 02.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु नामांकन की तिथि | दिनांक 15.05.2025 समय 12.00 पी.एम. से 2.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16.05.2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक समय एवं स्थान | दिनांक 19.05.2025 समय 11.00 ए.एम. से 03.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |

नोट- नामांकन पत्र दिनांक 05.05.2025 समय 11.00 ए.एम. से 03.00 पी.एम.तक स्थान सोसाइटी कार्यालय दमोह में श्री वाय. के. गुर्जर के समक्ष प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

(पूनम जैन) रिटर्निंग अधिकारी सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह



### समक्ष न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्रं. 2 जबलपुर

परिवाद प्रकरण कं. CC/495/2023
पेशी दिनांक 04.06.2025
परिवादी बीरवल नाविक एवं अन्य
विरूद्ध
अनावेदकगण- महाप्रबंधक / अध्यक्ष सहारा क्रेडिट एवं अन्य

प्रार्थी बीरवल नाविक आत्मज श्री केदारनाथ नाविक एवं अन्य निवासी म.नं. 3/1, टीएफआरआई केम्पस, नीमखेड़ा, मंडला रोड, जबलपुर म.प्र. ने आप अनावेदकगण... शाखा प्रबंधक सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सो. लिमि. पता सहारा इंडिया सेक्टर कार्यालय, डॉ. चटर्जी रोड, राईट टाउन जबलपुर ....के विरूद्ध अंतर्गत धारा 35 उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम 2003 के तहत परिवाद प्रस्तुत किया है अत: आपको आयोग के समक्ष दिनांक 18.03.2025 को समय 10.30 बजे परिवाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन जारी किया जाता है आप आयोग में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुतोष दिये गये हैं जो इस परिवाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि, उस दिन अपनी प्रतिरक्षा के लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे समस्त दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में व शक्ति में हो पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर बताई गई दिनांक को इस आयोग में उपस्थित नहीं होगें तो प्रकरण की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निराकरण आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जायेगा।

नोट:- उक्त दिनांक को किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन पर की जायेगी। यह आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

जबलपुर
दिनांक 4.4.25

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद
प्रतितोषण आयोग क्रं. 2
र.नं. 311 जबलपुर


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सेना का मनोबल.....

का निपटारा करना होता है, न कि जांच करना। साहू ने यह तर्क दिया कि उनका सरोकार जम्मू-कश्मीर में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा से है, क्योंकि हमले में देश के अन्य हिस्सों से आए सैलानियों की जान गई। इस पर अदालत ने याचिका की दलीलों को पढ़ते हुए कहा कि उसमें छात्रों की सुरक्षा का कोई उल्लेख ही नहीं था। याचिका में केवल सुरक्षा बलों और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग की गई थी। वकील ने कहा, कम से कम छात्रों के लिए कुछ सुरक्षा उपाय... जो जम्मू-कश्मीर से बाहर पढ़ रहे हैं। लेकिन पीठ इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई और कहा, क्या आप सुनिश्चित हैं कि आप क्या मांग रहे हैं? पहले आप जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की मांग करते हैं, फिर गाइडलाइंस, फिर मुआवजा, फिर प्रेस काउंसिल को निर्देश देने की मांग। हमें रात में ये सब पढ़ने को मजबूर करते हैं और अब छात्रों की बात करते हैं। आखिरकार, याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने का फैसला किया, जिसे कोर्ट ने अनुमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता चाहें तो कश्मीरी छात्रों से संबंधित मुद्दों के लिए संबंधित हाई कोर्ट का रुख कर सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाएं उच्च न्यायालय में भी नहीं जानी चाहिए। अंतत: सुप्रीम कोर्ट ने साहू को याचिका वापस लेने की अनुमति दी, और केवल छात्रों की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्हें संबंधित हाई कोर्ट जाने की छूट दी। गौरतलब है कि संवेदनशील पहाड़ी राज्यों में सुरक्षा उपायों को लेकर एक और जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। यह हमला घाटी में हाल के वर्षों में हुआ सबसे घातक नागरिक हमला बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और विभिन्न हाई कोर्ट बार एसोसिएशनों ने इस हमले की निंदा की थी। घटना के एक दिन बाद सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट (सभी जजों की बैठक) ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखा।


### पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना
भो-(नि.)II-बीना-कटनी-02-2025,
दिनांक 29.04.2025

उप मुख्य अभियंता-II/ निर्माण/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (दोहरी निविदा पद्धति) आमंत्रित करते है। **(1) कार्य का नाम लोकेशन सहित:** बीना-कटनी तीसरी लाइन के संबंध में माल प्लेटफॉर्म को यात्री प्लेटफॉर्म में परिवर्तित करना और सागर स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2 और 3 का विस्तार और ऊंचाई करण, एनआई से संबंधित संरचनात्मक कार्य का करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 1607.38 लाख **बयाना राशि:** ₹ 9,53,700/- **निविदा खुलने की तिथि:** 22.05.2025 **कार्य समापन अवधि (माह):** 06 माह हारवेस्ट एवं मानूसन सत्र सहित। ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/ निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल/ हबीबगंज/ भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धि पत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता-II/निर्माण, प.म.रे./ भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित कटंगा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक HIG-07 श्रीमती सत्या मिश्रा पति स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31.03.1994 को निष्पादित हो चुका है।आवंटी श्रीमती सत्या मिश्रा पति स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा का निधन दिनांक 07.02.2025 को हो गया है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित लीज अनुबंध में उनके पुत्र/पुत्री (1) डॉ. सोबी पाण्डेय पति डॉ. हरेन्द्र देव पाण्डेय (2) श्री संजय मिश्रा पिता स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा (3) श्री सचिन मिश्रा स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा को नामिनी नियुक्त किया गया है। (1) डॉ. सोबी पाण्डेय पति डॉ. हरेन्द्र देव पाण्डेय (2) श्री संजय मिश्रा पिता स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा (3) श्री सचिन मिश्रा स्व. श्री श्रीकान्त मिश्रा के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कांचघर कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एल- 10 श्री बलराम उपाध्याय पिता श्री दामोदर उपाध्याय के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.08.2001 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री बलराम उपाध्याय पिता दामोदर उपाध्याय ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17.11.2017 के माध्यम से श्रीमति मधु सिंह चौहान पति श्री वी.एस. चौहान को विक्रय किया है। अत: श्रीमति मधु सिंह चौहान पति श्री वी.एस. चौहान द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



### कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्रं./आ.शा./न.पा./2025, 2556
सिहोरा दिनांक 26/04/2025

#### आम सूचना

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र सिहोरा जिला जबलपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 18 तक के मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 बी.एल.सी. घटक अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के दस्तावेजों को मौके के सत्यापन का किये जाने उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची को अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किया जाना है। हितग्राहियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 03.05.2025 को समय 6 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होंगी पूर्ण दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाली हितग्राहियों की सूची नगर पालिका परिषद सिहोरा एवं तहसील कार्यालय सिहोरा एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सिहोरा के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में दावा आपत्तिमय उचित दस्तावेज प्रस्तुत की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा



### कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी

मो. 9424792725 Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7 जबलपुर रोड़ झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

सामाग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा विज्ञप्ति

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु दरवाजा, लकड़ी चौखट फेम, एल्युमिनियम सेक्शन कम्पलीट (डोर / विंडो) एवं लेमिनेटेड फ्लश डोर पल्ले क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 22.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 25,500/- रूपये (पच्चीस हजार पांच सौ रूपये मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 12.05.2025 को दोपहर 03.00 बजे से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 22.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनांक 23.05.2025 को सायं 05.00 बजे |

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-12261/25

(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमंडल कटनी



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईन, सतना (म.प्र.)

PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एनआईटी नं.- 12/2025/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/1031 रीवा, दिनांक 25.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षा काल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_419828_1 | सर्किट हाऊस मैहर जिला मैहर में प्रथम तल पर 05 नग अतिरिक्त कक्ष एवं परिसर में भूतल पर 04 नग आवास गृह (02 एच टाईप एवं 02 आई टाईप) का निर्माण कार्य मय जलप्रदाय, सेनेटरी एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 384.22 | 384220.00 | 15000 | 12 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.05.2025 समय 10.00 से दिनांक 15.05.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-12264/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सतना (म.प्र.)

# देश–प्रदेश

उवाच

राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग : राज्यपाल

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग है। समारोह, राज्य के विकास, खुशहाली के लिए सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से नव निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के सभी राज्य भारत माता के वह सपूत है, जिन्होंने अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के साथ राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। समय की जरूरत है कि हमारी गौरवशाली आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में प्रत्येक नागरिक योगदान का संकल्प लें और एक भारत को श्रेष्ठ, भारत बनाए।



राजभवन में संयुक्त समारोह में मना हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस

## राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग : राज्यपाल



### विविधतापूर्ण, सांस्कृतिक, पौराणिक चेतना के केन्द्र हमारे राज्य

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग है। समारोह, राज्य के विकास, खुशहाली के लिए सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से नव निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के सभी राज्य भारत माता के वह सपूत है, जिन्होंने अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के साथ राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। समय की जरूरत है कि हमारी गौरवशाली आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में प्रत्येक नागरिक योगदान का संकल्प लें और एक भारत को श्रेष्ठ, भारत बनाए।

राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित महाराष्ट्र, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता एवं प्रदेश में निवासरत तीनों राज्यों के मूल निवासी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल का समारोह में तीनों राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा उनके राज्य की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के वीडियों संदेश का प्रसारण किया गया।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात तीनों ही प्रदेश हमारी विविधतापूर्ण, पौराणिक परंपरा की ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक धरोहरों के केन्द्र है। समय की मांग है कि राज्यों की मूल पहचान और सम्मान को बनाए रखते हुए भारत के गौरव को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने में प्रत्येक नागरिक अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे।

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से आए चम्बा लोक कला मंच के 16 कलाकारों के दल ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर के हर गांव, हर घर एवं हर त्यौहारों एवं विवाह में किए जाने वाले हिमाचल प्रदेश के गददी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

समारोह में गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य की स्थापना एवं इतिहास से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। समारोह में म.प्र. के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से संबंधित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में अपर सचिव राजभवन उमाशंकर भार्गव, हिमाचल प्रदेश के मूल निवासियों के प्रतिनिधि के रुप में भारतीय वन सेवा के मध्यप्रदेश कॉडर के अधिकारी पुरुषोत्तम धीमान, हिमाचली समाज जन कल्याण समाजिक सेवा समिति भोपाल के संजीव डोगरा, महाराष्ट्र समाज तुलसी नगर ट्रस्ट भोपाल के अध्यक्ष विलास बुच के मराठी साहित्य अकादमी निदेशक संतोष गोडबोल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमिजीत देशमुख, मराठी समाज जबलपुर की प्रतिनिधि श्रीमती नीलिमा देशपांडे, अखिल भारतीय गुजराती समाज के अध्यक्ष संजय पटेल, गुजराती समाज भोपाल के सचिव मिनेश पटेल और महिला मंडल अध्यक्षा सुश्री रेखा कांटावाला मौजूद थे। अवर सचिव राजभवन श्रीमती आभा शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन नियंत्रक हाऊस होल्ड श्रीमती शिल्पी दिवाकर ने किया।

मुख्यमंत्री ने हरसूद में किया स्कूल, अस्पताल व अन्य विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण, कहा-

## लघु वनोपज समितियां जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में सक्षम

- नई औद्योगिक क्रांति से रोजगार के अवसर सृजित होंगे
- मुख्यमंत्री ने हरसूद में वन समितियों एवं जनजातीय सम्मेलन में दीं सौगातें



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देकर प्रोत्साहित कर रही है। तेंदूपत्ता के शासकीय मूल्य में 1000 रुपए प्रति मानक बोरा की वृद्धि कर इसे 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अभी 15 हजार वन समितियां हैं। जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां निरापद रूप से सर्वाधिक सक्षम हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनजातीय भाई-बहनों के समग्र कल्याण के लिए पेसा नियमों को ध्यान में रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों के विकास को और अधिक गति दी जा रही है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बसे जनजातीय परिवारों को भी केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं जैसे पक्का मकान, नि:शुल्क राशन और आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे ज्यादा टाइगर हैं। देश में चीता भी सिर्फ मध्यप्रदेश में ही हैं। सरकार वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर पर्यटन रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)- 2025 प्रदेश में औद्योगीकरण की नई शुरुआत है, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हमारी नई औद्योगिक नीतियों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य संवरेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किए

डॉ. यादव ने क्षेत्रीय बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पात्रतानुसार हितलाभ के चेक, ई-रिक्शा प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल, अस्पताल जैसे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। उन्होंने हरसूद में जल संरक्षण के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के उद्देश्य विषय पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। डॉ. यादव ने हरसूद को विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 20 करोड़ की लागत की नया अस्पताल, सांदिपनि आदर्श विद्यालय, 45 करोड़ की लागत से नई सिंचाई परियोजना शामिल है। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक नारायण पटेल, विधायक श्रीमती छाया पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

### जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में जुटी मध्यप्रदेश सरकार : उइके

केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि मध्यप्रदेश में 70 आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं। प्रदेश में जनजातीय समाज के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है।

### सरकार किसी को बेसहारा नहीं रहने देगी : शाह

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश की मेधावी बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने स्कूटी वितरण योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी को भी बेसहारा नहीं रहने देगी। बेसहारों का सहारा बनकर सरकार इनके समग्र कल्याण की चिंता कर रही है।

शहीद लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी ने दिया शांति का संदेश, बोलीं

## मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ न जाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने कहा कि हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ जाएं, हम शांति चाहते हैं और सिर्फ शांति, हम न्याय चाहते हैं, लोग मुसलमान या कश्मीरियों के खिलाफ न जाएं, हमला करने वाले आतंकियों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विनय ने देश सेवा का जो रास्ता चुना था, मैं उस पर ही चलूंगी।

पहलगाम के पास बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा हमले में 26 लोग मारे गए थे। कई घायल हुए थे, मारे गए लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे। इनमें करनाल निवासी विनय नरवाल (26) भी शहीद हो गए थे। उनकी 16 अप्रैल को ही शादी हुई थी, वो पत्नी हिमांशी के साथ पहलगाम में हनीमून मनाने गए थे। हरियाणा सरकार ने हमले में मारे गए नेवी के अधिकारी के परिजनों को 50 लाख की मदद देने की शनिवार को घोषणा की थी। साथ ही परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भी ऐलान किया था। मुख्यमंत्री ने कहा था, नरवाल के माता-पिता की इच्छा के मुताबिक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी. वो नौसेना के अधिकारी थे। नरवाल के पिता राजेश सरकारी कर्मचारी हैं, उनकी मां गृहिणी और उनकी छोटी बहन है, जो पढ़ाई कर रही हैं।

**फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान** -जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि आज कश्मीर एक मुश्किल वक्त से गुजर रहा है, हमें कुछ नहीं पता कि कल क्या होगा? उन्हें पकड़ा जाना चाहिए, जिन्होंने यह आतंकी हमला किया है। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर उन्होंने कहा कि जो गरीब लोग जो 50 साल से यहां रह रहे हैं और उनके बच्चे यहां पढ़ रहे हैं, उन्हें पाकिस्तान भेजा जा रहा है, यह कैसा तरीका है? यह एक अमानवीय तरीका है।

## कांग्रेस के जाति जनगणना सम्मलेन में शामिल होने भोपाल आएंगे राहुल गांधी

### जून माह में होगा आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में जातिगत जनगणना को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस जागरुकता अभियान चलाएगी। इस अभियान की शुरूआत भोपाल में एक महासम्मेलन से होगी। जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। यह जानकारी आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने पिछले 11 साल में 2 लाख बार अलग-अलग मंचों से जातिगत जनगणना कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि राहुल अपनी बात पर अडिग रहे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं ने जातिगत जनगणना को लेकर अलग-अलग तरह के बयान दिए। श्री पटवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जातिगत जनगणना को लेकर कहा था कि जातियों की बात करना पाप है। जो जातियों की बात करता है, वह पापी आदमी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा था बटोगे तो कटोगे, यह बयान भी जातिगत जनगणना के खिलाफ ही दिया था। श्री पटवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार के मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था जो करेगा जात-पात की बात, उसको मैं मारूंगा लात।

श्री पटवारी ने कहा कि वहीं राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। 2023 से 2024 तक उन्होंने संसद में, रैलियों में, प्रेस कांफ्रेंस में और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया। श्री पटवारी ने कहा कि जातिगत जनगणना की यह जीत राहुल गांधी की उस लंबी लड़ाई का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने बार-बार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को न केवल उजागर किया, बल्कि उन्हें वापस लेने के लिए बाध्य किया। श्री पटवारी ने तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित, पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को ललकारा है।



## कानून-व्यवस्था में हर जिले को आदर्श बनाना है : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने जबलपुर में की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में संभाग के अन्य जिलों में कानून-व्यवस्था बनाये रखने, आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जबलपुर में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से बालाघाट, मंडला, डिंडोरी में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन की समीक्षा कर नक्सल उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से कहा कि कानून और व्यवस्था की दृष्टि से पूरे प्रदेश के साथ हर जिले को आदर्श रूप में लाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जुआं, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ व अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों, खुले में मांस बिक्री, गौवंश की तस्करी पर भी प्रभावी नियंत्रण और सख्ती से रोकथाम सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातियों से विवाह कर भूमि व संपत्ति के मालिक बनने की साजिश पर क?ी निगरानी रखें, सतर्कता दिखायें। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाये रखने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, एसडीजी श्री पंकज श्रीवास्तव, एडीजी श्री साईं मनोहर सहित संभाग के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### उन्नत कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए मंदसौर में किसान मेला कल

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये 3 मई 2025 को मंदसौर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन एवं कृषि उद्योग समागम-2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जन-प्रतिनिधि, कृषक, उद्यमी, निर्यातक एवं एफपीओ प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आयोजन में खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में कार्य करने के लिये इच्छुक निवेशकों के साथ संवाद भी करेंगे, जिससे नये निवेशक मंदसौर जिले में निवेश के लिये आकर्षित होंगे और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

## जीएसटी से सरकार ने बनाया रिकॉर्ड, अप्रैल में कमाए 2.37 लाख करोड़ का संग्रहण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ता जा रहा है. वित्त वर्ष 2026 के पहले महीने में ही सरकार ने जीएसटी संग्रहण के मामले में नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है. सरकार के कलेक्शन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले में 12 फीसदी से ज्यादा का ग्रोथ देखने को मिला है. जानकारों की मानें जो जीएसटी कलेक्शन में इजाफे की प्रमुख वजह सरकार की टैक्स रोकने और नियमों को आसान बनाना है. आने वाले दिनों में इस कलेक्शन में और भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है. सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन का टारगेट 17 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखा है. जिसमें करीब पौने 12 लाख करोड़ रुपए का टारगेट जीएसटी कलेक्शन का है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर अप्रैल के महीने में जीएसटी कलेक्शन कितना रहा?

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल के दौरान भारत का जीएसटी कलेक्शन 12.6 फीसदी बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया. पिछले महीने, भारत का इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन मार्च के दौरान 9.9 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया था. अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपए था ङ्क 1 जुलाई, 2017 को इनडायरेक्ट टैक्स व्यवस्था के लागू होने के बाद से यह दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है. घरेलू ट्रांजेक्शन से जीएसटी रेवेन्यू 10.7 फीसदी बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि इंपोर्टेड वस्तुओं से रेवेन्यू 20.8 फीसदी बढ़कर 46,913 करोड़ रुपए हो गया. अप्रैल के दौरान जारी रिफंड 48.3 फीसदी बढ़कर 27,341 करोड़ रुपए हो गया। इससे पहले, फरवरी में घरेलू सोर्स से दोहरे अंकों में कलेक्शन की वजह से जीएसटी टैक्स कलेक्शन 9.1 फीसदी बढ़कर 183,646 करोड़ रुपए हो गया था. जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12.3 फीसदी अधिक है. इसका मतलब है कि मौजूदा साल में अब तक जीएसटी कलेक्शन 8.13 लाख करोड़ रुपए हो गया है. दिसंबर में जीएसटी संग्रह 1.77 लाख करोड़ रुपए रहा, जो साल-दर-साल 7.3त्न की वृद्धि दर्शाता है. नवंबर में दर्ज 8.5त्न की वृद्धि से यह मंदी थी, जिसका कारण त्योहारी सीजन के बाद खपत में कमी थी।


### नाम सुधार सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में पहले लोकेश श्रीवास्तव था, जिसे बदल के नये पासपोर्ट में मुझे लोकेश कुमार श्रीवास्तव करवाना है, और आगे मुझे लोकेश कुमार श्रीवास्तव के नाम से ही सब जगह जाना जाएगा।

गलत नाम
लोकेश श्रीवास्तव
सही नाम
लोकेश कुमार श्रीवास्तव
कृति

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

Golden Opportunity!
बालाघाट में 24 एकड़ मैंगनीज खदान
छतरपुर जिले में 62 एकड़ रेड ग्रेनाइट खदान
PREMIUM MINES
AVAILABLE FOR SALE/INVESTMENT
- दोनों खदानें पूर्णतः विकसित एवं चालू स्थिति में
- उच्च गुणवत्ता के भंडार
- आकर्षक रिटर्न की संभावना

पुनः संचालन के लिए वित्तीय भागीदारी या पूर्ण बिक्री का सुनहरा अवसर
सम्पर्क करें- अजय सिंह 9873081306

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 11
2025-2026 दिनांक 21/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अजय कुमार सिन्हा पिता स्व. श्री बी.के. सिन्हा ने भवन क्रं. ... संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361668, जलकर- 1002526896 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - माला सिन्हा पति स्व. बी.के. सिन्हा 2. उत्थान कुमार सिन्हा पिता स्व. श्री बी.के. सिन्हा के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड, के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल ... व.फु., में से विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 आर.सी.सी., पर विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 312 कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 20
2025-2026 दिनांक 01/05/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती मिथलेश चौबे पति स्व. श्री एस.एस. चौबे, अभिषेक मनीष, विवेक चौबे तीनों के पिता स्व. श्री शिवशंकर चौबे पीएनओ-1175 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361088, विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री शिवशंकर चौबे पिता श्री कैलाश चंद चौबे के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड, के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल ... व.फु., में से विक्रय प्लाट रकवा 3300 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 3300 आर.सी.सी., पर विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 312 कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 14
2025-2026 दिनांक 30/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती मीना नागोत्रा पति श्री छोटू नागोत्रा भवन क्रमांक 4000 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366667 पर पंजीकृत गृहस्वामी -श्रीमती लक्ष्मी बाई बर्मन विक्रेता श्री किशोर कुमार साहू के भाग पर वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु. पर विक्रयपत्र, लिंक प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 312 कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army no JC-584173H Rank NB SUB Name BAL KRISHAN of Unit- 1 JAK RIF Presently residing at Vill- GOELA PO-GOELA PANNER, TEH-NALAGARH, DISTT-SOLAN, STATE- HP, PIN- 174101, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम MUNISH KUMAR से MANISH KUMAR के रुप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 01-05-2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

### CHANGE OF NAME

I, Army No 15717919X, Rank L/Nk, Name - JAGTAP NILESH SUBHASH, Unit - 5TTR, Home add, Vill - WADGAON, Post- BIBI, Teh- PHALTAN, Dist - SATARA, STATE- MAHARASHTRA, Pin- 415537. I have changed my SON Name from SANSKAR to JAGTAP SANSKAR NILESH Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
SANSKAR
CORRECT NAME
JAGTAP SANSKAR NILESH
कृति

### CHANGE OF NAME & DOB

I, JAGTAP SHOBHA SUBHASH is legally MOTHER of Army No 15717919X, Rank L/Nk, Name - JAGTAP NILESH SUBHASH, Unit -5TTR, Home add, Vill - WADGAON, Post- BIBI, Teh- PHALTAN, Dist - SATARA, STATE- MAHARASHTRA, Pin- 415537., I, have changed my name JAGTAP SHOBHA SUBHASH to SHOBHA SUBHASH JAGTAP and date of birth 01/07/1993 to 01/01/1966 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
JAGTAP SHOBHA SUBHASH
INCORRECT DOB - 01/07/1993
CORRECT NAME
SHOBHA SUBHASH JAGTAP
CORRECT DOB - 01/01/1966
कृति

### CHANGE OF NAME & DOB

I, JAGTAP SUBHASH PILOBA is legally Father of Army No 15717919X, Rank L/Nk, Name - JAGTAP NILESH SUBHASH, Unit -5TTR, Home add, Vill - WADGAON, Post- BIBI, Teh- PHALTAN, Dist - SATARA, STATE- MAHARASHTRA, Pin- 415537., I, have changed my name JAGTAP SUBHASH PILOBA to SUBHASH PILOBA JAGTAP and date of birth 01/07/1957 to 01/08/1958 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
JAGTAP SUBHASH PILOBA
INCORRECT DOB - 01/07/1957
कृति
CORRECT NAME
SUBHASH PILOBA JAGTAP
CORRECT DOB - 01/08/1958


## करंट से 3 की मौत

**खेड़ा (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के खेड़ा जिले के ठासरा में गुरुवार को एक हंसता-खेलता परिवार शोक में डूब गया। परिवार के तीन सदस्यों को एक साथ करंट लगा, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य महिला झुलस गई है, जिसका इलाज चल रहा है। यह घटना ठासरा तालुका के अगरवा गांव की बताई जा रही है।

जबलपुर, शुक्रवार 02 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जातिगत जनगणना: आगे की राह?

केन्द्र सरकार ने आखिरकार जातिगत जनगणना कराना स्वीकार कर लिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐलान किया कि जनगणना के जरिये सरकार लोगों की जातिवार संख्या भी जुटायेगी। हालांकि इसकी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने यह नहीं बताया कि यह काम कब शुरू होगा। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग पिछले लगभग दो वर्षों से जोर-शोर से उठाई हुई थी जिसमें उसके नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन ने भी अपना स्वर मिलाया है। इस मांग के कारण लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस को भारतीय राजनीति में बड़े पैमाने पर लौटने का मौका मिला था। संविधान की रक्षा का जो नारा कांग्रेस समेत उसके सहयोगी प्रतिपक्षी दलों ने दिया था, उसने 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के संख्या बल को 2019 के मुकाबले काफी घटाया था। 2024 के प्रारम्भ में हुई राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की थीम भी जातिगत जनगणना की मांग को तर्कसंगत व ज़रूरी बताती थी।

इस मांग को राहुल ने सड़कों पर बड़े पैमाने पर उठाया था। उन्होंने बार-बार यह बात कही थी कि देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, आदिवासियों आदि की संख्या सर्वाधिक है परन्तु संसाधनों एवं अवसरों में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह एक तरह से कांशीराम की उठाई वह मांग है जिसमें वे कहते थे कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी।' कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते राहुल को इस मांग को उठाते हुए कोई उज़्र नहीं था कि यह बहुजन नेता की बात की ही प्रतिध्वनि है जिसकी वारिस मायावती इस मामले पर चुप्पी साधे हुई हैं। वे लोगों को अपने भाषणों में बतलाते रहे हैं कि केन्द्रीय सचिवालय में केवल 5 ही सचिव स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जो ओबीसी हैं। राहुल यह भी बतलाते रहे कि बजट के पांच प्रतिशत पर ही इनका नियंत्रण है। इसलिये ओबीसी, दलितों आदि के साथ न्याय नहीं होता।

उनके द्वारा संसद में भी यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया गया जिसे इंडिया के सहयोगियों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का जबर्दस्त साथ मिला। राहुल ने वर्तमान लोकसभा के प्रारम्भिक सत्रों में चेताया था कि विपक्ष सरकार से जाति आधारित जनगणना करा कर रहेगा। राहुल का कहना था कि 'भाजपा सरकार इस मांग को पूरा नहीं करेगी तो इंडिया सरकार करेगी।' भाजपा की पूरी राजनीति ही इसके विपरीत है- सवर्णों को बल देने वाली। इसे लेकर राहुल का न केवल मज़ाक उड़ाया गया वरन उन्हें अपमानित भी किया गया था। पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन पर तंज कसा था कि, 'जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।' भाजपा तथा उसके सहयोगी एनडीए के सांसदों ने इसका भरपूर लुत्फ़ उठाया था; परन्तु अब सरकार के इस एकतरफ़ा निर्णय से वे हैरान हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि जनता को इस बात का क्या जवाब दें कि आखिर उनकी पार्टी की सरकार ने यह फैसला क्योंकर लिया जो अब तक इसकी विरोधी थी। फैसले की हां में हां मिलाने के अलावा जिन पार्टी सदस्यों, समर्थकों, नेताओं, विधायकों व सांसदों के पास और कोई चारा नहीं है वे यह कहकर इसे 'मोदी का मास्टरस्ट्रोक' साबित करने पर तुले हैं कि 'इस फैसले ने राहुल, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के हाथ से बड़ा मुद्दा छीन लिया है।'

इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कुछ सवाल सामने आ रहे हैं। पहला यह कि नीतिगत विरोध के बावजूद भाजपा की क्या मजबूरी रही कि उसे यह फैसला लेना पड़ा? कुछ का कहना है कि पहलगाम के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिये भाजपा ने यह कदम उठाया है ताकि कश्मीर के मुद्दे पर उसकी विफलता ढंक जाये। यह भी कहा जाता है कि सरकार दुनिया को संदेश देना चाहती है कि आतंकी हमले के बावजूद सरकार देश के अंदरूनी मसलों पर ध्यान बनाये हुए है। यानी देश का एक निर्भीक व अविचलित चेहरा वह दुनिया को दिखाना चाहती है। इस बड़े फैसले से दुनिया महसूस करे कि पहलगाम की घटना के बावजूद न घबराहट है, न बदहवासी- चाहे युद्ध की आशंका बन चुकी हो। यह भी माना जाता है कि बिहार में भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ायेगी। वह केवल कांग्रेस तथा उसके साथी राजद व सीपीएम (माले) से ही नहीं, अपने सहयोगी नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) से भी यह मुद्दा छीनना चाहती है। उस राज्य में खुद के बूते सरकार बनाने पर भाजपा आमादा है जहां इसी साल सितम्बर के बाद चुनाव होंगे।

दूसरा सवाल यह है कि इस मुद्दे को लेकर विपक्ष, विशेषत: कांग्रेस की आगे की राह क्या हो? कांग्रेस को इस बात से खुश होकर नहीं रह जाना चाहिये कि सरकार को यह निर्णय लेने हेतु मजबूर करने से उसकी नैतिक जीत हुई है। उससे बात नहीं बनेगी। इसके बल पर उसे चुनाव भी जीतने होंगे। बिहार का चुनाव उसकी पहली परीक्षा होगी जहां से इस मांग की शुरुआत हुई थी। इस मुद्दे पर यहां कांग्रेस-राजद की जीत देश के लिये परिवर्तनकारी होगी। राहुल ने आरक्षण की 50 फीसदी की दीवार को तोड़ने का भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पास इसका मॉडल पहले से है क्योंकि तेलंगाना व कर्नाटक में उसकी सरकारों ने जनगणना कराई है तथा बिहार में जेडीयू व कांग्रेस सरकार के समय यह काम हुआ था। राहुल को देश भर में यह संदेश देना होगा कि जातिगत जनगणना के फैसले पर कांग्रेस-इंडिया का पहला हक बनता है।

# इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा

अब तक कमंडल से अपनी राजनीति को चमकाने वालों को अचानक मंडल की याद आ गई है, वह भी तब जब देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार से बड़े एक्शन की उम्मीद कर रहा था। मुख्य धारा की मीडिया ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऐसा माहौल तैयार कर दिया था कि लगने लगा था कि सरकार घर में घुसकर मारने की नीति टाइप किसी कदम का खुलासा करने जा रही है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना के साथ जाति की गिनती कराने का फ़ैसला कर लिया। आज़ादी के बाद पहली बार देश के नागरिकों से उनकी जाति पूछी जाएगी। अब तक अनुसूचित जाति और जनजाति को अवश्य गिना जाता था लेकिन अब शायद अन्य पिछड़ा वर्ग का बढ़ता संख्या बल सरकार को इस निर्णय के लिए मजबूर कर रहा है। विपक्ष 'जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी भागीदारी' का नारा पहले ही बुलंद किये हुए था। ऐसे ही मकसद में सरकार की दिलचस्पी भी होगी तो फिर इस मासूमियत पर कौन न फ़िदा हो जाए। इसमें कोई शक नहीं कि इस मसले पर देश जिस नेता को लगातार बोलते हुए देख-सुन रहा था वे तो राहुल गांधी थे। इस हद तक कि लगभग ऊब होने लगी थी लेकिन राहुल गांधी थकते नहीं थे। वे जनसभाओं से लेकर संसद तक बस इसी जातीय जनगणना की बात करते थे। एक बार तो उन्हें अपमानित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कह दिया था कि 'जिसकी जात का पता नहीं वो गणना की बात करता है।' आम भारतीय बोल-चाल में यह किसी गाली से कम नहीं था लेकिन राहुल गांधी ने इस गाली का जवाब भी संसद में यह कहकर दिया था कि 'जो भी दलितों की, पिछड़ों की बात करता है उसे गालियां खानी ही पड़ती हैं। अर्जुन को मच्छी की आंख दिख रही थी, ठीक वैसे ही मुझे भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना हम करा के रहेंगे।'

ज़ाहिर है कि लगातार बोलते रहना ही सियासत में फलदायी ज़मीन तैयार करता है। अब घोषणा के तुरंत बाद भी राहुल गांधी रुके नहीं हैं। उन्होंने कह दिया है कि हम तय करेंगे कि सरकार 50 फ़ीसदी की सीलिंग भी बदले और आगे की नीतियां हम डिज़ाइन करेंगे क्योंकि हमारे पास तेलंगाना और कर्नाटक का डाटा है। वह निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मुद्रा में दिखाई दिए। फिलहाल ऐसा लगता है जैसे पहलगाम के बाद विपक्ष जिस तरह सरकार के साथ खड़ा था, जाति जनगणना के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के साथ आकर खड़ी हो गई है। अब गणना इस बात की होनी चाहिए कि किसके 'मास्टर स्ट्रोक' में ज़्यादा दम है। खैर मज़ाक से अलग जब पहलगाम हमले के जवाब के इंतज़ार में बैठे मीडिया से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बात साझा की तो वाकई यह सबके लिए चौंकने का समय था। शुरुआत में अश्विनी वैष्णव ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के शिलांग से सिलचर तक हाई-स्पीड कॉरिडोर हाईवे परियोजना तथा किसानों के लिए गन्ने के उचित मूल्य की जानकारी दी और आखिर में जब प्रेस ब्रीफिंग खत्म होने वाली थी तभी उन्होंने चुपचाप पॉकेट से एक पर्चा निकालकर जाति जनगणना वाली बात पढ़ दी और आदतन जनगणना न हो पाने की वजह भी कांग्रेस के माथे मढ़ दी। यह सच है कि अंग्रेज जातियों की जनगणना कराता था लेकिन आज़ाद भारत के नेताओं ने इसे नहीं करवाना चाहा था ताकि देश मोटे तौर पर उपजातियों में न बंटे। इस सरकार ने कोविड महामारी के दौरान टाली गई सामान्य जनगणना को भी अब तक नहीं किया है। अंतिम बार यह 2011 में हुई थी और 2021 में होनी थी। 2025 के बजट में भी जनगणना का धन शामिल नहीं है इसलिए इसमें और देरी हो सकती है। शायद अगले आम चुनाव से पहले देश को ये आंकड़े मिलें। फिलहाल तो देश की सारी नीतियां और योजनाएं पुराने आंकड़ों पर चल रही हैं या यूं कहें कि इस सियासत को इन आंकड़ों की ज़रूरत ही नहीं है। धर्म की राजनीति बराबर प्रभावी और नतीजे देने वाली रही है। दो साल पहले सरकार की दिलचस्पी नवजात बच्चे और उसके माता-पिता का धर्म जानने में हो गई थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने जन्म-पत्र के फॉर्म नंबर एक में धर्म के सवाल को जोड़ दिया गया था। अब शायद जातियों में भी रूचि हो गई है।


वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?**

अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?

देश ने बीते कुछ सालों में देखा है कि वह पूरे समय बस चुनाव की नाव में तैरता रहता है। इस नाव में बैठकर ही सबको वैतरणी पार करनी है। हर फैसला सिर्फ चुनाव है। हर घटना, हर उत्सव बस एक चुनाव है। चुनाव के बाद सरकारें भी चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का 240 सीटों पर सिमटना और उत्तरप्रदेश में उसके गणित का बिगड़ना भी एक वजह है। ऐसे में जातियों को गिनकर सही उम्मीदवार उतारकर? दृश्य को बदला जा सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की राजनीति को हिंदुत्व के साथ सामाजिक न्याय के पहलू को जोड़ने की ज़रूरत नहीं है। आक्रामक हिंदुत्व से केवल 18 से 20 फीसदी मतदाताओं का समर्थन मिलता है। दलित जातियां इससे छिटक जाती हैं। भगवा और नीले झंडों में प्रतिस्पर्धा का नज़ारा दिखाई दे रहा है। समाजवादी पृष्ठभूमि का ओबीसी समाज भी इससे चौंक जाता है। ज़ाहिर है कि पार्टी इस संतुलन को साधने की कोशिश में है। बिहार में पिछली सरकार जो यूपीए की रही वह जाति जनगणना करा चुकी थी। तेलंगाना में भी यह गणना हो चुकी है और कर्नाटक में भी। राहुल गांधी भी संसद में ख़म ठोक चुके हैं कि अर्जुन के जैसे ही उन्हें भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना करा के रहेंगे। वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरुदक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर भी कह चुके हैं कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे। अब इस महत्वपूर्ण घोषणा के बाद भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं की बड़ी दुविधा हो गई है कि आखिर जातीय जनगणना के ख़िलाफ़ दिए गए बयानों से किस तरह मुंह फेरें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था- 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात', महाराष्ट्र चुनाव से पहले 'एक हैं तो सेफ हैं'- का नारा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुलंद किया था। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इस गणना के बाद योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' में क्या संशोधन करते हैं।

बिहार में इस साल नवंबर में चुनाव होने हैं। पहलगाम हमले के बाद मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर देश लौटे और फिर बिहार गए थे। इससे पहले एक बड़ी बैठक में उन्होंने दुश्मन देश पाकिस्तान को कड़ी चुनौती दी। फैसला सेना के हाथ छोड़ा और खुली छूट की बात भी कही। साल 2019 में आतंकवादियों ने पुलवामा की घटना को अंजाम दिया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हो गए थे। अभी तक जवाब नहीं मिला कि विस्फोटक किसकी चूक से भीतर आया था। चूक पहलगाम में भी हुई है कि जहां इतने सैलानी थे वहां सुरक्षा बल क्यों नहीं था? तब भी बिहार की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा था- 'इस देश में जितना आक्रोश है, लोगों का खून ख़ौल रहा है। इस समय जो देश की अपेक्षाएं हैं, कुछ कर गुजरने की भावना है। वो भी स्वाभाविक है। हमारे सुरक्षा बलों को पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई है। मैं आतंकी संगठनों और उनके सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि वे बहुत बड़ी ग़लती कर चुके हैं। बहुत बड़ी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। 'एक बार फिर बड़ी कीमत देश के नागरिकों ने ही चुकाई है। सवाल उठता है कि सेना को दी गई छूट की अवधि क्या थी? छूट थी तो फिर यह चूक किसकी है? बहरहाल जाति जनगणना के फैसले के बीच ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'ठाकुर का कुआं' याद आती है कि अब सब अपना होगा-

चूल्हा मिट्टी का
मिट्टी तालाब की
तालाब ठाकुर का।
भूख रोटी की
रोटी बाजरे की
बाजरा खेत का
खेत ठाकुर का।
बैल ठाकुर का
हल ठाकुर का
हल की मूठ पर हथेली अपनी।
फ़सल ठाकुर की।
कुआं ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के
फिर अपना क्या?
गांव?
शहर?
देश?

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका

■ **पी. श्रीकुमारन**

केरल में भाजपा के बहुचर्चित ईसाई-पहुंच कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा किये गये आत्मघाती गोल के कारण गहरा झटका लगा है, यद्यपि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किये जाने के बाद, भाजपा को केरल में ईसाई समुदाय में सेंध लगाने में थोड़ी सफलता मिली थी।

वास्तव में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में ईसाई समुदाय के एक वर्ग द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा और केंद्रीय मंत्री किरेनरिजिजू ने मुनंबम में 600 से अधिक ईसाई परिवारों के बीच उम्मीद जगायी थी, जो केरल वक्फ बोर्ड (केडब्ल्यूबी) के साथ कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। बोर्ड ने इस आधार पर उनकी संपत्ति पर दावा किया है कि यह संपत्ति उसकी है। केंद्रीय मंत्री ने ईसाई परिवारों का पक्ष लेने के लिए मुनंबम का दौरा भी किया।

भाजपा ने शुरू में यह दावा करके उनकी उम्मीदें जगायी थीं कि विधेयक के कानून बन जाने पर इसका पूर्वव्यापी प्रभाव पड़ेगा और इससे उन्हें लाभ होगा। वास्तव में, भाजपा केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) को इसी आधार पर वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल रही थी। लेकिन मुनंबम के ईसाइयों को, हालांकि थोड़ी देर से ही सही, यह एहसास हो गया है कि कानून से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। रिजिजू ने खुद स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि कानून से मुनंबम के निवासियों को केडब्ल्यूबी के साथ उनकी कानूनी लड़ाई में मदद मिलेगी।

**ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।**

ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।

संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के तुरंत बाद, लेखों के प्रकाशन का समय महत्वपूर्ण है, जिसे उनके द्वारा किये गये हंगामे के बाद वापस ले लिया गया है। लेकिन नुकसान हो चुका है। केसीबीसी के आधिकारिक प्रवक्ता फादर थॉमस थारायिल ने स्वीकार किया कि लेख के प्रकाशन का समय निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

लेख में दावा किया गया था कि भारत में कैथोलिक चर्च के स्वामित्व वाली भूमि देश में वक्फ संपत्तियों से कहीं अधिक है। लेख में यह भी कहा गया था कि ब्रिटिश शासकों ने चर्च को लगभग सात करोड़ हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दी थी, और बताया कि 1965 का एक नियम अभी तक लागू नहीं हुआ है, जो औपनिवेशिक युग के चार्टर, वसीयत, पट्टे और किराये के समझौतों को निरर्थक बनाता है।

संसद द्वारा पारित विधेयक केंद्र सरकार को शैक्षणिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्त को विनियमित करने का अधिकार देता है। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने सरकार को कानून के तत्काल कार्यान्वयन के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट 5 मई को इस मुद्दे पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा।

विपक्षी दलों ने चर्च की संपत्तियों पर नियंत्रण करने के केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि मुसलमानों के बाद, मोदी सरकार अब अपने अल्पसंख्यक विरोधी एजंडे के तहत ईसाइयों को निशाना बना रही है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराईविजयन, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केरल में विपक्ष के नेता वीडीसतीशन और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने कहा कि लेख भाजपा-आरएसएस के असली इरादों को उजागर करते हैं, और वह है अल्पसंख्यकों को परेशान करना। विजयन ने अल्पसंख्यक समूहों को एक-एक करके निशाना बनाने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से नष्ट करने की एक बड़ी योजना देखी। भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों को संविधान द्वारा दी गयी गारंटी और सुरक्षा को कमजोर कर रही है।

चर्च द्वारा संचालित दीपिका ने संपादकीय में कहा कि हालांकि आरएसएस ने लेख वापस ले लिए हैं, लेकिन ऑर्गनाइजर ने अभी तक यह स्वीकार नहीं किया है कि उसके द्वारा प्रकाशित जानकारी गलत है। यह केवल उन लेखों के बारे में नहीं है जिन्हें आरएसएस ने वापस ले लिया है या अस्वीकार कर दिया है। यह जिन विचारों को आगे बढ़ाता है और जो कार्य करता रहता है, वे देश में अल्पसंख्यकों, जिनमें ईसाई भी शामिल हैं, की समान नागरिकता की भावना के लिए हानिकारक हैं। लेख में उत्तरी भारत में ईसाइयों पर चल रहे हमलों को भी उजागर किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार की चुप्पी की भी आलोचना की गयी है, जो ईसाई समुदाय के खिलाफ हिंसा करने वालों को बढ़ावा दे रही है।

इसके अलावा, इंडिया करंट्स, जोउत्तरी भारत के क्रिस्ट ज्योति प्रांत के कैपुचिन्स के संरक्षण में प्रकाशित एक प्रकाशन है,और जो एक धार्मिक मण्डली तथा चर्च के बढ़ते डर को प्रतिध्वनित करती है, के संपादकीय में कहा गया कि कई समूह, यहां तक कि कुछ जिन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, इसे जीत के रूप में मना रहे हैं। लेकिन क्या यह वास्तव में जीत है, या केवल एक दु:स्वप्न की प्रयोगात्मक शुरुआत है।

इस सबका एक संचयी प्रभाव यह हुआ है कि राज्य में ईसाई वोट बैंक में अधिक से अधिक पैठ बनाने के भाजपा के श्रमसाध्य प्रयासों को बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिर इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे(एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) इस मुद्दे पर भाजपा की तीव्र बेचैनी से खुश हैं। दोनों को यकीन है कि ईसाइयों का वह वर्ग जो भाजपा के जाल में फंस गया था, अब अपने कदम पीछे खींच लेगा, क्योंकि भगवा पार्टी की धोखाधड़ी उजागर हो गयी है।

## आपके पत्र

### जाति आधारित जनगणना में किसको होगा फायदा,सत्तारुढ़ सरकार या विपक्षी दल को ?

जाति आधारित जनगणना कराने के लिए भाजपा ने स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी के निवास पर हाईलेवल मीटिंग के करने के बाद यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस की पिछले 11 सालों की मांग को पूर्णविराम लग जायेगा। इसके तहत विपक्ष के मुद्दे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। बिहार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व बड़ा मुद्दा हाथ से सरकता जा रहा है। राहुल गांधी ने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा तोड़ने की बात कही थी। नई गणना के साथ ही अब जातियों की गणना की जाएगी। भारत में अब तक न तो जाति गणना हुई है और ना ही कोई सर्वे हुआ है इसलिए कौन कहां और कितनी जातियां हैं कुछ कह नही सकते है। बिहार में जातिगत सर्वे हुआ है जोकि बिहार में पिछड़ा वर्ग और ओबीसी की संख्या अधिक बताई जा रही है। जाति आधारित गणना से सही आंकड़ो का पता लग जाएगा। बिहार में जो अभी मोदीजी की इच्छा के विरुद्ध जाति गणना की गई थी। पिछड़ा वर्ग 27.12 फीसद, जबकि अति पिछड़ा वर्ग 36.01 फीसदी है। बिहार में ओबीसी को 12 प्रतिशत और अतिपिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है। जितनी भागीदारी उतनी हिस्सेदारी का फार्मूला लागू किया जाए तो 63 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। अभी हाल बिहार में एसटी और एससी को 20 प्रतिशतआरक्षण मिला हुआ है। आरक्षण कहां से दिया जाएगा। कहां से मिलेगा। आरक्षण सामान्य वर्ग से काटकर इनको दिया जाएगा। सामान्य वर्ग को नाखुश कर एसटी एससी को खुश करने के लिए सामान्य वर्ग को नाराज किया जाएगा। जाति की गिनती जनगणना के साथ की जाएगी। कांग्रेस जनता दल समाजवादी पार्टी यानी विपक्षी दल हमेशा जाति गणना की बात करते आ रहे हैं। जाति गणना के खिलाफ रही है भाजपा, जनता दल यूनाइटेड और जनता कल बीजेपी की सहयोगी पार्टी है। ये चाहते हैं कि जाति गणना होनी चाहिए। बीजेपी ने हाल के वर्षो में दलितों और पिछड़ो का बड़ा हिस्सा इनके साथ है। भाजपा ने जाति गणना का फैसला लेकर बिहार में कांग्रेस और आरजेडी को बड़ा झटका दिया ही है इससे भाजपा को बड़ा फायदा होगा।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### पंचायती राज में बाधक अभिजात सोच

*'पंचायती राज के प्रति हमारी सरकारें गंभीर नहीं हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए राज्य सरकारों को पंचायतों के कामकाज में हस्तक्षेप करने की बड़ी छूट दे दी गई है। इसके चलते पंचायती राज व्यवस्था राज्य सरकारों की दया पर निर्भर हो गई है। इसलिए कभी मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार दो बच्चों से ज्यादा होने पर चुनाव लडने पर प्रतिबंध लगा देती है तो कभी राजस्थान की भाजपा सरकार ऐसा निर्णय ले लेती है। सांसद और विधायक भी पंचों-सरपंचों को किसी गिनती में नहीं रखते। यह एक बड़ी विसंगति है। हम मानते हैं कि अगर पंचगण शिक्षित हों तो वह बेहतर है, लेकिन जब हम देखते हैं कि हमारे द्वारा चुनकर भेजे गए लोग शिक्षित होने के बावजूद किस तरह का आचरण कर रहे हैं तब यह एकमात्र शर्त संदिग्ध हो जाती है।'*

**( देशबन्धु सम्पादकीय 29 दिसंबर 2014 )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/12/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### महान योद्धा और समाज सुधारक परशुराम

भगवान विष्णु के अवतारों में से एक माने जाने वाले भगवान परशुराम के साथ भी कुछ अद्भुत हुआ माना जाता है। उनके आक्रोश और पृथ्वी को इक्कीस बार क्षत्रियविहीन करने की घटना को तो खूब प्रचारित कर वैमनस्य फैलाने का उपक्रम किया जाता है पर उनके व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को भुला दिया जाता है। पिता की आज्ञा पर मां रेणुका का सिर धड़ से अलग करने की घटना को भी एक आज्ञाकारी पुत्र के रूप में प्रेरक आख्यान बनाकर सुनाया जाता है किंतु सवाल खड़ा होता है कि क्या व्यक्ति केवल चरम हिंसा के बूते जननायक के रूप में स्थापित होकर लोकप्रिय हो सकता है? क्या हैहयवंश के नरेश कार्तवीर्य अर्जुन के वंश का समूल नाश करने के बावजूद पृथ्वी क्षत्रियों से विहीन हो पाई? रामायण और महाभारत काल में तो पृथ्वी पर क्षत्रिय राजाओं के ही राज्य रहे। वे ही उनके अधिपति हुए। इक्ष्वाकु वंश के मर्यादा पुरुषोत्तम राम को आशीर्वाद देने वाले, कौरव नरेश धृतराष्ट्र को पांडवों से संधि करने की सलाह देने वाले और सूत पुत्र कर्ण को ब्रह्मशास्त्र की दीक्षा देने वाले परशुराम ही थे।

ये सब क्षत्रिय थे। इस रूप में विवेचन किया जाए तो भगवान परशुराम क्षत्रियों के शत्रु नहीं,बल्कि शुभचिंतक ही थे। वास्तविकता में भगवान परशुराम आततायी शासकों के प्रबल विरोधी थे। पौराणिक आख्यानों का विवेचन विश्लेषण किया जाए तो समाज सुधारक और जनता को स्वावलंबन से जोड़ने में भगवान परशुराम की अहम भूमिका अंतर्निहित है। केरल, कच्छ और कोंकण क्षेत्रों में जहां परशुराम ने समुद्र में डूबी खेती योग्य भूमि निकालने की तकनीक सुझाई तो वहीं अपने परशु का उपयोग कर जंगलों को साफ कर भूमि को कृषियोग्य बनाने का दायित्व भी निभाया। इन्हीं परशुराम ने हेय माने जाने वाले दरिद्रनारायणों को शिक्षित व दीक्षित कर विप्र बनाया। उन्हें यज्ञोपवीत संस्कार से जोड़ा और उस समय जो दुराचारी व आचरणहीन थे, उनका सामाजिक बहिष्कार किया।

इसी समय क्षत्रियों की शाखाएं दो कुलों में विभाजित हुईं। एक सूर्यवंश और दूसरा चंद्रवंश। चंद्रवंशी पूरे भारतवर्ष में छाए हुए थे और उनका प्रताप चरमोत्कर्ष पर था। हैहयवंशीय अर्जुन वंश चंद्रवंशी था। माहिस्मती नरेश कार्तवीर्य अर्जुन इसी कुल के वंशज थे। भृगु ऋषि इस वंश के राजगुरु थे। जमदग्नि राजगुरु परंपरा का निर्वाह कार्तवीर्य अर्जुन के दरबार में कर रहे थे, किंतु अनीतियों का विरोध करने के कारण कार्तवीर्य अर्जुन और जमदग्नि में मतभेद हो गए। परिणामस्वरूप जमदग्नि महिष्मति राज्य छोड़ कर चले गए। इस गतिविधियों से रुष्ट होकर सहस्त्रबाहू कार्तवीर्य अर्जुन आखेट का बहाना करके अनायास जमदग्नि के आश्रम में सेना सहित पहुंच गए। ऋषि जमदग्नि ने अतिथि सत्कार किया, लेकिन स्वेच्छाचारी और युद्धोन्मादी अर्जुन ने प्रतिहिंसास्वरूप जमदग्नि की हत्या कर दी। उसने पूरे आश्रम को उजाड़ दिया और ऋषि की प्रिय कामधेनु गाय को छीन कर ले गए। आश्रम के अनेक ब्राम्हण ने कान्यकुब्ज के राजा गाधि के राज्य में शरण ली। परशुराम जब यात्रा से लौटे तो इस घटना से क्रोधित होकर उन्होंने हैहयवंश के विनाश का संकल्प लिया और इस हेतु पूरी सामरिक राजनीति को अंजाम दिया।

क्षत्रियों के साथ युद्ध करने के बाद परशुराम ने समाज सुधार व कृषि के प्रकल्प अपने हाथ में लिए। उन्होंने केरल, कोंकण, मालाबार और कच्छ क्षेत्र में समुद्र में डूबी कषियोग्य भूमि को बाहर निकाला था। इस समय कश्यप ऋषि और इंद्र समुद्री पानी को बाहर निकालने की तकनीक में निपुण थे। अगस्त्य को समुद्र का पानी पी जाने वाले ऋषि और इंद्र को जल का देवता इसीलिए माना जाता है। परशुराम ने इस क्षेत्र में अपने परशु का उपयोग रचनात्मक कार्य के लिए किया। उपजाऊ कृषि भूमि तैयार की।

**अखंड ज्योति**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

# प्रदेश में जिला स्तरीय विकास समितियां गठित कर विकास का नया मॉडल लागू करेंगे: डॉ. मोहन यादव



## मुख्यमंत्री ने जबलपुर में नवीनीकृत राजस्व रिकार्ड रूम का फीता काटकर किया लोकार्पण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भू-अभिलेख के व्यवस्थित रखरखाव के लिए जबलपुर में की गई पहल सराहनीय है। राज्य सरकार ने राजस्व प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में कई नवाचार किए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में साइबर तहसील, सम्पदा -1 और सम्पदा 2 के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। अब अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे लाल बस्ते का चलन खत्म हो रहा है। राजस्व रिकार्ड की नकल निकलवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की अब आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व के क्षेत्र में यह एक नूतन व्यवस्था है जो सुशासन के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब नागरिकों को दस्तावेजों की हार्ड कापी और साफ्ट कापी दोनों ही उपलब्ध करवाने की व्यवस्था है। जबलपुर जिला प्रशासन इस पहल के लिए बधाई का पात्र है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर में राजस्व रिकार्ड के नवीनीकरण के नवाचार की शुरूआत हुई है, यह खुशी की बात है और उन्होंने आशा व्याक्तन की कि यह पूरे प्रदेश में होगी। इस उपलब्धि पर उन्हों ने कलेक्टर दीपक सक्सेना सहित जिले की टीम को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यनमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जो नवाचार शुरू हुआ है वह निश्चित ही एक मॉडल बनेगा।

खजुराहो सांसद बीडी शर्मा ने जबलपुर के अपडेटेड राजस्व रिकार्ड रूम का बेहतर कार्य हुआ है और इस नई तकनीकी की शुरूआत होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति जबलपुर जिले में अपने अभिलेखों की स्थिति के संबंध में ऑनलाईन देख सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिला स्तर पर विभिन्न समितियां बनेंगी जिसमें निवार्चित जनप्रतिनिधियों के साथ ही डॉक्टर, वकील और इंजीनियर आदि भी शामिल होंगे। यह एक ऐसा मॉडल होगा,जिसमें विकास का दायरा काफी विस्तृत होगा। मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समितियों के अध्यक्ष और जिला प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। यह मॉडल सम्पूर्ण प्रदेश में लागू होगा और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे

### विश्वविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों में नए-नए उपयोगी पाठ्यक्रम प्रारंभ होने चाहिए। मेडिकल यूनिवर्सिटी भी बहुआयामी पाठ्यक्रमों का संचालन कर सकती है। जिस तरह बी.एसी. एग्रीक्लचर के प्रति युवा आकर्षित हो रहे हैं, वैसे ही अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रम लागू कर विद्यार्थियों का दिल जीतने का कार्य किया जाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पवरतरोही जबलपुर के अंकित सेन को पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में, विधायक अजय विश्नोई सहित रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, विनोद गोंटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यिक्ष रिकुंज विज तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे महापौर निवास

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मदन महल स्थित महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निज निवास पहुँचे और सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश शासन के लोकनिर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, वरिष्ठ सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महापौर ने मुख्यमंत्री सहित सभी जनों का आत्मीय सौगत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू आदि उपस्थित रहे।

## चार वर्षीय बच्ची के पेट से बैटरी निकाली गई



**जबलपुर, देशबन्धु।** शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर में एक चार वर्षीय बच्ची के पेट से आपातकालीन स्थिति में एंडोस्कोपी द्वारा बैटरी सफलतापूर्वक निकाली गई। यह अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया शैल्बी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने तत्परता और दक्षता के साथ पूर्ण की।

डॉ. मनीष तिवारी (छ्ररू गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) ने बताया की बच्ची ने खेलते समय गलती से एक छोटी बैटरी निगल ली थी, जो सीधे पेट में जाकर फँस गई। यदि बैटरी अधिक समय तक पेट में रहती, तो इससे पेट की दीवार में छेद (गैस्ट्रिक पर्फोरेशन) होने की आशंका थी, जिससे स्थिति गंभीर हो सकती थी और ओपन सर्जरी (लैपरोटोमी) करनी पड़ सकती थी। डॉ. मनीष तिवारी (छ्ररू गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) ङ्क(एच. ओ. डी.) डिपार्टमेंट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा आधुनिक तकनीकों की मदद से एंडोस्कोपिक विधि द्वारा बैटरी को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया, जिससे बच्ची को जटिल सर्जरी से बचाया जा सका।

इस प्रक्रिया में डॉ. हिमांशु एनेस्थेटिस्ट,राजकुमार एंडोस्कोपी तकनीशियन एवं ऑपरेशन थिएटर टीम का विशेष योगदान रहा। यह सफलता शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर की विशेषज्ञता, समर्पण और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं का प्रमाण है।

## मेडिकल यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह की तैयारी पूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश आयुर्विज्ञान विवि जबलपुर का द्वितीय दीक्षान्त समारोह 3 मई को नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र घंटाघर के आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। विवि द्वारा समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए विवि के कुलसचिव डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल ने बताया कि द्वितीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने करेंगे। वहीं समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मप्र, विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा वाणिज्यक कर, वित्त योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, राकेश सिंह मंत्री लोक निर्माण विभाग मप्र शासन, नरेन्द्र शिवाजी पटेल राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मप्र, समारोह के सारस्वत अतिथि डॉ. बीएन गंगाधर अध्यक्ष राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली, विवि के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल मंचासीन रहेंगे। समारोह में 32 हजार छात्रों की उपाधि कुलाधिपति द्वारा मान्य की जाएगी एवं 76 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

### ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था

कुलसचिव डॉ. बघेल ने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र घंटाघर के आडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह के लिए पार्किंग की व्यवस्था तैय्यब अली पेट्रोल पंप के पास स्थित क्राइस्चर्च स्कूल प्रांगण में की गई है। यहां से छात्रों व अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए विवि द्वारा शटल एवं ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है।

### आज होगी रिहर्सल

विवि प्रशासन ने बताया कि समारोह की रिहर्सल समारोह स्थल पर दोपहर 2 बजे से की जाएगी। इसके लिए सभी छात्रों को सूचना भेज दी गई है।

## जबलपुर रेल मंडल में की गई ऑनलाइन हैकथॉन प्रतियोगिता

### प्रतियोगी कर्मचारियों को दिया गया पुरस्कार



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा जबलपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 40 उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. उक्त कर्मचारियों ने पूर्व में आयोजित आई.टी. क्षेत्र से संबंधित ऑनलाइन हैकथॉन प्रतियोगिता में अपने-अपने विभाग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये थे, जिन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ क्रमशः 4000/-, 2000/- एवं 1000/- रुपये कुल 98000/- रुपये प्रदान किया गया। साथ ही, उक्त कर्मचारियों में से 6 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबधंक महोदय के निर्देशन में संचालित में कार्य करने हेतु चयन किया गया है।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सुनील टेलर के साथ ही सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## मुंबई से कटिहार के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन संचालन में विस्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** समर के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार-मुंबई सेन्ट्रलसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को 05-05 ट्रिप विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदराम नगर, विदिशा एवं बीना होकर गंतब्य को जाती है।

मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (10 सेवाएं)-ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार साप्ताहिक (प्रत्येक शनिवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 26 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब 03 मई से 31 मई तक और चलती रहेगी। (05 सेवाएं)

ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक (प्रत्येक मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 29.04.2025 तक अधिसूचित थी, अब 06 मई से 03 जून तक और चलती रहेगी। (05 सेवाएं)

समर स्पेशल ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## हनुमानताल वार्ड की पार्षद कविता गोंद्रे का चुनाव निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम के हनुमानताल वार्ड क्रमांक 24 की पार्षद पूनम कविता गोंद्रे को पद से पृथक कर दिया गया है। संभाग आयुक्त अभव वर्मा ने उक्त आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जबलपुर द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19 के अंतर्गत पत्र क्रमांक 236/स्था. निर्वा/2025 जबलपुर दिनांक 7/3/2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि नगर निगम जबलपुर की वर्तमान पार्षद कविता गोंद्रे (कविता रैकवार) वार्ड क्रमांक 24 हनुमानताल द्वारा जाली जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से पार्षद चुनाव में भाग लिया, जिसकी शिकायतकर्ता द्वारा उच्च स्तरीय छानबीच समिति शासन के समक्ष की गई थी।

उपरोक्त शिकायत की जांच उपरांत पिछड़ा वर्ग उच्च स्तरीय छानबीन समिति भोपाल के आदेश दिनांक 6/6/2024 के द्वारा कविता रैकवार के नाम से बनवाये गये पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र क्रमांक आरएस/451/0106/7954/2020 दिनांक 10/11/2020 को निरस्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

छानबीन समिति मध्यप्रदेश द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा पारित आदेश दिनांक 30/8/2024 के निर्देशानुसार अनावेदिका कविता गोंद्रे को प्रकरण के संबंध मे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किये जाने के उपरांत पुनः छानबीन समिति की बैठक आयोजित की गई।

### चुनाव में पिछड़ा वर्ग के फर्जी प्रमाण पत्र के इस्तेमाल की शिकायत

यह कि अनावेदिका ने पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। चूंकि जिस पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ा था, वह जांच समिति की पड़ताल में फर्जी निकला था, इसी के चलते पारित आदेश की प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर एवं आयुक्त नगर निगम जबलपुर को तत्काल अग्रेतर कार्यवाही हेतु भेजी जाये, तत्पश्चात् प्रकरण को नस्तीबद्ध कर अभिलेखागार भेजने के आदेश दिये गये। इस मामले को लेकर **देशबन्धु** ने पूर्व में विस्तार से खबर प्रकाशित की थी।

## श्रम साधकों को बेहतर सेवा प्रदान करना ईपीएफओ का लक्ष्य: राकेश सहरावत




**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में 1 मई को मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यालय मे नियुक्त संविदा श्रम साधकों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया एवं कार्यालय में उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

श्री सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने इस अवसर पर कहा कि आमतौर पर कर्मचारी वर्ग श्रम साधना में लीन रहते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं, जिससे समाज की निरंतर प्रगति होती है। उनहोंने श्रम साधकों को बेहतर से बेहतर सुविधा और सेवा प्रदान करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सदैव प्रयासरत रहने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर कार्यालय के सहायक आयुक्त, सुरेश कुमार ठाकुर एवं करूणाकर पांडे तथा लेखाधिकारी आशीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रवर्तन अधिकारी रूप सिंह मरावी द्वारा किया गया।

## रखरखाव को लेकर बिजली बंद रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर संभाग विजय नगर अंतर्गत 11 केवी फीडर का रखरखाव का कार्य किया जा रहा है, इसी के चलते आज 2 मई को सुबह प्रातः 08: 30 बजे से 12: 30 बजे तक उपकेंद्र के. वी.माढोताल सबस्टेशन एवं ग्रामीण अंचल के रिहायशी इलाकों में बिजली बंद रहेगी। लमती, जैन मंदिर सिसोदिया पेलेस, मानस चौक,गणेश परिसर, सप्त्रीशी नगर, बचपन स्कूल, अनमोल वाटिका, विद्यासागर विहार, माँ रेवानगर, प्रोफेसर कॉलोनी, शंकर नगर , सुधासागर विहार, बजरंग कॉलोनी, करमेता बस्ती, लाल हवेली के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## सफाई कामगारों की समस्याओं के निराकरण हेतु धरना



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर नगर निगम के अधीन कार्यरत सफाई कामगारों को लंबे समय से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन द्वारा लगातार शिकायतों के बावजूद इन बिन्दुओं पर कोई स्थायी कार्यवाही नहीं की जा रही है, अतः मजदूर दिवस 01 मई के अवसर पर सफाई कामगारों की ओर से निम्मलिखित मांगों के निराकरण हेतु धरना किया गया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना की अगुवाई में धरना दिया गया। सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। ठेकेदारों द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि का नियमित और सत्यापन योग्य जमा न किया जाना गंभीर समस्या है, इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए। शासन द्वारा निर्धारित कार्य समय से अधिक अत्याधिक श्रम लिया जा रहा है, जो अमानवीय है इस पर नियंत्रण लगाया जाए, वेतन से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान दिलाया गया।

## अपर आयुक्त ने मदन महल स्टेशन परिक्षेत्र स्थित सम्पत्ति का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम के अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम मध्य रेल्वे के मदन महल स्टेशन परिक्षेत्र नरसिंह वार्ड में स्थित सम्पत्ति के निर्माण के अनुरूप उपयोग निर्मित क्षेत्र की जानकारी एवं भूमि भवन का नाप करने, नगर निगम का अमला दोपहर 12:40 बजे पहुँचा जहाँ पर स्टेशन परिसर के बाहर स्थित वरिष्ठ खंड अभियंता आर.के. गुप्ता द्वारा सम्पत्ति की नाप करने से मना किया गया, जबकि रेल प्रशासन लगातार पत्राचार कर रहा है।




इस प्रकार का अंकुश लगाने से प्रचलित कार्यवाही जो बकाया करों के लिए प्रचलन में है वह प्रभावित हो रही है। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र सिंह कौरव, राजस्व निरीक्षक ऋषि कुसरे, प्रमोद श्रीवास्तव, एवं संभाग के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा नाप पर आपत्ति है, वित्तीय वर्ष 2025-26 में सर्वे में रेलवे सम्पत्ति में जो भी परिवर्तन आयेगें उसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की डिमांड में सुधार किया जायेगा तथा रेलवे से पूर्व रहवासी और व्यवसायी सम्पत्ति की माँग लगातार की जा रही है जो आप्राप्त है। उन्होंने बताया कि बकाया करों पर भुगतान की कार्यवाही दोनो विभागों से प्रचलन में है, उक्त सर्वे की कार्यवाही संभाग क्रमांक 4 अंतर्गत रेल्वे प्रशासन की सम्पत्ति में की गई।

**शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन चलाई जा रही है प्रतिदिन**-शहर के नागरिकों को गर्मी से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार लगातार शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशनी प्रतिदिन चलाई जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में गर्मी एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने की दिशा में शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन चलवाई जा रही है।



**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यक्रम में यूनियन के सभी पदाधिकारियों के साथ अनिल कोस्टा, दीप विश्वकर्मा, मिथुन, रवि अन्ना, सुदित, रूपेश, विजय, सूरज, सर्वेश, ऋषि, भीम, विनय, अमित उपाध्याय जैसे सैकड़ों यूनियन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मजदूरों ने मनाया श्रमिक दिवस



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस की 140 वी वर्षगांठ शहर भर में धूम धाम से मनाया गया। मजदूर दिवस के दिन आयुध निर्माणी खमरिया में लेबर यूनियन द्वारा प्रभात फैरी निकली गई, जिसमें सैकड़ों मजदूर शामिल हुए पूरे निर्माणी रहवासी क्षेत्र में भ्रमण करने के बाद खमरिया बाजार में रैली का समापन किया गया। सिविक सेंटर में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों कि सामूहिक रैली निकाली गई। जिसमें एटक, सीटू से संबंधित सभी यूनियनों के साथ साथ काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन, मध्य प्रदेश आंगनवाड़ी एवं सहायिका यूनियन, नेशनल फैडरेशन ऑफ टेलीकॉम आदि संगठन शामिल हुए।

**कृषि उपज मंडी पल्लेदार संघ एवं अखिल भारतीय महिला सशक्तिकरण संगठन**–आज कृषि उपज मंडी जबलपुर के सामने स्थित श्रमिक शेड में, विश्व श्रमिक दिवस एवं मई दिवस को भवन निर्माण श्रमिक संघ, कृषि उपज मंडी पल्लेदार संघ एवं अखिल भारतीय महिला सशक्तिकरण संगठन जबलपुर द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति शक्ति वर्मा (न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर) एवं सूर्यकांत सिरवैया (सहायक श्रम आयुक्त महोदय) जबलपुर संभाग रहे। रामकिशोर शिवहरे, नोखेलाल प्रज्ञा, रीतेश सिंह, रतन गर्ग, त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, अमरेश पटेल रहे। इस अवसर पर दंत परीक्षण शिविर ई-श्रमिक कार्ड बनाने का आयोजन किया जिसका सभी श्रमिकों ने लाभ प्राप्त किया। देवेन्द्र प्रसाद बाजपेई जी एवं बलराम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन घनश्याम चक्रवर्ती ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न श्रमिक संगठनों से श्रीमति आरती ठाकुर, दिलीप चौधरी, प्रकाश लोधी आदि पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या मौजूद थे।

## अजाक्स संघ अध्यक्ष अमित मेहरा द्वारा श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान

नगर निगम परिसर में स्थित अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा द्वारा आज मजदूर दिवस के उपलक्ष में नगर निगम में कार्यरत श्रमिकों को शॉल, श्रीफल एवं संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया, साथ ही नगर निगम आयुक्त से यह भी मांग की गई कि नगर निगम जबलपुर में कार्यरत समस्त श्रमिकों को 1 मई को मजदूर दिवस के उपलक्ष में अवकाश प्रदान किया जाए।

## जबलपुर मंडल के जबलपुर स्टेशन पर मनाया गया मजदूर दिवस



जबलपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन में मजदूर दिवस के अवसर पर स्टेशन निदेशक संजय शर्मा द्वारा जबलपुर स्टेशन पर कार्यरत संविदा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संजय जयसवाल स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य), प्रकाश चंद्र सेन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं राजेश प्रसाद गुप्ता स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ ही ठेकेदार अरविंद सिंह परिहार उपस्थित थे।

# म.प्र. कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस




**जबलपुर, देशबन्धु।** हृदय रोग विशेषज्ञ, नवीनतम तकनीकों और खोजों पर करेंगे विचार मंथन। मप्र - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस जबलपुर में 3 व 4 मई 2025 को आई टी सी होटल वेलकम में आयोजित की जा रही है। कांफ्रेंस का आयोजन अकादमी ऑफ़ कार्डियक साइंसेज (ऐसीएस) जबलपुर के द्वारा किया जा रहा है। आयोजक ऐसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ दिलीप तिवारी ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास है इस कांफ्रेंस में देश और विदेश के दिग्गज हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हो रहे है, जिनमें की अमेरिका के प्रतिष्ठित माउंट सिनाई हार्ट सेंटर न्यूयॉर्क से डॉ समीन शर्मा, मुंबई से डॉ आनंद राव और डॉ ब्रजेश कुमार कुंवर, दिल्ली से डॉ प्रवीण चंद्रा, डॉ अतुल माथुर, डॉ ऐस राधाकृष्णन, डॉ आर आर मंत्री, डॉ निशीथ चंद्रा और डॉ रजनीश कपूर, हैदराबाद से डॉ शरथ रेड्डी, चेन्नई से डॉ सिवा कुमार, बंगलुरु से डॉ डी एस चड्ढा, लखनऊ से डॉ ऋषि सेठी, नागपुर से डॉ जसपाल अरनेजा, डॉ प्रशांत जगताप, इंदौर से डॉ सरिता राव, एवं भोपाल, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर जैसे अन्य कई शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हैं। इस आयोजन में हृदय रोगो से बचाव से लेकर हृदय की जटिल बीमारियों का इलाज, बिना सर्जरी वाल्व प्रत्यारोपण, बच्चो के हृदय की समस्या, अनियमित धड़कनो का अबलेशन से इलाज, लीडलेस पेसमेकर प्रत्यारोपण, हृदय की नली की दूरबीन से जांच, चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। पैनल डिस्कशन के माध्यम से हृदय रोगो के चुनौती पूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

शोधकर्ता व छात्रों के द्वारा पोस्टर व शोध पेपर भी प्रस्तुत किए जाएँगे। इस कांफ्रेंस के पूर्व 1 मई को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी साझा की गई जिसमें की जबलपुर शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल , डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, , डॉ अमित किनारे, डॉ आशीष तिवारी, डॉ शिशिर सोनी, डॉ अभिषेक गायकवाड, डॉ एहतेशाम अंसारी, डॉ भाविक धीरावाणी और डॉ हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।

# लघुकथा महत्वपूर्ण संदेश देती है

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर प्रसंग अंतराष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में एवं ईजी, विनोद नयन के मार्गदर्शन में साहित्य संसार संस्था ने लघु कथा उत्सव का आयोजन किया गया , इंजी. विनोद नयन ने बताया कि लघुकथा एक संक्षिप्त प्रभाव शाली कहानी होती है जो कम शब्दों में पाठकों एवं श्रोताओं को मनोरंजन के साथ कोई महत्वपूर्ण संदेश देती है, अतिथियों ने बताया कि लघुकथा, कथानक, परिवेश,प्रभावी संवाद, निरंतरता, जिज्ञासा एवं रचनात्मकता से परिपूर्ण होती है जिसमें कोई महत्वपूर्ण संदेश छिपा होता है,इस अवसर पर संस्था को संस्थापक डॉ.रानू रूही, संरक्षक श्री मृगेंद्र नारायण सिंह,श्रीमती रजनी कटारे, डॉ.शोभा सिंह अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल, **महिला प्रकोष्ठ** अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना शर्मा उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना अर्चन सचिव तरुणा खरे सह सचिव डॉ. गीता पांडे बेबी सहित तीनों संस्थाओं के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। लघु कथा उत्सव में, साहित्य संसार, शब्दरथ, काव्य कलश एवं प्रसंग संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रमाकांत ताम्रकार, डॉ.विनीता पाण्डेय विनीत, डॉ गीता पांडे, डॉ. छाया सिंह,श्रीमती इंदु सिंह कंचन,,श्रीमती रजनी कटारे,डॉ संध्या पाठक, श्रीमती निर्मला तिवारी निर्मल,डॉ.शोभा सिंह, श्रीमती रश्मि पाण्डेय शुभि,श्रीमती कृष्णा राजपूत, श्रीमती तरुणा खरे, डॉ.अरुणा पाठक आभा रीवा डॉ संध्या उपाध्याय, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, श्रीमती, डॉ. विजय तिवारी किसलय, दिनेश सेन शुभ,अभिमन्यु जैन,एम पी कोरी, डॉ. मकबूल अली सहित **50 कथाकारों ने अपनी लघुकथा का वाचन किया,** आयोजन में डॉ सुरेन्द्र लाल साहू, अनिल पाठक निर्विकार,श्रीमती अर्चना द्विवेदी, ज्ञानेश्वर द्विवेदी, श्रीमती प्रीति आगीन सहित नगर के साहित्यकार उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन साहित्य शिल्पी इंजी. विनोद नयन ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ रानू रूही ने किया।

# भगवान रूक्मणेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गयी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस नर्सिंग कॉलेज के विजय नगर स्थित परिसर में नवनिर्मित मंदिर में अक्षय तृतीया के शुभ महुर्त में श्री भगवान रूक्मणेश्वर महादेव की स्थापना की गयी। इस अवसर पर भोलेनाथ की शोभा यात्रा धूम-धाम से निकाली गयी जिसमें नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हर-हर महादेव के उद्घोष किये।



अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान रूक्मणेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा पंडित रोहित दुबे एवं पंडित सौरभ दुबे द्वारा संपन्न करायी गयी। इस अवसर पर बगलामुखी शक्ति पीठ के स्वामी चेतन्यानंद महाराज उपस्थित थे। तत्पश्चात् इस अवसर पर प्रसाद भन्डारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री भगवान दास भाई धीरावाणी ,श्रीमती रूक्मणी धीरावाणी, डॉ. राजेश धीरावाणी, दिनेश धीरावाणी, प्रकाश धीरावाणी, डॉ. जतिन धीरावाणी, डॉ. रिचा धीरावाणी, डॉ. भाविक धीरावाणी, डॉ. देवकृति धीरावाणी, जयेश पालन, दर्शना महीधर उपस्थित थे कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शबाना अंजुम, उपप्राचार्य श्वेता ग्रिगसन, यशोदा श्रीवास्तव उपस्थित थी नर्सिंग कॉलेज के स्टॉफ श्रीमती शहनीला अंजुम, ज्येति, अंकिता, अक्षय,अजय विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# गौदान कर मनाया श्रीराम दरबार स्थापना दिवस



**जबलपुर, देशबन्धु।** परमहंस माँ ललिता देवी की अक्षय तृतीया पर निरंतर सवलक्षा गौदान की अक्षय परम्परा का निर्वहन करते हुए माँ ललिताधाम के संचालक-संस्थापक श्रीमती ममता गर्ग एवं पं. धीरेन्द्र कुमार गर्ग ने 29 वां सवत्सा गौदान किया।

जानकीनगर जगदम्बा कालोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर में परमहंस माँ ललिता देवी द्वारा स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के सत्रहवें स्थापना दिवस पर भगवान की पूजन अर्चन, सुन्दर काण्ड प्रसाद वितरण आदि का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पं. विजय, हिमांशु तिवारी, अनमोल दुबे, मोन्टी सइकिया सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 02 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की पंचमी नक्षत्र-आर्द्रा।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने पहलगाम हमले के विरोध में दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के पेंशनर्स ने पहलगांव में हुये कायराना हमले के विरोध में मालवीय चौक पर शाम 5.30 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके आतंकवाद के समूल नष्ट करने की मांग की जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आज शाम 5.30 बजे जिले के पेंशनर्स पदाधिकारियों ने मालवीय चौक में एकत्रित होकर पहलगांव में हुए हमले के विरोध में नारेबाजी की, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये तथा निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। म.प्र. के 5.5 लाख पेंशनर्स तथा उनके परिजन पूरी तरह से केन्द्र शासन द्वारा की गई कार्यवाही का समर्थन किया है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कलेक्टर नरसिंहपुर मा. वैदप्रकाश शर्मा (आई.ए.एस.), एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डे, एम.एल. चौकसे, बिजय चौकसे, राकेश श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आर.बी. साहू आदि अनेकों पेंशनर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् उरमलिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## तमिल संस्थाओं द्वारा पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

भारत माता चौक पेन्टी नाका सदर कैंट में पहलगाम कश्मीर में आतंकियों द्वारा हिंदुओं के नाम पूछ पूछ कर क्रूरता पूर्वक हमारे भारतीयों की हत्या के विरोध में तमिल संघम जबलपुर,अंडाल वैष्णवी सभा गोराबाजार, तुरुवेकट मुडेयान सभा सदर, मारी अम्मा मंदिर नेहरु नगर, बालाजी मंदिरट्रस्ट सिविक सेंटर, तमिल संघम जबलपुर संभाग, के संयुक्त आव्हान पर पहलगाम आतंकवादियों का पुतला दहन किया तथा हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं के लिए शांति की प्रार्थना की हम सब भारतीय एक हैं सुभाष पिल्ले, तमिल संघम जबलपुर, नितेश पिल्ले, अंडाल वैष्णवी सभा गोरा बाजार,आकाश नायडू तुरुवेकट मुडयान सभा सदर धनराज पिल्ले मारी मम्मा मंदिर नेहरू नगर विजय शेखर चारी बालाजी मंदिर ट्रस्ट सिविक सेंटर तमिल संघम जबलपुर संभाग ।



## म.प्र. में फ्यूल सरचार्ज में सबसे ज्यादा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अप्रैल माह में की गई फ्यूल सरचार्ज की वृद्धि देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है। मार्च के 0.75 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज को अप्रैल में 3.92 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। यह 3.17 प्रतिशत की वृद्धि वर्तमान में देश में सबसे ज्यादा देखी गई है क्योंकि अन्य राज्यों में औसतन केवल 2 प्रतिशत तक ही फ्यूल सरचार्ज वृद्धि की गई है। फ्यूल सरचार्ज में हुए वृद्धि का खामीयाजा यह हुआ कि मई माह के बिलों की राशियां 4.81 प्रतिशत बढ़ोत्तरी से वसूल की जायेगी। प्रदेश में पहले से ही बिजली के रेट 3.46 प्रतिशत से बढ़ाये गए हैं उसके साथ फ्यूल सरचार्ज की वृद्धि भी जोड़ी जायेगी।

# विवेचना के कला मेले का उद्घाटन संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की सक्रिय नाट्य संस्था विवेचना थियेटर ग्रुप द्वारा जबलपुर में स्कूली बच्चों की वर्कशॉप का उद्घाटन आज संपन्न हुआ। यह बच्चों का यह कला मेल 1 मई से 30 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में 6 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। बच्चों का यह कला मेला विंग्स ऑफ जॉय स्कूल, एम आर 4, विजय नगर मुस्कान प्लाजा के पास में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से 12 बजे तक संचालित होने जा रहा है। इस कला मेले में गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नाटक, संगीत, नृत्य, गायन, क्राफ्ट और ड्राइंग-पेंटिंग सिखाई जाएगी। बच्चों को खेल खेल में विभिन्न कलाओं का ज्ञान दिया जाएगा।



और मोबाइल-कम्प्यूटर गेम्स से दूर रखकर उन्हें अपने मन के मुताबिक खेलने और कलाओं को सीखने का अवसर मिलेगा। बड़े बच्चों को थियेटर गेम्स, चरित्र अध्ययन, मूवमेन्ट, नृत्य और संगीत के माध्यम से नाटक से जुड़ने और व्यक्तित्व विकास का अवसर मिलेगा। वर्कशॉप को आदित्य रूसिया व अन्य विशेषज्ञ संचालित कर रहे हैं। सिट, रन, वॉक, जंप, फ्रीज, सर्कल, लाइन, फ्रॉग वॉक आदि। इस गेम को काउंट्स पर किया गया, जैसे वन पे वॉक, टू पे फ्रीज, थ्री पे सिट। इसके बाद, हमने बच्चों के साथ एक सर्कल में बैठकर उनका परिचय लिया। लगभग बीस बच्चे आज हमारी इस कार्यशाला में उपस्थित थे। फिर, हमने संगीत की क्लास की, जिसमें हमने ताल दादरा के बारे में बात की और हाथों पर ताली देकर बजाना सीखा। हमने दादरा ताल की प्रैक्टिस की। इसके बाद, हमने सफदर हाशमी का गीत पढ़ना लिखना सीखो, ओ मेहनत करने वालों गाया।

फिर, पाँच मिनट का ब्रेक लिया गया और उसके बाद एक इम्प्रोवाइजेशन बनाया, जिसमें बच्चों ने नाटक में होने वाली विभिन्न चीजों के बारे में बताया, जैसे कि संगीत, चित्रकला, पेंटिंग, स्कल्पचर, डांस, क्राफ्ट, सेट, कॉस्ट्यूम, मेकअप आदि। बच्चों ने एक परफॉर्मेंस के माध्यम से इन सभी चीजों को दिखाया और सभी ने अच्छे से इस इम्प्रोवाइजेशन को खेला।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री सुदर्शन मदान**– गोरखपुर रतन कॉलोनी निवासी श्री सुदर्शन मदान (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शक्ति परियार**– रिज रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री ओम बहादुर परियार की धर्मपत्नी श्रीमती शक्ति परियार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवकी बाई कहार**– घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री हीरा कहार की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई कहार (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला देवी**– अनुश्री परिसर गली नं. 3 बिलहरी निवासी श्री प्रहलाद की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जनक नंदनी**– बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री मुरारी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती जनक नंदनी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार**– पाल कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री अशोक कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## शादी को बचा था एक सप्ताह, ससुराल वालों ने मांगे 11 लाख व कार

### युवती ने थाने पहुंचकर दर्ज कराया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** सगाई और लगुन का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद लड़की पक्ष विवाह की तैयारियों में लगा हुआ था। दहेज लोभी ससुराल पक्ष ने विवाद से एक सप्ताह फोन पर दहेज में 11 लाख रुपये तथा कार की मांग करने लगे। बातचीत करने पर मांग पूरी नहीं होने पर लड़के पक्ष की तरफ से शादी तोड़ने की धमकी दी गयी। जिसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर लड़के पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

गोहलपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय युवती ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी विवाह अधारताल सुहागी कृष्णा कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र झारिया से 6 मई को होना निर्धारित था। ओली भराई तथा वर इच्छा का कार्यक्रम घर से हुआ था तथा लगुन और सगाई का कार्यक्रम गुलजार होटल में 27 अप्रैल को संपन्न हुआ। सगाई में लड़के



वालों को दो लाख रुपये नगद व एक सोने की अंगूठी कीमती सवा लाख व 60 हजार रुपये के कपड़े दिये गये। सगाई के दो दिन बाद 29 अप्रैल को उसके पिताजी के फोन पर लड़क की माँ ने फोन कर ग्यारह लाख रुपये नगद व एक कार मांग करते हुए शादी नहीं की धमकी दी।

इस संबंध में लड़की पक्ष के लोग चर्चा करने लड़के पक्ष के घर गये। लड़की पक्ष के लोगों ने उक्त रकम व कार देने में असमर्थता व्यक्त की। जिस पर शैलेन्द्र झारिया एवं उनकी मां सरोज झारिया, पिता भगवत झारिया, बहन शिल्पी झारिया, भाई पवन राज, आस्था झारिया, शुभम झारिया, चंद्रिका मेहरा, उमा झारिया ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके अलावा उसी दिन लड़के की दूसरी युवती से शादी करवाने की धमकी दी। युवती की तरफ से बताया गया कि बारात घर, टेंट, कैटरिंग, बेंड, कैमरे की एडवांस बुकिंग के अलावा शादी के कार्ड का बांटे जा चुके है। लड़के पक्ष द्वारा दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़े जाने से उसकी एवं उसके परिवार की सामाजिक बदनामी हुयी है। जिस कारण वह आर्थिक एवं मानसिक रूप से अत्याधिक परेशान है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

## नशीले इंजेक्शन के कारोबार से जुड़ा आरोपी पकड़ाया

### दो सौ नग इंजेक्शन बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल पुलिस ने रविदास नगर के पास से नशीले इंजेक्शन का कारोबार करने वाले एक आरोपी को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने दो सौ नग नशीले इंजेक्शन व सात हजार रुपये की नगदी और एक मोबाईल जप्त किया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविदास नगर काली मंदिर के समीप दबिश दी गई। जहां से रामगोपाल चड़ार निवासी दीनदयाल नगर मकरोनिया जिला सागर वर्तमान पता करमेता माढ़ोताल को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से पुलिस ने सात हजार रुपये की नगदी बरामद व एक सेमसंग कंपनी का मोबाईल बरामद किया। आरोपी के पास मिले थैले से पुलिस ने कागज के 8 कार्टून में फेनिरामिन मैलेट इंजेक्शन की कुल 200 शीशी नग बरामद की। उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर सागर निवासी ब्रजेश यादव नामक व्यक्ति द्वारा लाकर देने पर फुटकर ग्राहकों को बेचना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 200 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन नगदी 7 हजार रुपये तथा 1 सैमसंग कंपनी का मोबाइल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## नाबालिग बच्ची को मंडला बुलाकर तीन दिनों तक किया गैंगरेप

### आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

**जबलपुर,देशबन्धु।** सोशल मीडिया में दोस्ती करने के बाद युवक ने नाबालिग बच्ची को मिलने के लिए मंडला बुलाया। युवक व उसके दोस्त ने तीन दिनों तक नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ दुराचार किया। नाबालिग लड़की घर वापस लौटी तो घटना के संबंध में परिजनों को बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पास्को,गैंगरेप,अपहरण सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न षर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र निवासी कक्षा सातवी में पढने वाली 14 वर्षीय किशोरी की दोस्ती सोशल मीडिया में मंडला निवासी राजन नामक युवक से हुई थी। दोनों की बीच फोन में बातचीत प्रारंभ हो गयी थी। इस संबंध में परिजनों को जानकारी लगने पर उन्होंने किशोरी से मोबाइल ले लिया था। किशोरी से मिलने युवक फरवरी माह में जबलपुर आया था और इस दौरान उसे नया मोबाइल दिलवाया था। किशोरी की माँ विगत 17 अप्रैल को शहर से बाहर गयी हुई थी। इस दौरान युवक ने फोन कर किशोरी को मंडला बुलाया था। किशोरी 21 अप्रैल को बस से मंडला पहुंची थी। मंडला में उसे युवक का दोस्त मिला जो उसे लेकर अपने घर गया। युवक व उसका दोस्त तीन दिन तक किशोरी के साथ घर में गैंगरेप करते रहे। माँ ने युवक को फोन कर पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी तो उसने 24 तारीख को उसे जबलपुर जाने के लिए बस में बैठा दिया। युवक ने किशोरी को धमकी दी थी कि घटना के संबंध में किसी को बताया तो बनाया गया अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। किशोरी ने मंगलवार को थाने पहुंचकर घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी युवकों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।।** गोसलपुर थाना अंतर्गत एनएच-30 झुझारी तिराहे पर एक बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों को चोटे आ गई, जिनमें से एक को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि नुन्जी-नुन्जा निवासी 26 वर्षीय जितेन्द्र लोहार फर्नीचर का काम करता है। बीते दिवस वह अपनी नई मोटर साइकिल में अपने साथी रवि कोल को बैठाकर जबलपुर से वापस अपने घर जा रहा था। शाम सात बजे के करीब जैसे ही वे एनएच-30 झुझारी तिराहा पर पहुंचे, उसी समय पीछे की ओर से आ रहीं बाईक चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

## नमक,जीरा व सिगरेट पर चोरों ने किया हाथ साफ

**जबलपुर,देशबन्धु।** चोरों के द्वारा नमक,जीरा व सिगरेट के पैकेट पर हाथ साफ किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। गढा थानानतर्गत दुकान के बाहर रखी नमक की बोरियो पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। कोतवाली थाना अंतर्गत किराना व्यवसायी का सिगरेट और जीरे से भरी बोरी को अज्ञात चोर चुरा ले गये। पुलिस ने दोनों प्रकरण में अपराध दर्ज करते हुए अज्ञात चोरों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। गढा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपाल सिंह की दुकान के सामने रखी नमक की पांच बोरी अज्ञात स्कूटी सवार चोर उठाकर ले गये। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

कोतवाली थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल माटी द्वारका नगर निवासी 43 वर्षीय महेश कुमार जेठवानी किराना दुकान का व्यवसाय करते है। जो विगत 19 अप्रैल को किराने का सामान लेने मुकादम गंज वासुदेव टेडर्स आये थे। उन्होंने अलग-अलग कंपनियों की सिगरेट और पांच किलो जीरा कुल कीमत चालीस हजार पांच सौ रुपये का खरीदकर एक बोरी में पैक करवाया था। इसके बाद बोरी को अपनी ई-बाईक में रखकर गलगला नरघैया दूसरी दुकान पर खरीदी करने गये। जब लौटकर आये तो उनकी गाड़ी में रखी बोरी गायब थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

## शादी समारोह से लौट रहे युवकों को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर

### बरेला बाईपास में नर्मदा ढाबा के समीप हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत बाईपास नर्मदा ढाबा के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाईक सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये जबलपुर भिजवाया गया है।




पुलिस ने बताया कि हनुमानताल बरियातले मोतीनाला निवासी 40 वर्षीय शादाब अंसारी बीती शाम अपने साथी मोहम्मद असलम अंसारी, दिवाकर यादव व प्रिंस चौधरी के साथ अपने दोस्त की शादी में ग्राम उदयपुर गया था। वहां से वापस लौटते समय रात्रि करीब दस बजे जैसे ही वे बरेला बाईपास नर्मदा ढाबा के समीप पहुंचे, उसी समय पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एन 7848 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोहम्मद असलम की मोटर सायकल में टक्कर मार दी। जिससे मोहम्मद असलम, प्रिंस चौधरी एवं दिवाकर यादव मोटर सायकल सहित गिर गये, गिरने से तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयी हैं। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## आईजी सिर्फ विवेचना अधिकारी बदल सकते हैं गिरफ्तारी नहीं रोक सकते

### एक इस्पात कंपनी को हड़पने के मामले में निरस्त की कंपनी के डायरेक्टरों की अपील निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने कटनी की एक इस्पात कंपनी को हड़पने के मामले में निरस्त की कंपनी के डायरेक्टरों की अपील निरस्त कर दी। युगलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि आईजी सिर्फ विवेचना अधिकारी बदल सकते हैंए गिरफ्तारी नहीं रोक सकते। दरअसल, यह बहुचर्चित प्रकरण कटनी के विधायक संजय पाठक के पूर्व कर्मचारी महेंद्र गोयनका द्वारा साजिश रचे जाने से संबंधित है। हाईकोर्ट द्वारा अपील निरस्त किए जाने के साथ ही कंपनी को हड़पने की गोयनका की साजिश नाकाम हो गई है। यही नहीं यूरो प्रतीक इस्पात कंपनी के तीनों फरार डायरेक्टरों की गिरफ्तारी का रास्ता भी साफ हो गया है।

हाईकोर्ट ने कंपनी के तीन डायरेक्टरों की गिरफ्तारी रोकने आईजीए जबलपुर जोन के पत्र पर हैरानी जताई थी। इसके साथ ही आईजी से स्पष्टीकरण तलब कर लिया था। हाईकोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में साफ किया कि आईजी वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते किसी भी मामले का विवेचना अधिकारी तो बदल सकते हैं, लेकिन अग्रिम जमानत निरस्त होने के बाद वे आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं रोक सकते। इसके साथ ही युगलपीठ ने रायपुर में रहने वाले उन चार डायरेक्टरों की अपील को निरस्त कर दिया, जिन पर गोयनका के इशारे पर कटनी की एक कंपनी को हड़पने के आरोप लगे हैं। उल्लेखनीय है कि कटनी अंतर्गत माधव नगर निवासी हरनीत सिंह लांबा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के नौ अक्टूबर 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी के हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड के छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिए गए थे। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 22 अप्रैल को आईजी के नौ अक्टूबर 2024 को जारी पत्र को आड़े हाथों लेते हुए न सिर्फ आईजी को तलब किया था, बल्कि कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के उसी आदेश को चुनौती देकर डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव की ओर से हाई कोर्ट में अपील दायर की गई थी। अपील पर हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरनीत सिंह लांबा की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह व शर्मिला इरम फातिमा व राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने पक्ष रखा। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए उस पर न सिर्फ हस्तक्षेप से इनकार कर दिया बल्कि हिमांशु श्रीवास्तव की अपील को भी निरस्त कर दिया।

## जबलपुर स्थित मौर्य कालीन बौद्ध मठ पहुंच मार्ग से हटाओं अतिक्रमण

### हाईकोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में लम्हेटा घाट गोपालपुर के समीप मौर्यकालीन हजारों वर्ष प्राचीन बौद्ध मठ स्थित शासकीय जमीन पर कब्जा कर पहुंच मार्ग बंद किये जाने को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए उक्त पहुंच मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटाने के अंतरिम आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

बौद्धिस्ट सुसायटी ऑफ इंडिया के रीजनल हेड सुखलाल वर्मा व अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दादा बैजनाथ कुशवाहाकी की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि लम्हेटा घाट गोपालपुर के समीप मौर्य कालीन हजारो वर्ष प्राचीन बौद्ध मठ है, जिसे मुड़िया बौद्ध मठ के नाम से जाना जाता है। उक्त मठ से लगी 32 एकड़ शासकीय जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करके बौद्ध आने जाने का रास्ता बंद कर दिया गया। जबकी बौद्ध मठ तक तत्कालीन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने 27 जनवरी 2021 को मध्य प्रदेश टूरीज्म बोर्ड को पत्र लिखकर राशि




स्वीकृति चाही थी। जिसके बाद मध्य प्रदेश शासन के पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल द्वारा 15 जून 2012 को जबलपुर लामेटा घाट मुड़िया मठ बौद्ध स्तूप को एनसाईंट मॉन्यूमेंट्स एंड आर्कियोलॉजिकल साइट्स एंड रीमेंस एक्ट 1964 की धारा 3 की उप धारा-1 के तहत प्राचीन स्मारक राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने की अधिसूचना जारी की गई। इतना ही नहीं 1 अप्रैल 2015 को पुरातत्व विभाग द्वारा मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग को पत्र लिखकर उक्त बौद्ध मठ को प्राचीन स्मारक के रूप में शामिल करने हेतु अंतिम अधिसूचना जारी करने का अनुरोध किया गया। इसके बावजूद भी शासन स्तर पर उक्त प्राचीन कालीन बौद्ध मठ को संरक्षित करने हेतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण बौद्ध मठ से लगी 32 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर पहुंच मार्ग बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आवेदकों की तरफ से कई बार शासन-प्रशासन को पत्र भेजे गये। इतना ही नहीं धरना प्रदर्शन भी किया गया परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। याचिका में मध्य प्रदेश शासन प्रमुख सचिव राजस्व विभाग वल्लभ भवन भोपाल, प्रमुख सचिव आर्कियोलॉजिकल गवर्नमेंट आफ मध्य प्रदेश, प्रमुख सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, सचिव टूरिज्म एंड कल्चरल डिपार्मेंट गवर्नमेंट आफ मध्य प्रदेश, कलेक्टर जबलपुर, एसडीओ रेवेन्यू जबलपुर, तहसीलदार जबलपुर, म्युनिसिपल ऑफिसर भेड़ाघाट जबलपुर व अनावेदक रीता सेंगर, गुंजन नंदा, सोनिया नारंग एवं आरडीएम केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर अंगददीप सिंह नारंग को पक्षकार बनाया गया है। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने जबलपुर कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उक्त प्राचीन बौद्ध मठ की देखरेख कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अधिवक्ता विनायक शाह शवांशु कोल, देवयानी चौधरी, संतोष आनंद ने पक्ष रखा।

## जानलेवा हमलावरों को पांच-पांच साल की सजा

### आधा दर्जन आरोपियों पर अदालत ने जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** पंचम अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकिशोर बारपेटे की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपी जबलपुर निवासी शैलू उर्फ शैलेंद्र विश्वकर्मा, सुंदरलाल विश्वकर्मा, जित्तू उर्फ जितेंद्र विश्वकर्मा, रश्मि विश्वकर्मा, विज्जू उर्फ विजय विश्वकर्मा, छोटी बाई को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 26 फरवरी 2019 को आरोपियों ने शुभम, राजेंद्र, प्रिया, विद्या, बंटी उर्फ सुनील व पूर्णिमा विश्वकर्मा पर प्राणघातक हमला किया था। आरोपियों ने तलवार, चाकू, लट्ठ से जानलेवा हमला किया था। यदि समय पर सभी को अस्पताल न ले जाते तो मृत्यु हो सकती थी। जिस पर मदन महल पुलिस ने शिकायत पर मुलाहजे के बाद हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध कायम किया था। अदालत ने तर्क सुनने के बाद आरोपियों को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

## यूनिट स्थापित आईटी पार्क में आवंटित जमीन की लीज कर दी निरस्त

### हाई कोर्ट ने यथास्थिति के जारी किये आदेष

**जबलपुर,देशबन्धु।** यूनिट स्थापित करने के लिए शासन ने जबलपुर बरगी हिल्स स्थित आईटी पार्क में प्रदान की गयी जमीन की लीज निरस्त किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ एवं जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने स्थास्थिति के आदेष जारी करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता याचिकाकर्ता मेसर्स टीडीएस कार्पोरेशन की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि प्रदेष सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2016 में आई टी कंपनियों को बढ़ावा देने एवं आई टी क्षेत्र में रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश आईटी, आईटीईएस, और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति और योजना 2016 प्रारंभ की थी। इस योजना के अंतर्गत जबलपुर में बरगी हिल्स को आईटी पार्क के रूप में चिह्नित किया गया था।

याचिकाकर्ता ने वर्ष 2019 में आईटी यूनिट संचालन हेतु भूमि आवंटित करने हेतु आवेदन किया था। मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा आवेदक को प्लॉट क्रमांक 1 आवंटित किया है। याचिकाकर्ता ने कठिन प्रयासों से पथरील प्लॉट में कार्य प्रारंभ कर उसे समतल किया। कार्य के दौरान नजदीकी प्लॉट मालिक से सीमा संबंधी विवाद होने के कारण याचिकाकर्ता ने सिविल न्यायालय की शरण लेनी पडी थी। उक्त प्रकरण सिविल न्यायालय में लंबित है।

याचिकाकर्ता की तरफ से प्रस्तुत तर्कों को पर विचार किये बिना ही मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम ने आवंटित प्लॉट में यूनिट संचालित नहीं किये जाने के कारण जमीन की लीज को निरस्त कर दिया गया। जिसके खिलाफ उक्त याचिका दायर की गयी है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि सिविल न्यायालय में जमीन का सीमा संबंधित विवाद का मामला लंबित है। जिसके कारण पूरा प्रोजेक्ट रूका हुआ है। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता पंकज दुबे तथा अधिवक्ता अक्षय खंडेलवाल ने पैरवी की।

## एनसीएल में ठेके कंपनी कर रही मजदूरों को षोषण

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** नार्थन कोल मांइस सिंगरौली में ठेके कंपनी के द्वारा मजदूरों का षोषण किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 6 माह बाद निर्धारित की गयी है।

सिंगरौली निवासी समाजसेवी लाल बाबू कुशवाहा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि एनसीएल द्वारा साफ-सफाई,बागवानी,बिल्डिंग निर्माण व देखरेख सहित अन्य कार्यों के लिए संबंधित कंपनियों को ठेका दिया जाता है। ठेका लेने के कंपनी उक्त कार्य को पेटी ठेका में दूसरें को सौंप देती है। जिसके द्वारा मजदूरों को षोषण किया जाता है। कार्यरत मजदूरों को निर्धारित 30 दिनों का वेतन नहीं दिया जाता है। हाजरी रजिस्टर में उनकी 10 से 15 दिनों की अधिकतम उपस्थिति दिखाते है। इसके अलावा कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी सहित पीएफ,स्वास्थ्य सहित अन्य सेवा लाभ प्रदान नहीं किये जाते है। कर्मचारियों के द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकाते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। ठेका कंपनी के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कार्य के लिए मशीनों का उपयोग किया जाता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दिये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका में सचिव केंद्रीय कोयला मंत्रालय, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उत्तरी कोलफील्ड लिमिटेड, केंद्रीय सहायक श्रम आयुक्त, आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ,मुख्य सतर्कता अधिकारी एन.सी.एल., एमएस एसोसिएट इंजीनियर्स और बिल्डर्स ,मैसर्स महादेवा बिल्डर्स, एम एस आई.पी. एसोसिएट्स, एमएस विकास इंटरप्राइजेज, एमएस गोपाल एंटरप्राइजेज, मैसर्स यू.सी.जायसवाल, एमएस बीआईपीएल बीपीएल संयुक्त उद्यम साइट अमलोहरी, मैसर्स सूर्या एसोसिएट्स तथा कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सिंगरौली को अनावेदक बनाया गया है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अवधेष कुमार गुप्ता ने पक्ष रखा।

## तकवारी करने गये व्यक्ति की वायर से फंदे पर लटकी मिली लाश

### पनागर के बड़खेरी की घटना, माढ़ोताल में भी एक व्यक्ति ने लगाई फांसी

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम बड़खेरी निवासी 54 वर्षीय मिलन श्रीपाल बीती रात अपने खेत की तकवारी करने गये, जहां सुबह उनकी लाश नीम के पेड़ में एक वायर के फंदे पर लटकी हुई मिली। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर मर्ग कायम कर उसे जांच में लिया है। वहीं माढ़ोताल क्षेत्र में भी एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि बड़खेरी निवासी 26 वर्षीय रेशु श्रीपाल ने सूचना दी कि उसके चाचा 54 वर्षीय मिलन श्रीपाल बीती रात साढ़े नौ बजे खाना खाकर खेत में मूंग उड़द की फसल की तकवारी करने गये थे। सुबह गांव के गिंदू कोल ने सूचना दी कि उसके चाचा मिलन श्रीपाल खेत में नीम के पेड़ में वायर से फंदे पर लटके है, जिनकी मौत हो चुकी है। जिसकों लेकर तरह-तरह की चर्चा है, लोगों का कहना है कि यदि किसी को फांसी लगाना होता है तो वह रस्सी या फिर गमछे का प्रयोग करता है, वायर से फंदा लगाना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। बहरहाल पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया है। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि रिमझा चंद्रनगर निवासी 55 वर्षीय राजेश असाटी को घर में फांसी लगाने पर उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया था। जिसे चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

## बकरा-बकरी चोर गिरोह गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** आधारताल पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को गिरफ्तार किया है,जो होण्डा सिटी कार में जाकर बकरा-बकरी चोरी करते हुए। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के आठ बकरा-बकरी बरामद किये है। जिसका मूल्य लगभग 50 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत रजक उम्र 28 वर्ष निवासी गौतम नगर महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने घर में बकरा-बकरी पाल कर रखे थे। पूरा परिवार 25 अप्रैल की रात को सो रहा था,इसी दौरान अज्ञात चोरी घर के बाहर बंधे 9 बकरा-बकरी को चुराकर ले गये। पुलिस ने शिकायत पर धारा 303(2) बी एन एस के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था।

### दो घरों की खुशियों में मातम का साया

## तिलक के पहले ही हादसे में युवक की मौत

**● दो मई को होना था तिलक, 6 को जानी थी बारात**

**रीवा देशबन्धु।** कटरा मऊगंज मुख्य मार्ग में लालगंज के समीप सड़क हादसे में एक बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई वही मृतक का भाई घायल हो गया है। बताया गया है कि युवक की मौत के बाद दो घरों की खुशियां एक साथ मातम में बदल गई है, युवक का 2 मई को तिलक था जबकि 6 मई को बारात जानी थी, घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात देर रात तारी मुजरा गांव निवासी लवकुश कुशवाहा अपने भाई अमित कुशवाहा के साथ नईगढ़ी थाना क्षेत्र के मधवा गांव रिश्तेदारी में मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। कटरा मऊगंज मुख्य मार्ग में लालगंज के समीप पीछे से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक लव कुश कुशवाहा उम्र 23 वर्ष और बाइक में पीछे बैठा भाई अमित कुशवाहा उम्र 20 वर्ष सड़क में दूर जा गिरे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नईगढ़ी पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायल लवकुश कुशवाहा को परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित कुशवाहा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।



### नकाबपोश बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

## गिरोह का सरगना पकड़ाया, सदस्यों की तलाश जारी

**रीवा देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित उसके साथी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया सरगना अपने गिरोह के साथ बाइक चोरी की घटनाओ को अंजाम देता था, जिसका खुलासा पुलिस की पूछताछ के दौरान हुआ है। कार्यवाही के संबंध में सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि 23 अप्रैल की रात आरोपियों ने दुर्गा कॉलोनी में राहुल सिंह के यहां बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें आरोपी नकाब बांधकर घर के अंदर घुसे थे।

फरियादी की शिकायत के बाद नकाबपोश आरोपियों की तलाश शुरू की गई, जिसमें राजू कुशवाहा नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिससे कि गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर शुभम सोनी के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पांच सदस्यों का गिरोह बनाकर विभिन्न स्थानों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं, इसके बाद गाड़ी को ठिकाने लगाते हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी चोरी की गाड़ी को काटकर उसका सामान भी अलग-अलग कर बिक्री कर देते थे । फिलहाल पुलिस की पूछताछ में हुए इस खुलासे के बाद अन्य आरोपियों की तलाश मैं जगह-जगह छापेमार कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि मामले में गृह के सभी सदस्य नाम जद हो चुके हैं जिसमें से राजू कुशवाहा को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## मां रेवा वेयरहाउस के संचालक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मुकदमे में फंसाने और छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

**सिहोरा, देशबन्धु।** मझौली तहसील अंतर्गत ग्राम धनोड़ी स्थित माँ रेवा वेयरहाउस के पास शासकीय भूमि पर गेहूँ की फसल में मिट्टी मिलाकर बेचने हेतु ले जाए जाने का मामला प्रकाश में आया था जिसमें मझौली नगरपंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने मौके पर पहुँचकर इस मामले की शिकायत कर तहसीलदार मझौली एवं एसडीएम सिहोरा से जाँच कर कार्यवाही की माँग की थी उक्त शिकायत के बाद एसडीएम सिहोरा रूपेश सिंघई के निर्देश पर तहसीलदार मझौली वीर सिंह धुर्वे और खादय विभाग के अधिकारियों ने मौके निरीक्षण करने के दौरान मिट्टी मिला गेहूँ और बोरियों में भरी मिलावट योग्य मिट्टी जप्त कर जाँच के लिए सेंपल भिजवाए गए थे।जिसके आधार पर विभाग कार्यवाही कर रहा है वहीं दूसरी ओर इस मामले में माँ रेवा वेयरहाउस के संचालक नितेश पटैल को आरोपी दर्शाया जा रहा था।

**राजनीति से प्रेरित कार्यवाही**-मां रेवा वेयरहाउस के संचालक नितेश पटेल ने इस मामले में सिहोरा अनुभवी अधिकारी राजस्व रूपेश सिंघाई को एक लिखित पत्र के माध्यम से अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र रचना के आरोप लगाते हुए उक्त मामले की कार्यवाही एवं जांच वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में करने की मांग की है वही नितेश पटेल ने नगर पंचायत अध्यक्ष मझौली राजेंद्र चौरसिया एवं मनोरंजन राय पर राजनीतिक द्वेष के तहत उनके ऊपर लांछन लगाने एवं छवि धूमल करने के संदर्भ में इस मामले को राजनीतिक दबाव के चलते अधिकारियों की कार्यवाही कराई जा रही है नितेश पटेल ने आरोप लगाते हुए कहां की राजेंद्र चौरसिया एवं उनके अन्य साथियों द्वारा उन पर राजनीतिक षड्यंत्र कर फर्जी मामले में फंसने की कोशिश की जा रही है जिससे हमारी छवि धूमिल हो रही है जबकि मैं और मेरा भाई मिलकर लगभग 7 एकड़ भूमि पर कृषि करते हैं और उक्त भूमि पर फसल लगभग 130 क्विंटल जो कि मां रेवा वेयरहाउस के पास रखी गई थी उसे पर मिलावट करने का गलत आरोप लगाया जा रहा है जबकि मैं स्वयं वेयरहाउस का संचालन करता हूं ऐसी स्थिति में मैं मिलावट एवं मिलावटी कार्य में कहीं से शामिल होना नहीं चाहता जिससे शासन को नुकसान हो।

### सार-समाचार




## विधायक इंदु तिवारी ने राहगीरों को छाछ और शीतल जल पिलाया

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने गांधीग्राम हाइवे तिराहे पर एक शीतल जल प्याऊ की स्थापना की है। इस प्याऊ में राहगीरों को शीतल जल और छाछ उपलब्ध कराया जा रहा है।

पनागर विधायक इंदु तिवारी ने भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के साथ प्याऊ का दौरा किया और राहगीरों को छाछ और शीतल जल पिलाया। इस अवसर पर विधायक इंदु तिवारी ने कहा कि राहगीरों को शीतल जल प्याऊ में उपलब्ध कराना एक बहुत ही सराहनीय और पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह तिराहा आवागमन की दृष्टि से व्यस्ततम है, और यहाँ प्याऊ की स्थापना से राहगीरों को बहुत राहत मिलेगी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने बताया कि राहगीरों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यह प्याऊ पूरी गर्मी तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि कोई भी राहगीर प्यासा न रहे।

## भवसागर पार करती है अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा



**बरेला, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 11 में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 28 अप्रैल से 5 मई तक 2 से 5 तक किया जा रहा है। आज कथा के चतुर्थ दिवस पर व्यास पीठ में विराजमान पं. दुर्गेश शास्त्री ने कहा की मानव मात्र को जीवन से भवसागर पार करने का श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से होता है। ध्रुव चरित्र का वर्णन एवं कथा में आज श्रीकृष्ण जन्म होते ही चारों ओर धूम मची लड्डू मिठाई बांटी गई, सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। आयोजन समिति के जुगल किशोर सोनी सुजीत सोनी, अजीत सोनी ने कथा में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की सभी से अपील की है।

## अक्षय तृतीया पर प्याऊ का शुभारंभ



**सिहोरा, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर राधा कृष्ण प्रांगण काल भैरव चौक में राहगीरों के लिए ठंडे पानी के प्याऊ का उद्घाटन किया गया और पक्षियों के लिए सकोरे के साथ-साथ दाने रखने का कार्यक्रम किया गया, जिससे वह भी इस भीषण गर्मी में अपनी भूख-प्यास मिटा सके और साथ ही परिषद की हम सभी बहनों ने अपनी-अपनी छतों पर सकोरे रखने का संकल्प लिया। जिसमें हमारी परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन, सचिव श्रीमति रानी जैन,कोषाध्यक्ष श्रीमति सारिका जैन,निशा जैन, नीतू सिंघई, अनिता जैन, संगीता सिंघई, ममता जैन, रूपाली जैन, अनिता जैन का सराहनीय सहयोग व उपस्तिथि रही।

## नरेन्द्र सलूजा का निधन



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** आप पूर्व में कमलनाथ जी के मीडिया समन्वयक एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रखर प्रवक्ता के रूप में रहे है, वाहेगुरू अपने चरणों मे स्थान दें व परिवार को भाणा मन्नन का बल बख्शे दलवीर सिंघ जस्सल सुमन जैन राजेंद्र बन्धु जोसेफ़ जी नेत राम पटेल शाहिद भाई जान ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

## 'कांग्रेस की गांधीवादी विचारधारा है, भाजपा विचारधाराहीन'

**शहपुरा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस की संस्कारधानी में कोई भी बैठक होती है तो उन बैठकों में ऊपर से नीचे तक सभी प्रकोष्ठों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को शामिल करना चाहिए, ताकि उनकों पार्टी के कार्यों की जानकारी मिल सके।

अल्पसंख्यक वर्ग पूरा कांग्रेस पर विश्वास करता है, क्योंकि अल्पसंख्यक की जो विचारधारा है वो गांधीवादी है। भाजपा के पास तो कोई विचारधारा ही नहीं है। कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा पर चलती है।अल्पसंख्यक यहां का मूल्यवासी है। इस भारत देश का मूल्यवासी है, इसलिए हम लोग हर जगह बोलते हैं। जय भारत, जय मूल्यवासी बिलकुल दिलेरी से हर जगह ये बोलते हैं। हम यहाँ के मूल निवासी हैं। हमको अल्पसंख्यक बना दिया गया है और जो बाहर के लोग हैं वो यहाँ के मूल निवासी बन गए हैं और



अल्पसंख्यक को बाहर कर देना चाहते हैं। ये लड़ाई इसलिए चल रही है तो हमारा ये कहना है कि कांग्रेस पार्टी जीतने भी प्रकोष्ठ हैं, अल्पसंख्यक हमारे लोग हैं।

इनको ज्यादा से ज्यादा मीटिंग कराई जाए और जितनी भी हमारी कार्यकाल नहीं है नगर की, शहर की, मध्यप्रदेश की चाहे अल्पसंख्यक की हो, चाहे कांग्रेस पार्टी की हो, जल्द से जल्द भरी जाए। उसकी कार्यकारिणी बनाई जाए ताकि लोगों को जिम्मेदारी मिल सके। जिम्मेदारी के अनुसार वो कार्य कर सके ये मेरी जैसे अभी हमारे पे हमला हुआ। एक हमारे कब्रिस्तान का रास्ता बंद किया गया उसमें में राष्ट्रीय साई महासंघ का यहाँ जिलाध्यक्ष भी रहा हूँ। कोर्डिनेटर भी हूँ हमने वो लड़ाई अल्पसंख्यक के संग मिलके कांग्रेस संघ के संग मिलके लड़ी। सौरभ भी वहाँ आए थे और हमारा जो अभी फादर को मारा है खाने के अंदर फादर डेविस को ये उनके असिस्टेंट बैठे हुए हैं। मेरे संग वो लड़ाई भी हम लोग ने राष्ट्रीय और कांग्रेस को लेके हमने लड़ी और उसमें एफ़आई आर नहीं हो रही थी। बहुत दबाव डालने के बाद एफआईआर की गई है। खाने में मारपीट की गई फादरों के संग। जब की वो देखने और खाना पानी देने गए थे और धर्मांतरण का कोई भी वहाँ सबूत नहीं था। वहाँ टीआई ने भी बोला की यहाँ धर्मांतरण में कोई भी सबूत नहीं मिल रहे है। उसके बाद भी उनके ऊपर एफआईआर।

जिन लोगों ने छह सात लोगों ने मारा था, अभी तक नाम से उनकी एफ आईआर नहीं दी गयी है। अल्पसंख्यक के लिए मैं यही कहूंगा कि भाई कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक को जीतने भी प्रकोष्ठ है और हमारे अल्पसंख्यक के जो भी भाई बहन है हमारे जस हो गए, अपने सरदार हो गए यह लोग हम लोग जीतने भी लोग है। सब मिलकर इस लड़ाई को लड़े और एकता से लड़े।



## नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का प्रकट्ोत्सव

**पाटन, देशबन्धु।** नगर में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 30-04-2025 दिन बुधवार को पाटन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर गुरु मोहल्ला में सर्व विप्र कुल परिवार द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव पर पूजन अर्चन कर महाआरती एवं भंडारा प्रसादी वितरण किया गया जिसमें पाटन नगर के बुजुर्ग युवा सभी विप्र बंधु आयोजन में सम्मिलित हुए जिसमें सुधीर गुरु,सत्येंद्र गुरु,सचिन गुरु,गणेश चौबे शिक्षक,राजकुमार पांडे,हर्ष,मनोज दुबे,अनुज बाबेले,चक्रेश मिश्रा,चिंतन बाबेले,शैलेश बाबेले,बलराज तिवारी,योगेश पाठक,विवेक बाबेले,सोनू मिश्रा,आशीष पांडे गोलू पांडे,हैप्पी मिश्रा, मनमोहन तिवारी,शिबू चौबे,निखिल तिवारी,नीरज पाठक,गोलु दुबे,संजू तिवारी,शालू पाठक,प्रदीप मिश्रा,माधव उरमालिया,छोटू पाठक,रामकृष्ण प्यासी,मयंक बैरागी,अभय तिवारी,राजेश चौबे अमित पांडे,लालू त्रिपाठी,अर्जुन त्रिपाठी,ओमी दुबे,उमेश तिवारी,कुलदीप बाबेले,कृष्ण कुमार त्रिपाठी,कपिल तिवारी सहित नगर के सभी विप्र बंधु उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धा पूर्व आयोजन संपन्न कराया।

## सैकड़ों लोगों के लाखों रुपए लेकर भागी कंपनी

**सतना, देशबन्धु।** शहर कोतवाली थाना अंतर्गत राजेन्द्र नगर में संचालित फिनसॉल स्टार निधि लिमिटेड के अफसर सैकड़ों लोगों का लाखों रुपए लेकर फरार हो गए। इसका पता चलने पर गुरुवार की सुबह यहां से जुड़े कई लोग कंपनी के दफ्तर पहुंचे और जिसे जो मिला वो अपने घर ले गए। कोई कुर्सी तो कोई टेबल और अन्य सामान अपने घर ले गया। ताकि उनकी डूबी रकम की कुछ भरपाई हो सके।

इस कंपनी से जुड़े कर्मचारियों ने बीते 24 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली में भी एक आवेदन देकर मानसिक प्रताडना़ और धोखाधड़ी की शिकायत लिखित रूप से की थी। जब उसमें कोई कार्रवाही नहीं हुई तो मौका पाकर कंपनी के आलाफ अफसर भाग निकले। अब इस कंपनी से प्रभावित लोग पुलिस की मदद लेंगे ताकि उनकी मेहनत की कमाई उन्हें वापस मिल सके।

**कर्मचारी भी धोखे का शिकार**

फिनसॉल स्टार निधि लिमिटेड में



काम करने वाले लवकुश पटेल, नीरज कुमार उरमलिया, नितिन केवट, प्रिया सिंह, विक्रांत कश्यप, शुभ गौतम, रामजी कुशवाहा, देवकी नंदन तिवारी ने 24 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह यहां पिछले तीन साल से काम कर रहे हैं। यहां डेली, मासिक और सालाना एक मुस्त रकम ग्राहक से लेकर समयावधि पूरी होने पर उसे लौटाने का प्रावधान था। लेकिन दिसंबर 2024 से ग्राहकों को पैसा नहीं दिया जा रहा था। इससे प्रभावित करीब 150 ग्राहक धमकी देने लगे थे। कंपनी में उच्च स्तर पर बात करने पर भी कोई सार्थक जबाव नहीं मिला और मानसिक रूप से कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जाने लगा।

**इनका कहना...**

बैंकिंग या फाईनेंस से जुड़ी कंपनियां कलेक्ट्रेट में अपने दस्तावेज जमा कराते हैं। लोग प्रभावित हुए हैं और शिकायत की गई है तो जांच कराई जाएगी।

**रावेन्द्र द्विवेदी**
टीआई, सिटी कोतवाली

## डेढ़ माह से हाथियों ने कर रखा है किसानों की नाक में दम

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में तीन हाथियों का समूह पिछले 38 दिनों से विचरण कर रहा है। यह हाथी पिछले दो दिनों से गोबरी के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। दिन में जंगल में रहने के बाद रात होते ही ये खेतों में पहुंच जाते हैं। वन विभाग के गस्ती दल और ग्रामीणों को चकमा देकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।



छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर आयें तीनो हाथी जैतहरी, अनूपपुर से राजेंद्रग्राम क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। तीन दिन पहले पुनः जैतहरी के ग्रमीण क्षेत्र में लौट आए। तीनों हाथियों ने अब तक 100 से अधिक घर, खेत और बाड़ियों में नुकसान किया है। मौसम में बदलाव और बारिश के कारण अधिकांश किसान खेतों की झोपड़ियों के बजाय गांव में रात बिता रहे हैं। इसका फायदा हाथी उठा रहे हैं।

बुधवार-गुरुवार की रात वन विभाग और ग्रामीण हाथियों की तलाश में जुटे रहे। लेकिन हाथी नए-नए स्थानों पर जाकर स्वतंत्र रूप से विचरण करते रहे। हाथियों की सुरक्षा को देखते हुए क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रखी जा रही है। ग्रामीणों द्वारा खेतों में बिजली के तार लगाए जाने के कारण यह कदम उठाया गया है। बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान और नाराज हैं।

## थप्पड़ का बदलना लेने की थी युवक की हत्या

**रीवा, देशबन्धु।** जिला न्यायालय ने आज 6 वर्ष पूर्व हुए हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों ने थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक को पहले बुलाकर शराब पिलाई और फिर गुप्ती घोंप कर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में लोग अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सबूतो और साक्ष्यों से सहमत होकर अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय रीवा ने आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास सहित 5 के अर्थ दंड से दंडित किया है।

यह मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र का है, जहां साल 2019 में संजय शुक्ला नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने अधिमन मुड़हा और दीपक उर्फ दीपू कोल को गिरफ्तार किया था। बताया गया कि आरोपी अधिमन का मृतक संजय से विवाद हुआ था, जिस दौरान मृतक ने आरोपी को थप्पड़ मारे, जिसका बदला लेने आरोपी ने हत्या की योजना बनाई और अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दे डाला। फिलहाल इस मामले में जिला अभियोजन अधिकारी सुशील कुमार शुक्ला एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सूर्य प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शुक्ला, सत्यनारायण मिश्रा एवं अंजू पांडे के तर्कों से सहमत होकर माननीय विशेष न्यायालय अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

## जीप और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम लांघटोला के पटना में अनूपपुर तरफ से आ रही जीप व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत से दो बाइक सवार युवको की मृत्यु हो गई।



राजेंद्रग्राम पुलिस के अनुसार बुधवार- गुरूवार की रात्रि अनूपपुर तरफ से आ रही जीप क्रमांक एमपी 18 जेडई 6641और राजेंद्रग्राम तरफ से जा रही दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8695 की आमने-सामने भिड़त हो गई। भिड़ंत इतना जोरदार थी कि एक बाइक सवार की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, वहीं दूसरे ने राजेंद्रग्राम अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया।

दोनों मृतकों में 31 वर्षीय सूर्यप्रकाश चौधरी निवासी ग्राम लाँघाटोला के हर्षशा मोहल्ला एवं 39 वर्षीय राजकुमार पनिका निवासी लाँघाटोला पटना के निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्रग्राम पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया।

राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी विरेंन्द्र वडकडे ने बताया कि जीप व दो पहिया वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत से दो पहिया वाहन में सवार दोनो युवको की मृत्यु हो गई हैं, मर्ग कायम कर जीप को थाना में खड़ा करा लिया हैं। गुरुवार को पोस्टमार्डम करा शव परिजनो को सौंपकर मामले की जांच की जा रहीं हैं।

## तहखाने में सालों तक बांधकर रखा, कई पुरुषों से कराया सेक्स, दिल दहला देगी बहनों की आपबीती

अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 64 वर्षीय व्यक्ति डेविड बॉयड पर एक नाबालिग लड़की को वर्षों तक अपने घर के तहखाने में जंजीरों से बांधकर रखने और उसका यौन शोषण करने का आरोप लगा है। पीड़िता को जब बॉयड ने कैद किया था तब वह मात्र 9 वर्ष की थी। लड़की ने पुलिस को बताया कि उसे तहखाने में एक खंभे से बांधा जाता था और केवल एक टुकड़ा ब्रेड खाने को दिया जाता था। जीवित रहने के लिए उसे तहखाने की गंदी फर्श पर जमा गंदा पानी पीना पड़ता था। मिल्वौकी पुलिस और ब्राउन डियर पुलिस विभाग की संयुक्त जांच के बाद इस भयावह अपराध का खुलासा हुआ। जनवरी 2025 में, पीड़िता के फोस्टर पैरेंट्स ने पुलिस से संपर्क किया जब लड़की ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि डेविड बॉयड ने न केवल इस लड़की, बल्कि उसकी छोटी बहन के साथ भी यौन शोषण और दुर्व्यवहार किया। छोटी बहन की उम्र महज 5 साल थी। दोनों बहनें उस समय अपनी सौलेती दादी की एक दोस्त, जिसे वे जीजी कहते थे, उसके साथ रह रही थीं। बॉयड कथित तौर पर दादी का प्रेमी था।

# इजरायल में जंगल में लगी आग हुई भयावह

## इमरजेंसी की घोषणा, यरुशलम तक पहुंचा खतरा



**तेलअवीव।** बीते 18 महीने से गाजा में हमास से जंग लड़ रहे इजरायल के सामने देश में बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। बीते कुछ दिनों पहले इजरायल में यरुशलम के पास जंगल में लगी आग तेजी से बढ़ती जा रही है।

इससे आस-पास के इलाकों में दहशत का माहौल है। आग के भयावह रूप को देखते हुए देश में राष्ट्रीय आपातकाल लागू कर दिया गया है। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि आग की लपटें जल्द ही यरुशलम शहर के अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक हजारों लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा चुका है। वहीं आस-पास के इलाकों में आग और काले धुएं के अंबार से लोगों का दम घुट रहा है। कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। स्थानीय मीडिया ने बताया है कि दमकलकर्मी इजराइल में कई सालों में देखी गई सबसे भीषण आग को बुझाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। आग पर काबू पाने के लिए सेना को भी उतार दिया गया है। इससे पहले इजरायली पुलिस ने यरुशलम और तेल अवीव को जोड़ने वाली सड़क को बंद कर दिया था। हाइवे के किनारे रहने वाले लोगों को पहले से इलाके को खाली करने के निर्देश दिए गए थे।

### राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति

इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंगल की आग को लेकर चेतावनी जारी की है। नेतन्याहू ने कहा है कि पश्चिमी हवाएं आग को भड़का रही हैं और यह जल्द ही यरूशलम तक पहुंच सकता है। नेतन्याहू ने एक बयान जारी कर कहा, हमें जल्द से जल्द ज्यादा से ज्यादा मदद की जरूरत है। यह एक राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति हैं। अभी प्राथमिकता यरूशलेम की रक्षा करना है।

**कई देशों ने भेजी मदद**

स्थिति बिगड़ने पर गुरुवार को कई देशों ने इजरायल को अग्निशमन विमान भेजे हैं। जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को दोपहर के आसपास लगी आग पर काबू पाना मुश्किल होता जा रहा है। गर्म, शुष्क परिस्थितियों और तेज हवाओं के कारण भड़की आग पर काबू पाने के लिए इटली, क्रोएशिया, स्पेन, फ्रांस और रोमानिया ने इजरायल को मदद भेजी है। वहीं नॉर्थ मैसेडोनिया और साइप्रस सहित कई अन्य देश भी अपने विमान भेजे हैं। इजरायली अधिकारियों ने बताया है कि 10 से ज्यादा अग्निशमन विमान आग बुझने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# टैरिफ पर पहले चीन से भिड़े थे ट्रंप, अब मांग रहे समझौता; क्या मामला

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध के बीच एक नया मोड़ सामने आया है। चीनी राज्य मीडिया से जुड़े एक सोशल मीडिया अकाउंट का दावा है कि अमेरिका ने खुद चीन से संपर्क कर डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 145 प्रतिशत टैरिफ को लेकर बातचीत की पेशकश की है।

पोस्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने कई चैनलों से चीन से संपर्क कर बातचीत की इच्छा जताई है। हालांकि, यह बयान किसी आधिकारिक चीनी मंत्रालय की ओर से नहीं आया है, बल्कि एक माध्यमिक सोशल मीडिया स्त्रोत द्वारा दिया गया है।

**पहले दबंगई और अब समझौते की पेशकश!-** बीजिंग अब तक इन टैरिफ को दबंगई करार देता रहा है और अमेरिका को वैश्विक स्तर पर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में जुटा है। फिर भी, चीन ने कुछ अमेरिकी उत्पादों जैसे फार्मास्यूटिकल्स, माइक्रोचिप्स और जेट इंजन को अपने 125त्न जवाबी टैरिफ से छूट दी है। माना जा रहा है कि यह कदम घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए है।

**चीनी मीडिया के क्या दावे-** हालांकि अमेरिका की बातचीत की पेशकश को लेकर चीन सतर्क है। ने लिखा, अभी चीन को अमेरिका की असली मंशा को परखना होगा। बिना किसी ठोस कार्रवाई के बातचीत की ज़रूरत नहीं।

दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक अमेरिकी इंटरव्यू में दावा किया कि शी जिनपिंग ने उन्हें कॉल किया है और दोनों देशों के बीच डील की संभावना बेहद अच्छी है। लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि कोई बातचीत या संपर्क नहीं हुआ है।

## आज का इतिहास

1519- महान चित्रकार लिओनार्दो दा विंची का निधन।
1921- पद्म भूषण, पद्म विभूषण, भारत रत्न, और ऑस्कर अवॉर्ड से अलंकृत फ़िल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक सत्यजीत रे का जन्म।
1922- भारत के पेशेवर बिलियर्ड्स खिलाड़ी विल्सन जोन्स का जन्म।
1924- नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से इनकार कर दिया।
1929- भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार विष्णु कांत शास्त्री का जन्म।
1933- जर्मनी में हिटलर ने मजदूर संघों पर प्रतिबंध लगा दिया।
1945- इटली में मौजूद जर्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया।
1949- महात्मा गांधी की हत्या के मामले की सुनवाई शुरू।
1950- फ्रांस ने कोलकाता के पास स्थित अपने उपनिवेश चंद्रनगर को भारत सरकार को सौंपा।
1952- दुनिया के पहले जेट विमान डी हैविलैंड ने लंदन से जोहानिसबर्ग के बीच पहली उड़ान भरी।
1985- बनारसीदास चतुर्वेदी का निधन। वह प्रसिद्ध पत्रकार और साहित्यकार थे।

## सुडोकू 6900

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# अमेरिका में 'खसरे' ने बढ़ाई चिंता, टेक्सास में 700 से अधिक बीमार

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** अमेरिका ने 25 साल पहले खसरे को खत्म करने की घोषणा की थी, लेकिन पश्चिमी टेक्सास में इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप ने एक बार फिर से चिंताएं बढ़ा दी हैं। मीडिया ने बताया कि पश्चिमी टेक्सास में खसरे के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के अंत में शुरू हुए खसरे से टेक्सास में 700 से अधिक लोग बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना ही नहीं, यह अन्य राज्यों में भी फैल गया है। खसरे ने अमेरिका में एक दशक से अधिक समय में पहली बार जान ली है। कुछ सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और महामारी वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रकोप एक साल से अधिक समय तक चल सकता है, जिससे अमेरिका का खसरा-मुक्त दर्जा खतरे में पड़ सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा तब खत्म माना जाता है जब किसी देश में कम से कम 12 महीने तक मजबूत निगरानी प्रणाली के तहत स्थानीय स्तर पर इसका प्रसार न हो। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, कोई बीमारी तब स्थानिक होती है, जब वह किसी आबादी में नियमित रूप से मौजूद रहती है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टेक्सास में खसरे के मामले मंगलवार को बढ़कर 663 हो गए, जो 25 अप्रैल के बाद 17 मामलों की वृद्धि है। अमेरिका पहले से खत्म हो चुकी बचपन की बीमारी के सबसे खराब प्रकोपों में से एक से जूझ रहा है। टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट हेल्थ सर्विसेज ने कहा कि प्रकोप के केंद्र गेन्स काउंटी में मामले 396 हो गए, जो शुक्रवार के पिछले अपडेट से तीन अधिक हैं। इसके अलावा, अन्य राज्यों में भी इजाफा देखा गया था, जहां तीन या अधिक मामले सामने हैं। इनमें इंडियाना, कंसास, मिशिगन, मोंटाना, ओहियो, पेंसिल्वेनिया और टेनेसी शामिल हैं।

## पाकिस्तान में सेना बनाम सरकार का नया खेल

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कभी भी सैन्य कार्रवाई भारत की तरफ से की जा सकती है। इस बीच पाकिस्तान में एक बड़ा सैन्य परिवर्तन हुआ है। अब तक आईएसआई के चीफ रहे लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद आसिम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बना दिया गया है। यह पद 2022 से ही खाली था, जिसे आसिम मलिक को कमान देकर भरा गया है। यही नहीं लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मलिक का कद इस कदर बढ़ गया है कि वह आईएसआई के चीफ भी बने रहेंगे और सुरक्षा के मामलों में भी उनका पूरा दखल रहेगा। इस लिहाज से उनका राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनना अहम है और इससे सेना की पकड़ पाकिस्तान पर और मजबूत होगी।

पंजाबी मूल के आसिम मलिक के पिता गुलाम मोहम्मद मलिक भी सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रहे थे। आसिम मलिक को लेकर पाकिस्तान में चर्चाएं हैं कि उन्हें इमरान खान को अपदस्थ करने का इनाम मिला है। दरअसल इमरान खान के करीबी रहे पूर्व आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के खिलाफ चल रहे एक केस की निगरानी आसिम मलिक के पास ही थी।

## अगर पाकिस्तान पर युद्ध थोपा तो...

# धमकी पर उतर आईं नवाज शरीफ की करीबी मंत्री

**अस्लामाबाद।** भारत कब, क्या और कितना बड़ा अटैक कर दे...! इसे लेकर पाकिस्तान में भय बन हुआ है। इस बीच पाकिस्तान के मंत्री अपने जहर उगलने वाले बयानों से बाज नहीं आ रहे हैं।

इस बार फेहरिस्त में नया नाम है- मरियम औरंगजेब का। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी की सीनियर नेता और पंजाब प्रांत की मंत्री मरियम औरंगजेब अपने भारत-विरोधी बयान को लेकर चर्चा बटोर रही हैं।

उन्होंने भारत सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर राजनीति कर रहा है। साथ ही उन्होंने भारत को गीदड़भभकी भी दी। कहा कि अगर पाकिस्तान पर युद्ध थोपा गया, तो जवाब तुरंत और मुंहतोड़ होगा। मरियम औरंगजेब ने यह बयान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुई एक घटना को लेकर दिया, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्या कर दी। पाक चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के पक्ष में है, लेकिन भारत इस मुद्दे को भी राजनीतिक रंग दे रहा है।

**विवादों से पुराना नाता -** मरियम औरंगजेब का विवादों से गहरा रिश्ता रहा है। भारत-विरोधी बयानों के अलावा वे पत्रकारों पर दबाव बनाने और



मीडिया नियंत्रण के आरोपों में घिरी रही हैं। 2022 में लंदन में इमरान खान समर्थकों ने उन्हें घेरकर विरोध प्रदर्शन किया था। उन पर विपक्ष को निशाना बनाने के लिए भ्रामक बयान देने के भी आरोप लगे।

**भारत पर जहरीली टिप्पणी-** विश्लेषकों का मानना है कि मरियम औरंगजेब का यह बयान न सिर्फ घरेलू राजनीति को संतुलित करने की कोशिश है, बल्कि पाकिस्तानी जनता में भारत-विरोधी भावना को भुनाने की एक रणनीति भी हो सकती है।

इससे पहले भी कई पाकिस्तानी नेता भारत पर ऐसे बयान देकर अपनी राजनीतिक पकड़ मज़बूत करने की कोशिश कर चुके हैं।


# पहलगाम पर सख्त हुआ भारत तो हिंदुओं को इस्तेमाल करने लगा पाकिस्तान, सड़कों पर उतारा



पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों की ओर से भीषण हमला किए जाने के बाद से ही भारत सख्त है। भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। इसके अलावा सभी पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है और राजनयिकों को भी बड़ी संख्या में वापस भेजा गया है। ऐसे में बौखलाए पाकिस्तान ने अब अपने मुल्क में 3 फीसदी से भी कम बचे हिंदुओं का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांच के क्वेटा में हिंदू समुदाय के लोगों से भारत के खिलाफ प्रदर्शन करवाया है। यह प्रदर्शन बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के लोगों ने किया है, जिसका नेतृत्व संजय कुमार ने किया। वह बलूचिस्तान की विधानसभा में सदस्य हैं। हिंदू समुदाय के लोगों के हाथों में भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लिखे नारों वाली तख्तियां देकर प्रदर्शन करवाया गया है।

हिंदू समाज के लोगों का यह मार्च कई रास्तों से होते हुए क्वेटा प्रेस क्लब पहुंचा। यही नहीं हिंदू समुदाय के लोगों से यह बयान भी दिलाने की कोशिश की है कि पहलगाम आतंकी हमले में भारत का हाथ नहीं है। पाकिस्तान की करीब 25 करोड़ की आबादी में अब हिंदू महज एक करोड़ ही बचे हैं। यही नहीं इनकी मुख्य आबादी सिंध और बलूचिस्तान प्रांत में ही है और ये गरीबी में जीवन गुजार रहे हैं। सरकारी नौकरियों और संवैधानिक पदों में हिंदुओं की संख्या ना के बराबर है। यही नहीं पाकिस्तानी सेना और सरकार में भी हिंदुओं का आमतौर पर कोई दखल नहीं है।

## वर्ग पहेली 6900



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, अलग तरह का
६. किसी वस्तु के मिलने पर फिर से खाने, करने, भोगने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी वस्तु-व्यक्ति, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना १६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह(उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6899

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | ख | २ र | ना | | | ३ रू | का | ४ व | ट |
| म्न | | ह | | ५ उ | त्कृ | ष्ट | | र | |
| ६ त | मी | ज | | द्धा | | ७ ज | म | द | ग्नि |
| म | | ८ न | ९ ग | र | ज | न | | ल | |
| | १० स्व | | दी | | | | ११ शु | | १२ ख |
| १३ न | र | वे | ध | | १४ क | | १५ भ | द्र | ता |
| | च | | १६ र | स | नी | य | | | वा |
| १७ अ | ना | थ | | | नि | | १८ अ | १९ पा | र |
| ग्र | | | २० स | र | का | २१ र | | ग | |
| २२ जा | न | व | र | | | २३ ब | हु | ल | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंता** *पहलगाम हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बढ़ती चहचल से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी*

# जंग की आहट के बीच जीवनयापन करने को समीमावासी मजबूर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** पहलगाम हमले के उपरांत पाक सेना द्वारा एलओसी के बाद अब इंटरनेशनल बार्डर पर भी मोर्चे खोलते हुए सीजफायर उल्लंघन का जो दायरा बढ़ाया है वह सीमावासियों में डर इसलिए पैदा कर रहा है क्योंकि यह उन्हें युद्ध की आहट लग रही है।

सीमा पर रहने वालों के लिए वैसे यह कोई पहला मौका नहीं होगा जब उन्हें जंग की आहट के बीच जीवनयापन करना पड़ रहा है। करगिल युद्ध के बाद संसद पर हुए हमले और पुलवामा हमले के उपरांत भी वे युद्ध की स्थिति में बर्बाद हो चुके हैं पर कोई आर-पार का फैसला नहीं हो पाया था। यही कारण था कि अखनूर क्षेत्र के परगवाल सेक्टर में ग्रामीणों ने बीती देर रात कई राउंड गोलीबारी की आवाज सुनी तो उन्हें दहशत में इसलिए आ जाना पड़ा क्योंकि इस तरह का संघर्ष विराम उल्लंघन 7-8 साल बाद हो रहा है। हालांकि सीमावासी कहते थे कि हमें इन सबकी आदत है, लेकिन अभी हम हाई अलर्ट पर हैं। इस तरह से कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बसा हाजीनार गांव पिछले हफ्ते तक अपनी दिनचर्या से गुलजार रहने वाला एक ऐसा ही गांव है।



■ सीजफायर उल्लंघन का बढ़ा दायरा सीमावासियों में पैदा कर रहा डर

लेकिन 1500 से अधिक आबादी वाला यह सुदूर गांव अब खामोश हो गया है और युद्ध के साये में जी रहा है। दरअसल 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एलओसी पर गोलीबारी की पुनरावृत्ति ने फरवरी 2021 से भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम समझौते द्वारा लाई गई नाजुक शांति को बिगाड़ दिया है। गोलीबारी की इन घटनाओं से कई गांवों में भय और दहशत का माहौल पैदा हो गया है, जिससे लोग सहमे हुए हैं। जानकारी के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय टट्टू संचालक की हत्या कर दी थी, जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को कम कर दिया। इसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान को पानी देना बंद करना, अटारी-वाघा बार्डर को बंद करना और भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए कहना शामिल है।

इस बढ़े हुए तनाव ने हाजीनार गांव के जाफर हुसैन लोन जैसे लोगों को सबसे बुरी स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया है। गांव के लोगों का कहना था कि गांव में सामुदायिक तथा निजी बंकरों का पुनर्निर्माण कर दिया है तथा लोगों की बाहर आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व सरपंच लोन कहते थे कि हम पिछले चार सालों से शांति से रह रहे थे। बंकर बंद थे और धूल जमा हो गई थी।

# खेल जगत

## इगा स्वियाटेक मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में



**मैड्रिड।** पोलैंड की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने पहले सेट में हारने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका मैडिसन कीज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। स्वियाटेक ने बुधवार को खेले गये मुकाबले के पहले गेम 0-6 से हराने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 और 6-2 से जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद पोलैंड की स्वियाटेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे द्वारा खेले गए अब तक के सबसे अजीब मैचों में से एक था। स्विएटेक का अंतिम चार में मुकाबला अमेरिका की दिग्गज कोको गॉफ से होगा। गॉफ ने हमवतन मीरा एंड्रीवा को 7-5, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

# गुजरात टाइटंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद को हराने उतरेगी

- गुजरात को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए पांच में तीन मैच जीतने की जरूरत
- हैदराबाद को प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए बाकी पांचों मैच जीतना जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। शुभमन गिल की अगुआई में उनकी पिछले मैच में 84 रन की बेहतरीन पारी के बावजूद 200 के पार पहुंचने के बाद भारत की बल्लेबाजी की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी के मात्र 35 गेंदों पर 11 छक्कों और सात चौकों की बदौलत 101 रन की तूफानी पारी के चलते 9 मैचों में आठ विकेट से तीसरी हार के बावजूद कुल छह जीत की बदौलत गुजरात टाइटंस मौजूदा 2025 आईपीएल में 12 अंकों और अपनी 0.748 रन की मुंबई इंडियंस (0.889) के बाद दूसरी सबसे बढ़िया नेट रन रेट के चलते अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को अब शुक्रवार को अपने घर अहमदाबाद में भी हराने के इरादे से उतरेगी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के गेंद से चौके और कप्तान शुभमन गिल के अर्द्धशतक से गुजरात टाइटंस ने मौजूदा सीजन के पहले मैच में एसआरएच को सात विकेट से हराया था।

गुजरात टाइटंस यदि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद को हरा देती है तो उसे प्ले ऑफ में स्थान बनाने के लिए बस लखनऊ सुपर जायंटस और सीएसके के खिलाफ इसी मैदान अपने मैच जीतने होंगे। गुजरात टाइटंस ने अपने घर अहमदाबाद में मौजूदा सीजन में चार में से तीन मैच जीते हैं और मात्र एक मैच हारा है। गुजरात टाइटंस को अपने दो मैच अंक तालिका में फिलहाल अंतिम पूर्व यानी नौवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद और प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी पांच बार चैंपियन रह चुकी दसवें और अंतिम स्थान पर चल रही सीएसके खिलाफ खेलने हैं। गुजरात टाइटंस को अपने बाकी पांच में से घर से बाहर दो मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने हैं। फिसड्डी 9 मैचों के बाद मात्र तीन जीत और छह हार के साथ कुल छह अंक हासिल कर नौवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद को प्ले ऑफ में स्थान बनाना है तो उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार के मैच सहित अपने बाकी पांचों मैच जीतने होंगे जो कि किसी चमत्कार से कम नहीं होगा । 14 अंकों के साथ हैदराबाद चौथे स्थान पर रह चौथी और अंतिम टीम के रूप में प्ले ऑफ स्थान पाने की उम्मीद कर सकती है।

## हम कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे : शुभमन



राजस्थान रॉयल्स ने हमसे पावरप्ले में मैच छीन लिया। इसका श्रेय राजस्थान को दिया जाना चाहिए। हम कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे लेकिन बाहर बैठ कर यह कहना आसान है। हमें कुछ मौके मिले लेकिन हम उन्हें भुना नहीं पाए। मैं बल्लेबाजी करने के बाद पीठ में जकड़न के चलते बाहर बैठा। अब हमारा अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहमदाबाद में है जहां हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है। हमारे खिलाफ मैच में दिन राजस्थान रॉयल्स के नौजवान बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का था और उनकी हिटिंग गजब की रही और इसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया।

## सीएसके खिलाफ हमारे लड़के बढ़िया खेले : पैट



सीएसके खिलाफ हमारे लड़के बढ़िया खेले। हमारी गेंदबाजी भी एकदम दुरुस्त रही। हमारे लड़कों ने रक्षात्मक रुख अपना कर वाकई बढ़िया किया। हम बल्लेबाजी में हेनरिक क्लासेन को ऊपर भेजना चाहते थे और नीतिश को फिनिशर की भूमिका देना चाहते थे। लेकिन सीएसके के खिलाफ द रिकॉर्ड बहुत बढ़िया नहीं था और हमने उनके खिलाफ यह मैच जीत कर अच्छा किया। हम चाहते थे कि हम और आसानी से जीतते लेकिन कुछ मिलाकर जीत से खुश हूं।

# हमें बल्लेबाजों से थोड़ी और उम्मीद थी : महेन्द्र सिंह धोनी

**चेन्नई,** 1 मई (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से पांच विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम का 190 का स्कोर 'औसत से थोड़ा कम' था। इसके अलावा उनकी टीम को कुछ कैच भी लेने चाहिए थे।

10 में से आठवां मैच हारने के बाद सीएसके आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। धोनी ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में पहली बार हमने बोर्ड पर इतने रन लगाए, लेकिन क्या यह औसत स्कोर था? मुझे लगता है कि यह थोड़ा कम था। हमें बल्लेबाजों से थोड़ी ज्यादा उम्मीद थी और हम थोड़ा और रन बना सकते थे। डेवाल्ड ब्रेविस और सैम करन की साझेदारी शानदार थी। मुझे लगता है हमें कुछ कैच लेने चाहिए थे क्योंकि इससे विकेट लेने में मदद मिलती है और आप विपक्षी टीम के मोमेंटम को धीमा कर सकते हैं। सीएसके एक समय 200 से अधिक का स्कोर बनाने की दिशा में बढ़ रही थी, जब करन और



■ 10 में से आठवां मैच हारने के बाद सीएसके आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

ब्रेविस के बीच हुई 50 गेंदों पर 78 रनों की साझेदारी ने मध्य ओवरों में रन रेट को 10 से ऊपर पहुंचा दिया। उस समय टीम का स्कोर 14 ओवर के बाद 126 रन पर 3 विकेट था।

हालांकि अगले ही ओवर की शुरुआत में ब्रेविस आउट हो गए और जब करन (88 रन, 47 गेंद) 18वें ओवर में आउट हुए, तो सीएसके शेष 14 गेंदों में केवल 18 रन ही बना सकी। सीएसके पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर में पूरी टीम 190 रन पर ऑल आउट हो गई, जब युजवेंद्र चहल ने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित कुल चार विकेट लिए। टीम 172/4 से 190 रन पर ही सिमट गई, और अंतिम 18 रन में छह विकेट गंवा दिए। धोनी ने कहा कि चहल को तीन विकेट देना और पूरी पारी न खेल पाना भी बड़ा फर्क डाल गया। उन्होंने कहा कि मत भूलिए कि यह हाई-स्कोरिंग गेम था लेकिन हम आखिरी चार गेंद नहीं खेल पाए और उसके पहले ओवरों में हमने चार बल्लेबाज खो दिए। ऐसे करीबी मैचों में सात-आठ गेंदें भी बहुत मायने रखती हैं। इस सीजन में सीएसके की कमजोर बल्लेबाजी एक पैटर्न जैसा रहा है। उनका रन रेट (8.23) टूर्नामेंट में सबसे खराब है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हारी

नई दिल्ली, 1 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी संघर्ष दिखाया, लेकिन 0-2 से हार गई।

कर्टनी शोनेल (9%) ने पहले क्वार्टर में मेजबान टीम के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की, जबकि ग्रेस स्टीवर्ट (52%) ने अंतिम चरण में दूसरा गोल करके परिणाम को सुनिश्चित किया। ऑस्ट्रेलिया ए के साथ दो मुकाबलों के बाद, यह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भारत की पहली भिड़ंत थी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की रक्षापंक्ति पर सवाल उठाए, शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन स्कोरलाइन अपरिवर्तित रही।

## आक्रामक बल्लेबाजी मानसिकता और हेजलवुड आरसीबी की सफलता के पीछे : इयोन मॉर्गन

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शीर्ष से लेकर मध्य क्रम तक अपनी आक्रामक बल्लेबाजी मानसिकता और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करके आईपीएल 2025 में सफलता के मापदंड छुए हैं। आरसीबी 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बहुत आगे है। यह भी मदद करता है कि एक अच्छी फॉर्म में चल रही आरसीबी शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो अंक हासिल करने की कोशिश कर सकती है, जो पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है।



मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत सी चीजें सही की हैं। इस साल उन्हें खेलते हुए देखना मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा, वह है फिल साल्ट (239 रन) का शीर्ष क्रम में खेलना और विराट कोहली (433 रन), जिस तरह से उन्होंने अपना काम किया है। मुझे पता है कि फिल चूक गए हैं और जैकब (बेथेल) पिछले कुछ मैचों (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ) में आए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में उन्होंने जो शुद्ध आक्रामकता दिखाई है, मुझे लगता है कि उसने उन्हें बल्ले से मध्य क्रम में उसी मानसिकता को जारी रखने की अनुमति दी है। जियोस्टार विशेषज्ञ मॉर्गन ने गुरुवार को एक वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस से कहा कि इसके अलावा, यह हमेशा रन बनाने की मात्रा पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है। मुझे लगा कि यहीं से उन्होंने घर से बाहर अच्छी गति बनाई और फिर चिन्नास्वामी में वापस जाकर अपनी पहली जीत हासिल की।

■ आरसीबी 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है

एशियाई अंडर-15, अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## भारत 15 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा

**अम्मान,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत ने नवगठित एशियाई मुक्केबाजी निकाय के तहत एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान कुल 15 स्वर्ण, 6 रजत और 22 कांस्य पदकों के साथ समाप्त किया, और समग्र पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने उज्बेकिस्तान के स्वर्ण पदकों की बराबरी की लेकिन कजाकिस्तान से सिर्फ एक पदक पीछे रहा, जो तालिका में शीर्ष पर था। अंतिम दिन अंडर-17 दल ने चार और स्वर्ण पदक जीते, जो सभी लड़कियों के वर्ग से थे, जिसने अम्मान में भारतीय टीम के लिए एक मजबूत अंत का समापन किया। खुशी चंद (46 किग्रा) ने मंगोलिया की अल्तानजुल अल्तांगदास को कड़ी टक्कर देते हुए 3:2 से हराया, जबकि अहाना शर्मा (50 किग्रा) और जन्नत (54 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की प्रतिद्वंद्वियों पर 5:0 से जीत दर्ज की। अंतिम स्वर्ण पदक अंशिका (80+ किग्रा) ने जीता, जिन्होंने जॉर्डन की जना अलालावनेह के खिलाफ पहले दौर में आरएससी के साथ अपना मुकाबला समाप्त किया और चैंपियनशिप में भारत का 15वां खिताब पक्का किया। अम्मान से बोलते हुए, बीएफआई की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने युवा मुक्केबाजों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि महाद्वीपीय मंच पर हमारे युवा मुक्केबाजों द्वारा किया गया ।

■ 15 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष तीन देशों में शामिल होना हम सभी के लिए एक पुरस्कृत क्षण

## सार संक्षेप

### बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम' का आयोजन

**मोतिहारी।** बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में पांच जगहों पर इसका आयोजन होगा। कार्यक्रम में 27 तरह के खेलों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए। 'खेलो इंडिया यूथ गेम कार्यक्रम' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे। मोतिहारी के खेल भवन में तलवारबाजी का प्रैक्टिस कर रहे सभी खिलाड़ी इस कार्यक्रम में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। लड़कियां भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी कर रही हैं। पूरे बिहार से करीब 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें पटना से 2, बेतिया से 1, नालंदा से 7 और मोतिहारी से सर्वाधिक 14 खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया कार्यक्रम में तलवारबाजी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महिला खिलाड़ी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम की मेजबानी कर रहा है। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खुद इसका उद्घाटन करेंगे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

### किशोर जेना ने नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना, जो किसी भारतीय द्वारा दूसरा सबसे लंबा थ्रो करने वाले खिलाड़ी हैं, 24 मई को बेंगलुरु में आयोजित होने वाली उद्घाटन नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) 2025 भाला फेंक चैंपियनशिप के लिए भारतीय प्रतिभागियों की सूची में शामिल हो गए हैं। आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा किया, एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता, भारत के 87 मीटर से अधिक भाला फेंकने वाले शीर्ष खिलाड़ियों में से एक किशोर जेना 'एनसीक्लासिक' के लिए तैयार हैं। जेना की प्रभावशाली उपलब्धियों में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पांच में स्थान बनाना शामिल है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की अगुआई में आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया भर के शीर्ष पुरुष और महिला भाला फेंकने वाले खिलाड़ी पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करेंगे।


FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT 1993.**

RC/581/2018 03-04-2025

**INDIAN BANK**
**Versus**
**M/S AMIT GRAMIN BHANDARAN**

To,
**(CD1) M/S AMIT GRAMIN BHANDARAN,** VILL- BUDHADOL, TEHSIL- CHITRANGI, TEHSIL- RAMPUR NAIKIN, SIDHI (M.P.)- 486661
**(CD2) UMESH SINGH,** VILL- BUDHADOL, TEHSIL- CHITRANGI, TEHSIL- RAMPUR NAIKIN, SIDHI (M.P.)- 486661
**(CD3) ANNAPURNA SINGH,** VILL- BUDHADOL, TEHSIL- CHITRANGI, TEHSIL- RAMPUR NAIKIN, SIDHI (M.P.)- 486661
**(CD4) DWIJESH SINGH,** VILL- BUDHADOL, TEHSIL- CHITRANGI, TEHSIL- RAMPUR NAIKIN, SIDHI (M.P.)- 486661

Whereas you the **M/S AMIT GRAMIN BHANDARAN** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **18/10/2018** in **OA/948/2017** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institutions(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 28775134.00 (Rupees Two Crore Eighty Seven Lakhs Seventy Five Thousands One Hundred Thirty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 12 % Simple Interest Yearly w.e.f. **27/10/2017** till realization and costs of **Rs. 180000 (Rupees One Lakh Eighty Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **19/05/2025** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**SPECIFICATION OF PROPERTY**

i) Diverted Commercial land bearing Khasra/Araji No.- 449 area measuring 0.07 hectare, Khasra/Araji No.- 452/1 area measuring 0.26 hectare, Khasra/Araji No.- 450 area measuring 0.67 hectare and Khasra/Araji No.- 452/2 area measuring 0.25 hectare, with total area measuring 10500 sq.mtrs., situated at Village- Budhadol, Tehsil- Chitrangi, District- Singrauli (M.P.); property in the name of Shri Umesh Kumar Singh S/o Late Shri Ramesh Kumar Singh.
ii) Residential House constructed over diverted land bearing Khasra/Araji No.- 13 area measuring 0.650 hectare, Khasra/Araji No.- 14 area measuring 0.140 hectare, Khasra/Araji No.- 42 area measuring 0.300 hectare, Khasra/Araji No.- 51 area measuring 0.010 hectare, Khasra/Araji No.- 52 area measuring 0.020 hectare and Khasra/Araji No.- 53 area measuring 0.070 hectare with total diverted area measuring 129710 sq.ft. constructed area 7455 sq.ft., situated at Village- Bharatpur, Tehsil- Rampur Naikin, District- Sidhi (M.P.); property jointly in the name of Shri Umesh Kumar Singh S/o Late Shri Ramesh Kumar Singh and Shri Dwijesh Kumar Singh S/o Late Shri Ramesh Kumar Singh.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 03/04/2025

Seal


**(MS PRITI DESAI), Recovery Officer II, Debts Recovery Tribunal, Govt. of India, Ministry of Finance Jabalpur (M.P. & C.G. States)**


## लॉर्ड्स आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी करेगा

**दुबई,** 1 मई (एजेंसियां)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में आयोजित किया जाएगा, इसकी घोषणा गुरुवार को प्रतिष्ठित लंदन स्थल पर एक लॉन्च कार्यक्रम से पहले की गई, जिसमें ब्रिटिश महिला खेल के कुछ शीर्ष नाम शामिल होंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि लॉर्ड्स, जो 2017 में इंग्लैंड और भारत के बीच आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के रोमांचक फाइनल का स्थल भी था, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए पुष्टि किए गए सात स्थलों में से एक है, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड, हेडिंग्ले, एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा और 33 मैच तथा 24 दिन बाद लॉर्ड्स में समाप्त होगा। इस टूर्नामेंट में वैश्विक महिला खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा तथा महिला क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। विस्तारित प्रतियोगिता में 12 टीमें इंग्लैंड और वेल्स में प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो वर्तमान में न्यूजीलैंड के पास है। टूर्नामेंट का कार्यक्रम, जिसमें टीमें नॉकआउट चरण से पहले दो समूहों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**चेन्नई,** 1 मई (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। पंजाब ने बुधवार को चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की थी। अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट की आचार संहिता के तहत आईपीएल 2025 में यह पीबीकेएस का पहला ओवर-रेट अपराध था। पीबीकेएस को 19वें ओवर की शुरुआत से पहले सर्कल के अंदर एक अतिरिक्त खिलाड़ी लाने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बुधवार को चेपॉक में सीजन का 49वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और



पंजाब किंग्स के बीच खेला गया था। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) को इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।

■ चहल ने सीएसके के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर 32 रन देकर 4 विकेट लिए

युजवेंद्र चहल ने सीएसके के सामने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 32 रन देकर 4 विकेट लिए। चहल ने आईपीएल 2025 की पहली हैट्रिक भी ली। बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही सीएसके को पंजाब ने चहल की शानदार गेंदबाजी के दम पर 190 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ, पीबीकेएस ने 10 मैचों में छठी जीत हासिल की और 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अंक तालिका में पंजाब ने 12 अंकों पर तीन टीमों को पीछे छोड़ दिया है।

## महिला त्रिकोणीय सीरीज में द. अफ्रीका का मुकाबला श्रीलंका से

**कोलंबो,** 1 मई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एनेरी डेरक्सन ने कहा कि उनकी टीम शुक्रवार को यहां आर. प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मैच में कई छोटे-छोटे मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। भारत के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के अपने पहले मैच में, दक्षिण अफ्रीका को सलामी बल्लेबाज तजमिन ब्रिट्स के शानदार तीसरे वनडे शतक के बावजूद 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा। उस मैच में, एनेरी ने भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को आउट किया था और फिर 20 गेंदों में 30 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी में तीन चौके



■ दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ 23 वनडे मैचों में से 15 जीते हैं

और एक छक्का लगाया था। मुझे लगा कि हम उस मैच के अधिकांश समय नियंत्रण में थे, और हम शायद छोटे-छोटे क्षणों में हार गए, जिससे मैच हमसे दूर चला गया। एकमात्र ऐसी चीज जिसे आप हमेशा नियंत्रित कर सकते हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.177 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.889 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |

## टेस्ला को एलन मस्क कहेंगे टाटा !

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपनी टेस्ला से एलन मस्क की छुट्टी होने वाली है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुर्सी ही इस समय खतरे में पड़ गई है। टेस्ला नए सीईओ की खोज कर रही है जिसे देखते हुए ये चर्चा तेज है कि एलन मस्क के लिए समय खतरा भरा हो सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में चर्चा से परिचित लोगों के हवाले से कहा गया है कि टेस्ला बोर्ड ने कंपनी के लिए उपयुक्त उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई कार्यकारी खोज फर्मों से संपर्क किया है।



# फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की लिमिट घटी

## पीएनबी सहित एचडीएफसी, इंडसंड बैंक ने बदले नियम

***नई दिल्ली।*** *अगर आप बार-बार एटीएम से पैसे निकालते हैं, तो अब आपको अतिरिक्त खर्च झेलना पड़ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशा-निर्देश 1 मई 2025 से लागू हो गए हैं, जिनके तहत फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की सीमा घटा दी गई है और अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर लगने वाले शुल्क को बढ़ा दिया गया है।*

मेट्रो और नॉन-मेट्रो में अलग-अलग फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट-मेट्रो शहरों में ग्राहक प्रति माह केवल 3 फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन कर पाएंगे। नॉन-मेट्रो क्षेत्रों में यह सीमा 5 ट्रांजैक्शन की होगी। यह सीमा फाइनेंशियल (जैसे नकद निकासी) और नॉन-फाइनेंशियल (जैसे बैलेंस चेक, मिनी स्टेटमेंट) दोनों ट्रांजैक्शन पर लागू होगी।

अब हर अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये चार्ज- यदि ग्राहक तय सीमा से अधिक बार एटीएम का इस्तेमाल करता है, तो उसे अब हर अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये + टैक्स देना होगा। पहले यह शुल्क 21 रुपये था।



प्रमुख बैंकों ने की घोषणा- एचडीएफसी, पंजाब नेशनल बैंक और इंडसंड बैंक ने एटीएम लेनदेन पर लगने वाले चार्ज में बदलाव की जानकारी दी है। ये बदलाव मई 2025 से लागू होंगे।

एचडीएफसी, 1 मई से फ्री लिमिट के बाद कैश ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये + टैक्स चार्ज लगेगा। एचडीएफसी, के अपने एटीएम पर नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन अभी भी फ्री हैं।

**पंजाब नेशनल बैंक-** 9 मई 2025 से लागू नियमों के अनुसार अन्य बैंकों के एटीएम पर फ्री लिमिट से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये शुल्क। गैर-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 11 रुपये + जीएसटी चार्ज।

**इंडसंड बैंक-** सभी सेविंग्स, सैलरी, करंट और एनआरआई अकाउंट होल्डर्स के लिए गैर-इंडसंड एटीएम पर फ्री लिमिट के बाद हर कैश ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये चार्ज।

## अप्रैल में ऑटो कंपनियों की रफ्तार तेज!

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों की बिक्री के आंकड़े सामने आए हैं, जो कंपनियों के प्रदर्शन में मिले-जुले रुझान दिखाते हैं। जहां टीवीएस मोटर, किआ इंडिया, टोयोटा और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अप्रैल में बिक्री में शानदार बढ़ोतरी दर्ज की, वहीं टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया को गिरावट का सामना करना पड़ा। टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल 2025 में कुल बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 4,43,896 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने 3,83,615 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 4,30,330 इकाई रही, जबकि घरेलू दोपहिया बिक्री 7 प्रतिशत बढ़कर 3,23,647 इकाई हुई। कंपनी का निर्यात 45 प्रतिशत बढ़कर 1,16,880 इकाई पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स की अप्रैल में कुल बिक्री 6.1 प्रतिशत घटकर 72,753 इकाई रह गई। घरेलू बिक्री 7 प्रतिशत गिरकर 70,963 इकाई रही। यात्री वाहनों की बिक्री 5 प्रतिशत घटकर 45,532 इकाई और इलेक्ट्रिक वाहनों समेत घरेलू पीवी बिक्री 6 प्रतिशत गिरकर 45,199 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 8 प्रतिशत घटकर 27,221 इकाई हो गई।

# ‘एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक’ योजना लागू



## 11 राज्यों के 26 बैंक हुए विलय

***नई दिल्ली।*** *अगर आपका बैंक खाता किसी ग्रामीण बैंक में है, तो यह खबर आपके लिए अहम है। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि 1 मई से देश में ‘एक राज्य, एक आरआरबी’ (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) नीति लागू कर दी गई है।*

इसके तहत 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय करके अब केवल 28 आरआरबी पूरे भारत में काम करेंगे। यह कदम आरआरबी की संख्या को 43 से घटाकर 28 करने की दिशा में उठाया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था को अधिक मजबूत और कुशल बनाना है। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि अब देश के 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से ये 28 बैंक सेवाएं प्रदान करेंगे। मंत्रालय के अनुसार, इस एकीकरण से आरआरबी की वित्तीय व्यवहार्यता, पूंजी आधार और ऋ ण वितरण क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

विलय के बाद गठित बैंकों की अधिकृत पूंजी 2,000 करोड़ रुपए तय की गई है, जिससे संबंधित राज्यों की जरूरतों के अनुसार ऋण वितरण और बैंकिंग सेवाओं में विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### किन राज्यों में होगा असर?

इस योजना का प्रभाव 11 राज्यों पर पड़ेगा- उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर। इन राज्यों में कार्यरत सभी ग्रामीण बैंकों को मिलाकर प्रत्येक राज्य में एक एकल बैंक बनाया जा रहा है।

# 60 डॉलर से नीचे आया क्रूड ऑयल पर पेट्रोल-डीजल के दाम जस के तस

***नई दिल्ली।*** *क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अप्रैल में कच्चा तेल 16 प्रतिशत टूटकर करीब 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंच गया, जो बीते चार वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह गिरावट 2021 के बाद सबसे बड़ी मासिक गिरावट मानी जा रही है।*

**गिरावट के बड़े कारण-** दुनिया के प्रमुख तेल उत्पादक समूह ओपेक + ने संकेत दिए हैं कि वे अब उत्पादन कटौती के बजाय बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आपूर्ति बढ़ा सकते हैं। सऊदी अरब जैसे बड़े निर्यातक देशों ने भी अब बाजार सपोर्ट करने के लिए कटौती जारी रखने का समर्थन नहीं किया है। अमेरिका की जीडीपी पहली तिमाही में उम्मीद से अधिक सिकुड़ गई है और उपभोक्ता विश्वास भी 5 साल के निचले स्तर पर है। इससे वैश्विक मांग घटने की आशंका बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई से कम से कम आठ ओपेक+ देश उत्पादन बढ़ा सकते हैं। समूह की अगली बैठक 5 मई को है, जिसमें और भी देश इस रुख में शामिल हो सकते हैं।

**भारत को क्या फायदा-** भारत जैसे कच्चा तेल आयात करने वाले देशों के लिए यह राहत की खबर है। पेट्रोल-डीजल और ट्रांसपोर्ट की लागत घट सकती है, जिससे महंगाई पर काबू पाया जा सकता है।

**क्या आगे और गिरेगा तेल?** गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि यदि वैश्विक मांग में और कमजोरी आई, तो ब्रेंट क्रूड 40 डॉलर प्रति बैरल से नीचे भी जा सकता है। फिलहाल बाजार अनुमान लगा रहा है कि तेल की कीमतें अगले कुछ महीनों में 75 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रह सकती हैं।

# कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती, घरेलू एलपीजी की कीमतें स्थिर

***नई दिल्ली।*** *देश की तेल विपणन कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 14.50 की कटौती की है। इसके साथ ही, एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में भी कटौती की है। इससे एयरलाइंस को बड़ी राहत मिली है और आने वाले दिनों में हवाई सफर सस्ता हो सकता है। अप्रैल 2025 में भी कंपनियों ने 5,870.54 प्रति किलोलीटर की बड़ी कटौती की थी।*

एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में मई 2025 में अप्रैल के मुकाबले अच्छी खासी गिरावट देखने को मिली है। दिल्ली में अप्रैल में एविएशन टर्बाइन फ्यूल का रेट 89,441.18 प्रति किलोलीटर था, जो मई में घटकर



## एटीएफ में 4000 तक की गिरावट

85,486.80 हो गया है। यानी कुल 3,954.38 की कमी आई है। कोलकाता में यह दर अप्रैल में 91,921.00 थी, जो मई में 88,237.05 हो गई। यहां 3,683.95 की गिरावट दर्ज की गई है। मुंबई में भी अप्रैल के 83,575.42 के मुकाबले मई में दर 79,855.59 हो गई है, यानी 3,719.83 की राहत मिली है। चेन्नई में अप्रैल में ,ब्रेंट का दाम92,503.80 था, जो मई में घटकर 88,494.52 हो गया—यहां सबसे ज्यादा 4,009.28 की कटौती की गई है। अगर बात घरेलू एयरलाइंस की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लगने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल रेट की करें, तो ये कीमतें डॉलर में तय होती हैं। इसमें भी चेन्नई सबसे महंगा रहा, जहां कीमत 763.34 प्रति किलोलीटर रही। कोलकाता में यह दर 806.46 रही, जो चारों महानगरों में सबसे अधिक है। दिल्ली और मुंबई में एटीएफ की दरें क्रमशः 768.09 और 768.23 प्रति किलोलीटर दर्ज की गईं।


## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 49 |
| एक यूरो | 94. 93 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112. 65 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54· 07 |
| एक जापानी येन | 0· 59 |

### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96300 चांदी -97800

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96300 चांदी -97800

## दाल- चावल भाव

### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# जीएसटी संग्रह 12.6 फीसदी बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर पर

***नई दिल्ली।*** *जीएसटी संग्रह पिछले महीने बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए। जीएसटी कलेक्शन की स्पीड 12.6 प्रतिशत दर्ज की गई जो 17 महीनों में सबसे अधिक है। खबर के मुताबिक, अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ था। 1 जुलाई 2017 को अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद से यह दूसरा सबसे बड़ा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन है। मार्च 2025 में यही कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ था।*

**जीएसटी राजस्व भी तेज बढ़ा-** आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू ट्रांजैक्शन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ हो गया। आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ हो गया। अप्रैल में रिफंड



जारी करने की राशि 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ हो गई। रिफंड एडजस्ट करने के बाद अप्रैल में नेट जीएसटी कलेक्शन 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में जीएसटी संग्रह 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो साल-दर-साल 7.3 प्रतिशत की वृद्धि है। यह नवंबर में दर्ज 8.5 प्रतिशत की वृद्धि से कम था, जिसके चलते त्योहारी सीजन के बाद खपत में कमी थी। बजट में, सरकार ने जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया, जिसमें केंद्रीय जीएसटी और मुआवजा उपकर सहित 11.78 लाख करोड़ रुपये का संग्रह होने का अनुमान लगाया गया।

**जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नियम हुआ नोटिफाई-** सरकार ने कुछ दिनों पहले ही माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित कर दिया है जिसमें आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और मिलेजुले ढंग से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि अगर आवेदक दोपहर 12 बजे से पहले कोई बहुत आवश्यक मामला दायर करता है और अगर आवेदन सभी मामलों में पूर्ण है, तो उसे अगले कार्य दिवस को ही अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष लिस्टेड किया जाएगा।

## रेमेडियम लाइफकेयर ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की

***मुंबई।*** *रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*

राइट्स इश्यू 30 अप्रैल, 2025 को खुलेगा और 14 मई, 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके- आधारित फार्मा-स्युटिकल कंपनी के साथ 182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश, उच्च मूल्य वाली दवा मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने, शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस विकास पर बोलते हुए, रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आदर्श मुंजाल ने टिप्पणी की, यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# अब बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंस का सीबीएस सॉफ्टवेयर निभाएगा अग्रणी भूमिका

## भाषा, बुद्धिमत्ता और नवाचार के माध्यम से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने का लक्ष्य

***नई दिल्ली।*** *पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने एआई संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360° बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।*

भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं-

**1. भाषा समावेशिता-** भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुंच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है।


**2. ज्यादा सुरक्षा-** प्लेटफ़ॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।

**3. प्रक्रिया दक्षता-** इस बैंकिंग सिस्टम को एंड-टू-एंड बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन किया गया है, सिस्टम में एपीआई बैंकिंग, एमआईएस, एचआरएमएस, ईआरपी मॉड्यूल,, रूल टूल और निर्बाध संचालन और अनुपालन के लिए वर्कफ़्लो ऑटोमेशन सहित मजबूत क्षमताएं हैं।

**4. विनियामक अनुपालन-** आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के साथ पूरी तरह से संरेखित, यह समाधान वित्तीय संस्थानों में द्विभाषी सॉफ्टवेयर के लिए सरकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। पतंजलि समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने तकनीकी समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कई भाषाओं वाला देश है, फिर भी हमारा बैंकिंग बुनियादी ढांचा मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होता है जिससे बहुसंख्यक अलग-थलग पड़ जाते हैं। भरुवा सॉल्यूशंस एक परिवर्तनकारी उत्पाद लॉन्च कर रहा है जो तकनीकी रूप से बेहतर, कार्यात्मक रूप से व्यापक और भाषाई रूप से समावेशी है, जो आधिकारिक भाषा अधिनियम 1963 के साथ संरेखित है। एआई और मशीन लर्निंग के इस युग में, यह समय है कि हमारे ग्रामीण, अर्ध-शहरी, सहकारी और छोटे वित्त संस्थानों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के समान तकनीक तक पहुँच मिले। यह पहल भारत को हर मायने में सशक्त बनाने की ओर ठोस कदम है।

इस विजन को साकार करने के लिए, भरुवा सॉल्यूशंस ने नेचुरल सपोर्ट कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है जो द्विभाषी बैंकिंग क्षेत्र में एक अनुभवी कंपनी है, जिसने 1999 से एएलएम, एलओएस, एमआईएस आदि जैसे सराउंड उत्पादों के लिए 5,000 से अधिक बैंक शाखाओं को स्वचालित करने की दक्षता हासिल की है। भरुवा और नेचुरल सपोर्ट कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का लक्ष्य एक व्यापक बैंक इन ए बॉक्स समाधान प्रदान करना है जो एक ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म के साथ फ्रंटएंड उत्कृष्टता को एक शक्तिशाली बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जोड़ता है।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
### टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

### 100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
### डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

### प्लॉट उपलब्ध हैं
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर पहुंचे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार की शाम जबलपुर पहुंचे। डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री श्री यादव का स्वागत किया गया। कुछ देर रुकने के बाद मुख्यमंत्री का काफिला जबलपुर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये रवाना हुआ। मुख्यमंत्री श्री यादव जबलपुर में कलेक्टर कार्यालय के नवीनीकृत अभिलेखागार का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू विधायकगणों में सुशील तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, अभिलाश पाण्डे, विधायक लखन घनघोरिया, के अलावा अन्य विशिष्टजन शामिल हुए। इस मौके पर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ड्रोन से होगी निगरानी

**शहडोल, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित एम पी के वन्य जीव बाहुल्य जंगलों में वन्य जीव ड्रोन कैमरे की नजर में होंगे,जिसके लिए बी टी आर द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कर ड्रोन कैमरे के माध्यम से वन्य जीवों की दिनचर्या पर नजर रखने का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है।

जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ईको सेन्टर ताला में मंगलवार को डायलॉग आईटीईएस भोपाल से आए एयर कोमोडोर राजीव मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग हेतु थर्मल इमेजिंग ड्रोन को संचालित करने की ट्रेनिंग दी गई। थर्मल ड्रोन से रेस्क्यू कार्य, वन्यजीव- मॉनिटरिंग, सेंसटिव एरिया की लाइव मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किया जा सकेगा।प्रशिक्षण में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व टीम के अलावा प्रदेश के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व,संजय टाइगर रिजर्व,दक्षिण शहडोल,उत्तर शहडोल,रीवा एवं मंदसौर वन मंडल से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।


# हिन्दी मीडियम से चार दिन भी नहीं हो पाई इंजीनियरिंग की पढ़ाई

## किताबों का टोटा, अंग्रेजी में पढ़ने विवश छात्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधकचरा तैयारियों के बीच राजनीतिक रोटियां सेंकने के नाम पर जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के हजारों होनहार विद्यार्थियों का भविष्य अधर में डाल दिया।

हिन्दी माध्यम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की स्थिति अब घर के रहे न घाट के जैसी हो गई हैं और इस स्थिति में हिन्दी माध्यम से इंजीनियरिंग और डॉक्टरी की पढ़ाई का दंभ भरने के वाले गाल बजाऊ नेता अब शुतुरमुर्ग की तरह गर्दन रेत में छिपा कर बैठ गए हैं।

**नहीं मिल रही पाठ्य सामग्री-** प्रदेश में हिंदी मीडियम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई लगभग पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार किताबों की कमी के चलते हिंदी मीडियम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी अंग्रेजी किताबों से पढ़ाई करनी पढ़ रही हैं। गाल बजाऊ नेताओं की अति उत्साह में



की गई घोषणा के दो साल बाद भी हिंदी माध्यम के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए किताबों का अनुवाद पूरा नहीं हो पाया है। न तो छात्रों को समय पर पाठ्य सामग्री मिल रही हैं और न हीं उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक पूरी तरह हिंदी में पढ़ा पा रहे हैं। परीक्षा की तैयारी में आ रही कठिनाई के साथ परीक्षार्थियों को यह भी भय सता रहा हैं कि आखिर वे परीक्षा किस माध्यम में देंगे।

### सुलभ करने की मंशा में दुर्लभ हुई पढ़ाई

बताते हैं तकनीकी शिक्षा को मातृभाषा में सुलभ कराने की मंशा से राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। विद्यार्थियों का आरोप हैं कि सुलभ करने के चक्कर में इंजीनियरिंग की शिक्षा अब और भी दुर्लभ हो गई हैं। समय पर न तो पाठ्य सामग्री मिल पाती हैं न ही परीक्षा की सही तैयारी हो पा रही हैं। विषयों की गहराई से समझ पाना दूर की बात परीक्षा को पास करना भी टेढ़ी खीर हो गया हैं। इस काम को समय पर पूरा न कर पाने के कारण प्रदेश के हिंदी माध्यम के छात्रों को न सिर्फ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि उन्हें अपना भविष्य भी अंधकारमय नजर आ रहा हैं।

### कब आयेंगी अनुवादित पुस्तकें

बताया जा रहा हैं कि आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एज्युकेशन (एआईसीटीई) ने 2023 में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को इंजीनियरिंग और डिप्लोमा द्वितीय वर्ष के लिए 88 किताबों का अनुवाद करने का कार्य सौंपा था। इनमें से 42 इंजीनियरिंग की किताबें और 46 डिप्लोमा की किताबें शामिल थीं। हालांकि, इनमें से सिर्फ 60 किताबों का ही हिंदी में अनुवाद किया जा सका हैं। आरजीपीवी के अधिकारियों ने बताया कि, देशभर के करीब 176 शिक्षक और अनुवादक इन किताबों के हिंदी अनुवाद में लगे हुए हैं। आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रुड़की, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मुम्बई और आईआईटी मद्रास जैसे बड़े संस्थानों के प्रोफेसर और शिक्षक भी इस काम में शामिल हैं।

## जबलपुर के साथ ही दूसरे जिलों में मौसम बदला, तेज आंधी के साथ बारिश

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के जबलपुर सहित अन्य जिलों में अचानक मौसम ने करवट ली है। डिंडौरी व जबलपुर में गुरूवार को दोपहर के वक्त आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, सिवनी व बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मैहर के कई इलाकों में ओले गिरे भी हैं।



मौसम के जानकारों का कहना है कि 2 मई को भी आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही बारिश के आसार है। इसी तरह मंडला, छिंदवाड़ा, पन्ना, शहडोल, सतना, रीवा,मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, रतलाम, उज्जैन व राजगढ़ में भी हल्की गरज के साथ बारिश होने की संभावना बन रही है। इसके अलावा शाम 4 बजे के लगभग जबलपुर में भी मौसम ने अचानक करवट बदल ली, यहां पर आंधी के साथ साथ पानी गिरा। इससे पहले बैतूल के पिपरिया, गुरुवा गांव में आंधी से 100 फीट ऊंचा बीएसएनएल का टावर गिर गया।

हादसे में चार बैल मारे गए, जबकि दो घायल हो गए, वहीं इंदौर में शाम को तेज हवा चलने से पेड़ गिर गया. भोपाल में शाम 4 बजे के बाद बादल छाए रहे। नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, उज्जैन, इंदौर, शाजापुर, राजगढ़, भोपाल, हरदा, रतलाम, खंडवा, देवास, सीहोर, अनूपपुर, डिंडौरी व नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई। तेज आंधी भी चली, शाजापुर में सबसे ज्यादा 73 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली,। हरदा में इसकी रफ्तार 69 किमी, उज्जैन में 58 किमी, आगर-मालवा में 42 किमी, इंदौर में 65 किमी, नीमच-अनूपपुर में 45 किमी, सीहोर में 41 किमी, सिवनी में 36 किमी प्रतिघंटा रही। मैहर में तेज बारिश के साथ गिरे ओले-मैहर में तेज धूप के बीच दोपहर 2.45 बजे के लगभग मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज बारिश के साथ ओले गिरना शुरु हो गए।

### गुस्साए लोगों ने ट्रक में लगाई आग, दमकल वाहन पर किया पथराव

## बारातियों के स्वागत की तैयारी में जुटे दुल्हन के भाई को ट्रक ने कुचला



**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर स्थित कटंगी से सटे गांव गुबरा में देर रात सौरभ मेहरा नामक युवक को ट्रक ने उस वक्त कुचल दिया। जब वह बारातियों के स्वागत की तैयारियों में जुट रहा। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया. वहीं आग बुझाने पहुंचे दमकल वाहन पर भी पथराव कर दिया, जिसमें एक कर्मचारी को गंभीर चोटें आई. घटना की खबर मिलते ही शादी वाले घर में मातम छा गया।

बताया गया है कि ग्राम गुबरा जिला दमोह में सौरभ मेहरा उम्र 18 वर्ष बीती रात अपनी बहन की शादी की तैयारियों में जुट रहा। सौरभ बारातियों के स्वागत की तैयारी करने जा रहा था, इस दौरान तेज से आ रहे गेंहू से लदे ट्रक के चालक ने सौरभ को टक्कर मार दी। सौरभ उछलकर सामने की ओर गिरा, जिसे ट्रक चालक कुलचते हुए निकल गया. सौरभ को ट्रक के नीचे आते देख लोगों में चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते ग्रामीणजन एकत्र हो गए, जिन्होने ट्रक को आग के हवाले कर दिया।

इस दौरान कटंगी से आए दमकल वाहन पर भी पथराव कर दिया. जिससे एक दमकल कर्मी के सिर में गंभीर चोटें आई, जिसे उपचारक लिए जबलपुर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया. घटना के बाद लोगों ने इस रोड पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई थी। वहीं दूसरी ओर जैसे ही शादी वाले घर में सौरभ की दुर्घटना में मौत की खबर मिली तो चहल-पहल क ा माहौल में बदल गया. दुल्हन सहित परिजनों, रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

## जीप और बाईक की भिड़ंत, 2 बाईक सवार की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम लांघटोला के पटना में अनूपपुर तरफ से आ रही जीप व बाईक की आमने-सामने भिड़ंत से दो बाईक सवार युवको की मृत्यु हो गई।

राजेंद्रग्राम पुलिस के अनुसार बुधवार- गुरूवार की रात्रि अनूपपुर तरफ से आ रही



जीप क्रमांक एमपी 18 जेडई 6641और राजेंद्रग्राम तरफ से जा रही दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8695 की आमने-सामने भिड़त हो गई।

भिड़त इतना जोरदार था कि एक बाईक सवार की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, वहीं दूसरे ने राजेंद्रग्राम अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों में 31 वर्षीय सूर्यप्रकाश चौधरी निवासी ग्राम लाँघाटोला के हर्षशा मोहल्ला एवं 39 वर्षीय राजकुमार पनिका निवासी लाँघाटोला पटना के निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्रग्राम पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया।

राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी विरेंन्द्र वडकडे ने बताया कि जीप व दो पहिया वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत से दो पहिया वाहन में सवार दोनो युवको की मृत्यु हो गई हैं, मर्ग कायम कर जीप को थाना में खड़ा करा लिया हैं।गुरूवार को पोस्टमार्डम करा शव परिजनो को सौंपकर मामले की जांच की जा रहीं हैं।







## कॉलेज में 6 घंटे से पहले गायब हुए तो कट जाएगा वेतन

### शासकीय प्राध्यापकों के लिए आदेश जारी


**जबलपुर,देशबन्धु।** अब सरकारी कॉलेज में पढ़ाने वाले प्राध्यापकों को कॉलेज में 6 घंटा रुकना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने वाले प्राध्यापकों का वेतन काटा जाएगा। प्रदेश की सरकारी कॉलेज में पढ़ाने वाले उन प्रोफेसर/प्राध्यापकों के चेहरों की हवाईयां उड़ गई हैं जो सिर्फ हस्ताक्षर करके कॉलेजों से गायब हो जाया करते थे। अब कॉलेज में कुछ घंटे के लिए चेहरा दिखा कर जाने वाले स्टाफ पर उच्च विभाग ने सख्ती की है। अब सभी स्टाफ को कम से कम छह घंटा रुकना अनिवार्य होगा। इस आशय का विभागीय आदेश भी जारी हो गया है।

**6 घंटे रुकने पर ही ड्यूटी मानी जाएगी पूरी**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब कॉलेज में कम से कम 6 घंटा रुकना अनिवार्य होगा। कम से कम 6 घंटे रुकने पर ही पूरे दिन की ड्यूटी मानी जाएगी अन्यथा 6 घंटे से कम रुकने पर वेतन कटेगा। उच्च शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के साथ-साथ एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य स्टाफ के लिए निर्देश जारी किया गया है। बताया जा रहा हैं कि उच्च शिक्षा मंत्री इंद्रर सिंह परमार के निर्देश के बाद विभाग ने उपस्थिति को लेकर आदेश जारी किया है।

### प्राचार्यों को सौंपी जिम्मेदारी

आदेश में कहा गया अप्रैल माह का मई में होने वाले भुगतान की सैलरी शीट इसी आधार पर बनाई जाएगी। आदेश का पालन नहीं होने की स्थिति में संपूर्ण जवाबदारी सम्बंधित प्राचार्य/डीडीओ की रहेगी। आदेश में दो टूक कहा गया हैं कि प्राचार्य एवं डीडीओ निर्देश की कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।




सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 124
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मर्स् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 128
मुर्गा बड़ा - रु. 114
मुर्गा जम्बो - रु. 114
मो.-9039925000, 9425800409

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• ह्रदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान